राष्ट्रीय दैनिक

प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 विराट कोहली ने सचिन के शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी ...

बिहार में गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद कांग्रेस को नीतीश से ज्यादा ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 168 | पटना, सोमवार , 30 अक्टूबर, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां 30%

नहीं 50%

कह नहीं सकते 10%

बाजार

सोना 59,340

चांदी 55,350

सेंसेक्स 63,327

निफ्टी 18,816

संक्षिप्त खबरें

श्रीनगर में क्रिकेट खेल रहे पुलिस निरीक्षक को आतंकियों ने गोली मारी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को रविवार को श्रीनगर में आतंकवादियों ने गोली मार दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी। घायल अधिकारी को अस्पताल ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि डॉक्टर, वानी का इलाज कर रहे हैं और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। कश्मीर जोन की पुलिस ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, आतंकवादियों ने श्रीनगर के ईदगाह के पास पुलिस निरीक्षक मसरूर अहमद पर गोलीबारी कर उन्हें घायल कर दिया। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस अपराध में पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया । इलाके की घेराबंदी की गई है। पुलिस ने कहा कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

छत्तीसगढ़: बीएसएफ जवान ने खुद को गोली मारी, मौत

कांकेर। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक जवान ने अपने सर्विस हथियार से कथित तौर पर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजधानी रायपुर से लगभग 200 किलोमीटर दूर रावघाट पुलिस थाना क्षेत्र के सारंगीपाल गांव में शनिवार को बीएसएफ जवान बाल्मिकी सिन्हा ने खुद को गोली मार ली। अधिकारियों के मुताबिक, बीएसएफ की 162वीं बटालियन का आरक्षक सिन्हा शनिवार को अपने बैरक में था, तभी अचानक गोली की आवाज सुनकर उसके सहकर्मी वहां पहुंचे। उन्होंने सिन्हा को खून से लथपथ मृत पाया। करीब में ही सिन्हा की इंसास राइफल पड़ी थी। अधिकारियों के अनुसार, सिन्हा रायपुर जिले के मंदिर हसौद के रीवा गांव का निवासी था। उन्होंने बताया कि पुलिस को आशंका है कि जवान ने पारिवारिक कारणों से यह कदम उठाया है, क्योंकि हाल ही में उसकी पत्नी की मौत हुई थी, जिससे वह दुखी और परेशान रहता था। अधिकारियों के मुताबिक, जवान हाल ही में लगभग दो महीने की छुट्टी के बाद ड्यूटी पर लौटा था। उन्होंने बताया, ह्यमौके पर कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं किया गया है। मामले की जांच जारी है। नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में नक्सल विरोधी अभियान के लिए बड़ी संख्या में बीएसएफ के जवानों को तैनात किया गया है।

सड़क दुर्घटना में चार की मौत, 08 घायल

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जनपद के गढ़वार थाना क्षेत्र में रविवार सुबह अज्ञात वाहन की टक्कर से टेंपो सवार चार लोगों की मौत हो गई तो वहीं आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक शंकरन आनंद बताया कि जिले के जिले के गढ़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी पर रविवार की भोर बलिया से मऊ की तरफ जा रहे टैंपो की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई, जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई तो 8 लोग घायल हो गए। चार लोगों को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर कर दिया गया है, वही चार लोगों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। उन्होंने बताया कि यह सभी मऊ जनपद के रहने वाले हैं और बलिया किसी वैवाहिक कार्यक्रम में बावर्ची का काम करने (भोजन बनाने) के लिए आए थे और सभी आज सुबह टेंपो से मऊ जा रहे थे के तभी हादसा हो गया।

विश्व कप : भारत की लगातार छठी जीत, इंग्लैंड को 100 रनों से हराया, सेमीफाइनल में पहुंचना तय

प्रात: किरण

पटना। विश्व कप 2023 में टीम इंडिया की जीत का सफर जारी है। रोहित ब्रिगेड ने रविवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड को 100 रनों से हरा दिया। इस विश्व कप में टीम इंडिया की लगातार छठी जीत है। इसके साथ ही वो सेमीफाइनल का टिकट भी लगभग पक्का कर ली है। टीम इंडिया अजेय रही है. 6 मैचों में उसके 12 अंक हो गए हैं और वो अंक तालिका में टॉप पर पहुंच गई है। पहली बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर टीम इंडिया ने 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 229 रन बनाए। रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेली। उन्होंने 87 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव ने भी अच्छी पारी खेली। उन्होंने 49 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए डेविड विली सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 45 रन देकर तीन विकेट लिए। भारत के 229 रनों के जवाब में इंग्लैंड टीम 34.5 ओवर में 129 रन ही बना पाई। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की शुरूआत बेहद खराब रही थी। 40 रन तक टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। शुभमन गिल नौ रन बनाकर, विराट कोहली खाता खोले बिना और श्रेयस अय्यर चार रन बनाकर आउट हुए।

विश्व कप के इतिहास में पहली बार कोहली खाता नहीं खोल सके। वहीं, श्रेयस एक बार फिर शॉर्ट बॉल पर आउट हुए। इसके बाद रोहित ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 91 रन की साझेदारी निभाई। राहुल 58 गेंद में तीन चौके की मदद से 39 रन बनाकर आउट हुए। इस बीच

रोहित ने वनडे करियर का 54वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 66 गेंद में पचास रन बनाए। इसके बाद रोहित ने सूर्यकुमार के साथ पांचवें विकेट के लिए 33 रन की साझेदारी निभाई। शतक से 13 रन दूर रोहित आदिल रशीद की गेंद पर लिविंगस्टोन को कैच थमा बैठे। उन्होंने 101 गेंद पर 87 रन की अपनी पारी में 10 चौके और तीन छक्के लगाए। रवींद्र जडेजा आठ रन बनाकर आउट हुए। आखिर में सूर्या ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए और भारत का स्कोर 200 के पार पहुंचाया। वह 47 गेंद पर चार चौके और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाकर आउट हुए। शमी एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, जसप्रीत बुमराह और कुलदीप यादव ने नौवें विकेट के लिए 21 रन की साझेदारी निभाई। बुमराह आखिरी गेंद पर रन आउट हुए। वह 25 गेंद में 16 रन बना सके। कुलदीप नौ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड की ओर से विली ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, क्रिस वोक्स और आदिल रशीद को दो-दो विकेट मिले। मार्क वुड को एक विकेट मिला।

जसप्रीत बुमराह ने 35वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मार्क वुड को क्लीन बोल्ड करके इंग्लैंड की पारी को समेट दिया। वुड ने एक ही गेंद का सामना किया और वह खाता नहीं खोल पाए। डेविड विली दूसरे छोर पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। वुड के आउट होते ही टीम इंडिया ने मैच को अपने नाम कर लिया। उसने इंग्लैंड को 100 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत के अब छह मैच में 12 अंक हो गए हैं और वह सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब है। दूसरी ओर, इंग्लैंड को छह मैचों में पांचवीं हार मिली है और उसके सिर्फ दो अंक हैं। मोहम्मद शमी ने इंग्लैंड को नौवां झटका दिया। उन्होंने आदिल रशीद को क्लीन बोल्ड कर दिया। उन्होंने 20 गेंद पर 13 रन बनाए। इंग्लैंड को आठवां झटका कुलदीप यादव ने दिया। उन्होंने 30वें ओवर की दूसरी गेंद पर लियाम लिविंगस्टोन को एलबीडब्ल्यू कर दिया। लिविंगस्टोन ने 46 गेंद पर 27 रन बनाए। बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा ने भारत को सातवीं सफलता दिलाई। उन्होंने 29वें ओवर की पहली गेंद पर क्रिस वोक्स को पवेलियन भेज दिया। वोक्स 20 गेंद पर 10 रन बनाने के बाद स्टंप आउट हो गए।

भारत को छठी सफलता मोहम्मद शमी ने दिलाई। उन्होंने 24वें ओवर की पहली गेंद पर मोइन अली को आउट कर दिया। मोईन ने विकेटकीपर केएल राहुल को कैच थमा दिया। उन्होंने 31 गेंद पर 15 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टीम इंडिया को पांचवीं सफलता दिलाई। उन्होंने 16वें ओवर की पहली गेंद पर इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर को क्लीन बोल्ड कर दिया। बटलर 23 गेंद पर 10 रन बनाकर पवेलियन लौटे। मोहम्मद शमी ने जॉनी बेयरस्टो को आउट कर टीम को चौथी सफलता दिलाई। इंग्लैंड के ओपनर ने 23 गेंद पर 14 रन बनाए थे।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों को संबोधित करते हुए बोलें पीएम

देश अब खेलों में भी लहरा रहा है परचम: मोदी

प्रात: किरण

नई दिल्ली/एजेंसी।। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को खेलों में भारतीय दल के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि हाल के दिनों में विभिन्न स्पधाओं में रिकॉर्ड प्रदर्शन कर भारतीय टीम ने इतिहास रचा है। आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की ताजा कड़ी में देशवासियों को संबोधित करते हुए मोदी ने एशियाई खेलों और एशियाई पैरा खेलों के साथ ही विशेष ओलंपिक विश्व खेलों का जिक्र किया और भारतीय दल के प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए कहा कि विजेता खिलाड़ियों ने बहुत ही साधारण परिवार से आने के बावजूद अपनी गरीबी को कभी अपनी सफलता के सामने दीवार नहीं बनने दिया। उन्होंने कहा, इस समय देश का खेलों में भी परचम लहरा रहा है। पिछले दिनों एशियाई खेलों के बाद पैरा एशियाई खेलों में भी भारतीय खिलाड़ियों ने जबरदस्त कामयाबी हासिल की है। इन खेलों में भारत ने 111 पदक जीतकर एक नया इतिहास रच दिया

है। मैं पैरा एशियाई खेलों में हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड समर गेम्स में भारतीय दल के प्रदर्शन का उल्लेख करते करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता बौद्धिक दिव्यांगता वाले खिलाड़ियों की अद्भुत क्षमता को सामने लाती है। इस प्रतियोगिता में भारतीय दल ने 75 स्वर्ण पदक सहित 200 पदक जीते थे। इसका आयोजन बर्लिन में हुआ था। मोदी ने कहा, रोलर स्केटिंग हो या बिच वॉलीबॉल या फुटबॉल, भारतीय खिलाड़ियों ने पदकों की झड़ी लगा दी। इन पदक विजेताओं की जीवन यात्रा बहुत प्रेरक रही है। उन्होंने हरियाणा के रणवीर सैनी, पुडुचेरी के 16 साल के टी-विशाल, गोवा की सिया सरोदे, छत्तीसगढ़ के दुर्ग के रहने वाले अनुराग प्रसाद, झारखंड के इंदु प्रकाश के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए कहा कि बहुत ही साधारण परिवार से आने के बावजूद, इन खिलाड़ियों ने गरीबी को कभी अपनी सफलता के सामने दीवार नहीं बनने दिया। मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि इन खेलों में भारतीय खिलाड़ियों की सफलता अन्य बच्चों और परिवारों को भी प्रेरित करेगी। मेरी आप सबसे भी प्रार्थना है आपके गांव में, अगल-बगल ऐसे बच्चे, जिन्होंने इस खेलकूद में हिस्सा लिया है या विजयी हुए हैं, आप सपरिवार उनके यहां जाइए। उनको बधाई दीजिए। और कुछ पल उन बच्चों के साथ बिताइए। आपको एक नया ही अनुभव होगा। उन्होंने कहा, परमात्मा ने उनके अंदर एक ऐसी शक्ति भरी है कि आपको भी उसके दर्शन का मौका मिलेगा। जरूर जाइएगा। भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने शनिवार को इतिहास रचकर हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में अपने अभियान का अंत 111 पदक जीतकर किया जो किसी भी बड़े अंतरराष्ट्रीय बहु खेल टूनार्मेंट में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इन भारतीय पैरा खिलाड़ियों ने 29 स्वर्ण, 31 रजत और 51 कांस्य जीते। इससे पहले 23 सितंबर से आठ अक्टूबर तक हुए हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदक जीते थे। भारत पदक तालिका में पांचवें स्थान पर रहा। चीन ने 521 पदक (214 स्वर्ण, 167 रजत और 140 कांस्य) जीते, जबकि ईरान ने 44 स्वर्ण, 46 रजत और 41 कांस्य अपने नाम किए। जापान तीसरे और कोरिया चौथे स्थान पर रहा। पहले पैरा एशियाई खेल 2010 में ग्वांग्झू में हुए थे जिसमें भारत 14 पदक जीतकर 15वें स्थान पर रहा था। इसके बाद 2014 में भारत 15वें और 2018 में नौवें स्थान पर रहा। भारत ने 2010 दिल्ली राष्ट्रमंडल खेलों में पहली बार 100 से अधिक (101) पदक जीते थे।

पश्चिम एशिया की स्थिति को लेकर प्रधानमंत्री ने की मिस्र के राष्ट्रपति से चर्चा

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कल रात मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी से टेलीफोन पर चर्चा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की मौजूदा स्थिति और क्षेत्र एवं दुनिया पर इसके प्रभाव पर चर्चा की तथा आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि पर अपनी साझा चिंता व्यक्त की। दोनों नेता शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली और मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता पर सहमत हुए। प्रधानमंत्री ने इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की दीर्घकालिक और सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया तथा फिलिस्तीन के लोगों के लिए भारत की विकास साझेदारी और मानवीय सहायता पर प्रकाश डाला। बाद में श्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, कल, राष्ट्रपति अल सिसी से बात की। पश्चिम एशिया में बिगड़ती सुरक्षा और मानवीय स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया। हम आतंकवाद, हिंसा और नागरिक जीवन की हानि के संबंध में चिंताओं को साझा करते हैं। हम शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली और मानवीय सहायता को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर सहमत हैं।

कार और ट्रक की भिड़ंत में एक ही परिवार के सात की मौत, दो घायल

जयपुर/एजेंसी। राजस्थान के हनुमानगढ़ जिले में मोगा राजमार्ग पर एक कार और ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गये। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना शनिवार देर रात हनुमानगढ़ शहर थाना क्षेत्र की है। थाना प्रभारी वेदपाल ने बताया कि मेगा राजमार्ग पर नोरंगदेसर के पास कार और ट्रक की आमने-सामने से भिड़ंत में कार सवार परमजीत कौर (60), खुशविन्द्र सिंह (25) उनकी पत्नी परमजीत कौर (22), बेटा मनजोत सिंह (पांच), रामपाल (36) उनकी पत्नी रीना (35), पुत्री रीत (12) की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि हादसे में गंभीर रूप से घायल रामपाल के बेटे आकाशदीप सिंह (14) और खुशविन्द्र सिंह की बेटी मनराज कौर (दो) को बीकानेर के पीबीएम अस्पताल में रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि कार में सवार एक ही परिवार के नौ लोग एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद वापस घर लौट रहे थे। शवों को पोस्टमार्टम के लिए हनुमानगढ़ के जिला अस्पताल भेज दिया गया है।

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के विकास के लिए समेकित प्रयास की जरूरत : धनखड़

नयी दिल्ली/एजेंसी। उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के पूर्ण विकास के लिए समेकित प्रयास का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह शिक्षा ही नहीं बल्कि एक पर्यावरण, एक पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करे जो ऐसी चुनौतियों का सामना कर रहे लोगों के विकास को सकारात्मक रूप से बढ़ावा दे। ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के लिए विद्यालय का उद्घाटन करने के अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा, जब आप जानते हैं कि अंततः यह ठीक नहीं हो सकता तो आपकी कोशिश कहीं अधिक होनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि लोगों को महसूस करना चाहिए कि विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के परिवार क्या महसूस करना चाहते हैं। उन्होंने अभिभावकों की चिंता को रेखांकित करते हुए कहा, सबसे बड़ी चिंता रहती है कि मेरे जाने के बाद बच्चे का क्या होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महासचिव दत्तात्रेय होसबाले ने उम्मीद जताई कि इसी तरह की पहल लड़कियों के लिए भी की जाएगी क्योंकि रविवार को जिस स्कूल का उद्घाटन किया गया वह केवल लड़कों के लिए है।

श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 37 मछुआरे को किया गिरफ्तार, स्टालिन ने जयशंकर को लिखा पत्र

प्रात : किरण

चेन्नई। श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर मार्ग भटक कर उसके जल क्षेत्र में प्रवेश करने को लेकर तमिलनाडु के 37 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और मछली पकड़ने की उनकी पांच नौकाओं को भी जब्त कर लिया। मत्स्य पालन विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। श्रीलंकाई नौसेना ने शनिवार रात मछुआरों को एक अभियान में पकड़ा था। इस महीने, श्रीलंकाई नौसेना ने राज्य की 10 नौकाओं को जब्त किया और 64 मछुआरों को पकड़ा है। मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने इस मुद्दे को केंद्र के

समक्ष उठाते हुए विदेश मंत्री एस. जयशंकर से सभी मछुआरों, और उनकी मछली पकड़ने की नौकाओं को छुड़ाना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने 28 अक्टूबर को 37 मछुआरों की गिरफ्तार किये जाने के घटनाक्रम की ओर विदेश मंत्री का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा, जैसा कि आप जानते हैं हमारे मछुआरे आजीविका के लिए मछली पकड़ने पर निर्भर हैं और इनकी लगतार गिरफ्तारियों से मछुआरा समुदाय को भारी परेशानी और कष्ट हो रहा है। स्टालिन ने रविवार को जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि श्रीलंकाई नौसेना के ऐसे कृत्यों ने राज्य में मछुआरा समुदायों पर दबाव डाला है और उनके मन में दहशत पैदा कर दी है। पत्र की एक प्रति यहां मीडिया को भी उपलब्ध कराई गई। मुख्यमंत्री ने कहा, ह्वमैं बताना चाहता हूं कि तमिलनाडु के मछुआरों को लगता है कि उनकी आवाज कमजोर पड़ रही है। मुझे लगता है कि भारत सरकार को हमारे मछुआरों के अधिकारों के लिए मुखर होना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए बोलना चाहिए। मुख्यमंत्री ने पाक जलडमरुमध्य क्षेत्र में भारतीय मछुआरों के मछली पकड़ने के पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करने की मांग भी दोहराई। उन्होंने पत्र में कहा कि मछुआरों की गिरफ्तारी और नौकाओं की जब्ती को रोकने की लगातार मांग के बावजूद श्रीलंकाई नौसेना का भारतीय मछुआरों को पकड़ना जारी है। साथ ही, उन्होंने गिरफ्तारी को रोकने के लिए अविलंब ठोस राजनयिक पहल करने की भी अपील की।

प्रतिबंधों के बावजूद अधिकतर युवा कश लगाने संबंधी विज्ञापनों के प्रभाव में : अध्ययन

प्रात : किरण

नयी दिल्ली/एजेंसी। विज्ञापन संबंधी प्रतिबंध के बावजूद भारत, चीन, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में एक सर्वेक्षण में शामिल लोगों में से कम से कम 85 प्रतिशत ने कहा कि वे विशेष रूप से सोशल मीडिया और दुकानों तथा अन्य खुदरा विक्रेताओं के इर्द-गिर्द ई-सिगरेट के विज्ञापनों के प्रभाव में हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) सभी प्रकार के ई-सिगरेट विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश करता है।

भारत ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम 2019 लागू किया है, जो ई-सिगरेट और इसी तरह के उपकरणों के निर्माण, बिक्री और विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है। जॉर्ज इंस्टिट्यूट ऑफ ग्लोबल हेल्थ द्वारा किए गए सर्वेक्षण में 15-30 वर्ष की आयु के चार हजार लोगों ने भाग लिया।

शोधकताओं का तर्क है कि ई-सिगरेट के विज्ञापन के संपर्क में आने से खतरे और जोखिम के बारे में लोगों की धारणा बदल सकती है तथा उनकी रुचि और बढ़ सकती है, जिससे उनके उपयोग की प्रवृत्ति में वृद्धि हो सकती है। सर्वेक्षण में जनसांख्यिकीय विशेषताओं, ई-सिगरेट और तंबाकू के उपयोग, दोस्तों और परिवार के सदस्यों की संख्या जो कि धूम्रपान करते हैं, और ई-सिगरेट विज्ञापन के कई स्वरूपों के संपर्क का आकलन किया गया। इनमें टेलीविजन, प्रिंट, रेडियो और सोशल मीडिया जैसे विभिन्न तरीके शामिल थे।

प्रधानमंत्री मोदी 30-31 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर

नई दिल्ली/एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 30-31 अक्टूबर को गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे अंबाजी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। मेहसाणा में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अगले दिन केवडिया में स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में भाग लेंगे। यहां वे कई परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार प्रधानमंत्री मेहसाणा में रेल, सड़क, पेयजल और सिंचाई समेत कई क्षेत्रों में 5800 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री केवड़िया में राष्ट्रीय एकता दिवस परेड देखेंगे जिसमें बीएसएफ और विभिन्न राज्य पुलिस की मार्चिंग टुकड़ियां शामिल होंगी। विशेष आकर्षणों में सभी महिला सीआरपीएफ बाइकर्स द्वारा डेयरडेविल शो, बीएसएफ का महिला पाइप बैंड, गुजरात महिला पुलिस द्वारा कोरियोग्राफ किया गया कार्यक्रम, विशेष एनसीसी शो, स्कूल बैंड प्रदर्शन, भारतीय वायु सेना द्वारा फ्लाई पास्ट, जीवंत गांवों की आर्थिक व्यवहार्यता का प्रदर्शन शामिल हैं। प्रधानमंत्री आरंभ 5.0 के समापन पर 98वें कॉमन फाउंडेशन कोर्स के प्रशिक्षु अधिकारियों को संबोधित करेंगे।

सभी वर्गों की समुचित भागीदारी के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी : राहुल

प्रात : किरण

राजनांदगांव (छत्तीसगढ़)/एजेंसी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जाति जनगणना को लेकर मोदी सरकार को फिर घेरते हुए आज कहा कि सभी वर्गों की हर क्षेत्र में समुचित भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जातियों की आबादी जानना जरूरी हैं। श्री गांधी ने आज यहां एक बड़ी चुनावी सभा में छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य बीमा की राशि को पांच लाख से बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने तथा भूमिहीन श्रमिकों को प्रति वर्ष सात हजार से बढ़ाकर न्याय योजना के तहत 10 हजार रूपए रूपए देने का वादा करते हुए कहा कि देश में जाति की हम बात करते हैं लेकिन कोई नही जानता कि कौन सी जाति की कितनी आबादी है। हम अगर सभी की भागीदारी की बात करते हैं तो यह जानना पड़ेगा कि किसकी कितनी आबादी है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 24 घंटे घंटे ओबीसी ओबीसी की बात करते रहते हैं लेकिन जाति जनगणना पर कुछ नही बोलते। भाजपा के लोग कहते है कि इसकी क्या जरूरत है। वह फिर भाजपा के ओबीसी सांसदों की बात करने लगते है। उन्होने कहा कि सांसद, मंत्री सरकार नही चलाते बल्कि देश को 90 सिग्रेरेटी चलाते हैं जिसमें ओबीसी तीन, आदिवासी तीन हैं, क्या इनकी इतनी ही आबादी है। उन्होने कहा कि देश के बजट का महज पांच प्रतिशत ओबीसी, एक प्रतिशत दलित तथा 0.1 प्रतिशत आदिवासी सिग्रेरेटी निर्धारण करते है। इस असमानता को दूर करना जरूरी है।

सैन्य अभ्यास | भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट के नेतृत्व में 90 जवान करेंगे एक्सरसाइज

सैन्य अभ्यास काजिंद के लिए भारतीय सेनाएं कजाकिस्तान रवाना

इस सैन्य अभ्यास में दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 सैन्य कर्मी भी भाग लेंगे

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय सेना और वायु सेना की एक टुकड़ी कजाकिस्तान में 30 अक्टूबर से होने वाले सैन्य अभ्यास काज़िंद में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली से रविवार को रवाना हुई। इस दल में भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट के 90 जवान शामिल हैं। इस सैन्य अभ्यास में दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 सैन्य कर्मी भी भाग लेंगे। अभ्यास के दौरान दोनों पक्षों को युद्ध कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम पर अभ्यास करने और एक-दूसरे से सीखने का मौका मिलेगा। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 120 कर्मियों वाली टुकड़ी संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद के 7वें संस्करण में भाग लेने के लिए आज कजाकिस्तान के लिए रवाना हुई। यह अभ्यास 11 नवंबर तक होगा, जिसमें भारतीय सेना की डोगरा रेजिमेंट की एक बटालियन के नेतृत्व में 90 जवान शामिल होंगे। कजाकिस्तान दल का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कजाख ग्राउंड फोर्सेज के दक्षिण क्षेत्रीय कमान के जवान करेंगे। अभ्यास के इस संस्करण में सेना की टुकड़ियों के साथ दोनों पक्षों से वायु सेना के 30 कर्मी भी भाग लेंगे। भारत और कजाकिस्तान के बीच इस संयुक्त अभ्यास को वर्ष 2016 में प्रबल दोस्ती के रूप में शुरू किया गया था।

दूसरे संस्करण के बाद इस अभ्यास को कंपनी-स्तरीय अभ्यास में अपग्रेड करके इसका नाम बदलकर एक्सरसाइज काजिंद कर दिया गया। इसी वर्ष से अभ्यास में वायु सेना को भी शामिल किया गया। अभ्यास के मौजूदा संस्करण में दोनों सैन्य पक्ष आतंकवाद विरोधी अभियानों के संचालन

का अभ्यास करेंगे। अभ्यास में काउंटर मानव रहित हवाई प्रणाली संचालन भी शामिल है। यह अभ्यास दोनों सैन्य पक्षों को एक-दूसरे की रणनीति, युद्ध अभ्यास और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी हासिल करने का अवसर प्रदान करेगा, जो संयुक्त राष्ट्र कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कार्य संचालन के लिए जरूरी है। इस संयुक्त प्रशिक्षण से अर्ध-शहरी और शहरी परिस्थितियों में संयुक्त सैन्य अभियान के संचालन के लिए अपेक्षित कौशल और समन्वय को विकसित करेगा। दोनों सैन्य पक्षों को युद्ध कौशल के व्यापक स्पेक्ट्रम पर अभ्यास करने, एक-दूसरे से सीखने, विचारों का आदान-प्रदान करने और सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों को साझा करने का मौका देगा। इस अभ्यास से दोनों सेनाओं के बीच संबंध और अधिक मजबूत होंगे।

संक्षिप्त खबरें

दो किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

फतुहा। रविवार को स्थानीय पुलिस ने रायपुरा इमली चौक के पास से दो किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक केवला तल निवासी पंचानंद राय का पुत्र सतीश कुमार है। पुलिस ने यह कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। बताया जाता है कि युवक इस गांजे की पैकेट को एक बैग में रखकर घर की ओर जा रहा था। वह पैकेट किसी तस्कर से लिया था। बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब बीस हजार रुपए आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने बताया कि गिरफ्तार युवक से आवश्यक पूछताछ के बाद उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

मारपीट मामले में तीन आरोपी गया जेल

फतुहा। स्थानीय पुलिस ने बलवा गांव से तीन महीने पहले हुई मारपीट के मामले में धारा 307 के तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी बलवा गांव के भूषण सिंह, धुरी सिंह व जैलेद्र सिंह है। पुलिस के मुताबिक तीनों पर आपसी विवाद के तहत मारपीट करने तथा विरोधी पक्ष पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष जयशंकर कुमार ने दिया है।

पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में दो लोग गिरफ्तार

दानापुर। नगर के अंतर्गत पुलिस के साथ मारपीट करने के मामले में दानापुर पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि विगत 19 अक्टूबर को मछुआटोली में एक निजी क्लीनिक में डेंगू मरीज की मौत के बाद हंगामा की सूचना पर पहुंचे पुलिस के साथ हंगामा कर रहे लोगो ने मारपीट किया था। जिसमें सिपाही राकेश कुमार वं गृहरक्षक शैलेश घायल हो गया था। जिसमें मामला दर्ज किया गया था। घटना में सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पहचान कर बिस्कूट फैक्ट्री रोड निवासी गोलू कुमार व गौतम कुमार को गिरफ्तार किया गया। उससे पुछताछ के बाद इसमें शामिल व फूटेज में दिख रहे लोगो की पहचान कर आगे की कार्रवाई कर दोनो को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

संदिग्ध स्थिति में महिला कर्मी की मौत

मुजफ्फरपुर ।जिले के काँटी थाना क्षेत्र के मानिकपुर नरोत्तम पंचायत भवन में एक महिला कर्मी की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई हैं।, महिला कर्मी की लाश कमरे में पंखे से झूलती मिली, जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई। महिला की लाश मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया ।मृतका की पहचान सरैया थाना क्षेत्र के रामकृष्ण दुमियाही गाँव की रहने वाली कंचन कुमारी के रूप में हुई हैं।. बताया जा रहा हैं कि कंचन कुमारी दैनिक वेतनभोगी कर्मी थी, जो पंचायत भवन पर सोशल ऑडिट का काम कर रही थी। टीम के कई लोग भी वहां बीते 5 दिनों से रह रहें थे ।मृतका कंचन के सहकर्मी ने बताया कि सुबह जब उसे चाय के लिए पूछा गया तो उसने मना कर दिया और कमरे का दरवाजा बंद कर लिया, काफी देर बाद उसकी लाश कमरे में लटकती हुई मिली ।उन्होंने कहा कि कंचन बीते कई दिनों से थोड़ी परेशान दिख रही थी, हालंकि उसने कारण किसी को नहीं बताया था. लाश मिलने की सूचना जिला सामाजिक अंकेक्षण की टीम मौके और पहुंची, वहीं एफ एस एल की टीम भी मौके पर पहुंचकर जांच की ।फिलहाल महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया गया हैं। पूरे मामले को लेकर काँटी थानाध्यक्ष अरविन्द प्रसाद ने बताया कि मौत के कारणों की पड़ताल कर रहे हैं, सभी एंगल से जांच कर रहर हैं, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

शरद पुर्णिमा पर साहूपोखर पर हुई गंगा महाआरती

मुजफ्फरपुर ।साहूपोखर पूजा समिति की ओर से आश्विन व शरद पूर्णिमा के अवसर पर साहूपोखर पर गंगा महाआरती की गयी। पंडित राकेश तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मां गंगा, भगवान शिव और हनुमान जी की षोडशोपचार पूजा कराने के तदोपरांत भोग लगाकर धूप-दीप से आरती कराया इसके पूर्व विधि-विधान से पोखर सुद्धीकरण करने के उपरांत हनुमान चलिसा, बजरंगबाण बाण का सामूहिक पाठ हुआ इस दौरान जय श्री राम और हर हर महादेव के जयकारे भी लगे। पूजा समिति के मुख्य संरक्षक प्रभात कुमार ने कहा कि हर महिने साहूपोखर पर पुर्णिमा के अवसर पर मां गंगा की पूजा-अर्चना कर महाआरती की जाती है आज का पुर्णिमा अतिविशिष्ट है क्योकि आज आश्विन पुर्णिमा है जिसे हम विशेष तौर से शरद पुर्णिमा कहते है क्योकि आज से शरद ऋतु का आगमन होता है और देवता आसमान से अमृत बरसाते है इसलिये हम अपने छतो पर आज खीर बना कर रखते है और उसे प्रसाद रूप मे ग्रहण करते है साथ ही प्रभात कुमार ने बताया कि जल से ही हमारा जीवन इसलिए जल कैसे दूषित ना हो, कैसे संरक्षित हो इसका भी सभी लोगो ने संकल्प लिया।

गर्लफ्रेंड से मिलने निकला युवक लापता, मोबाइल बंद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

त्रिपोलिया के पास आगजनी कर किया सड़क जाम, हंगामा

गर्लफ्रेंड की मां का कॉल आने पर 22 अक्टूबर की रात 11 बजे घर से निकल स्कूटी से कुम्हरार गया था अभिषेक राज उर्फ बिट्टू। इसके बाद से उसका अबतक कोई पता नहीं है। इस संबंध में पिता मनोज कुमार ने काफी खोजबीन के बाद आलमगंज थाना में 24 अक्टूबर को मामला दर्ज कराया, मगर अब तक अभिषेक का कोई पता नहीं चलने पर लोगों का सब्र जवाब दे गया। यही कारण रहा की परिजन एवं अन्य ने मिलकर अशोक राजपथ को त्रिपोलिया के पास सड़क जाम कर दिया। बांस-बल्ला से घेरेबंदी कर सड़क पर टायर जलाया गया। बाद में आलमगंज थाना की पुलिस के पहुंचने और समझने के बाद जाम हटा दिया गया। रविवार को पूर्वाह्न करीब 11.30 में करीब दो सौ से अधिक की संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और बांस-बल्ला से घेर अशोक राज पथ पर वाहनों का परिचालन ठप कर दिया। लोगों को गुस्सा बात को लेकर था कि पुलिस लापता 21 साल के युवक अभिषेक को खोजने में विफल है। त्रिपोलिया के पथरी घाट के रहने वाले पिता मनोज कुमार ने बताया कि अभिषेक पुणे से बीसीए कर रहा है। वह 22 अक्टूबर की रात स्कूटी से घर से यह बता कर निकला कि वह कुम्हरार के ग्वाल टोली स्थित गर्लफ्रेंड से मिलने के लिए जा रहा है। गर्लफ्रेंड की मां ने कॉल कर उसे कुछ बात करने को बुलाया है। बेटे के जाने के आधा घंटा बाद उसी रात बेटे से बात करने पर वह बोला कि वह दस मिनट में घर से निकल कर आ रहा है। रात 11.55 मिनट पर अंतिम बार उसकी परिवार वालों से बात हुई थी। दूसरे दिन सुबह चार बजे उनकी नींद खुली, तो पता चला कि अभिषेक अभी तक घर नहीं आया है। जब उसके मोबाइल पर कॉल किया, तो स्विच ऑफ बता रहा था। फिर बेटे के गर्लफ्रेंड की मां से अभिषेक के बारे में पूछा, तब बताया गया कि वह यहां से पांच मिनट ही रुक कर चला गया था। पिता का कहना है कि बेटा स्कूटी सहित लापता है और मोबाइल भी स्विच ऑफ है। परिजनों ने इसकी सूचना आलमगंज थाना की पुलिस को दी, जिस पर 24 अक्टूबर को कांड 989/23 दर्ज किया गया है। जाम स्थल पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद दिन में करीब दो बजे लोगों को समझा-बुझा कर मामले को शांत कराया। पुलिस ने जल्द ही कार्रवाई करने का भरोसा दिया है। आलमगंज थाना की पुलिस कि कहना है कि पुलिस ने कुछ फुटेज जुटाए हैं। उस पर काम और छानबीन की जा रही है।

अमृत कलश लेकर दिल्ली गये भाजपा कार्यकर्ता

प्रात : किरण संवाददाता

फतुहा। मेरी माटी -मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकताओं के द्वारा फतुहा विधानसभा क्षेत्र में वीर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानी के घर से इकठ्ठा किए गये अमृत कलश में मिट्टी -चावल को फतुहा नगर भाजपा अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, भाजपा नेता दिलीप कुमार सिंह, राजेंद्र राणा पासवान, जल्ला मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, संपाचक मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह रविवार को अमृत कलश स्पेशल ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए। इसकी जानकारी फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी ने दिया और बताया कि दिल्ली में बनने वाले अमृत वाटिका में इकट्ठा किए गये मिट्टी -चावल का इस्तेमाल किया जायेगा। वहीं दिल्ली में 31 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेंगे।

स्ट्रोक से बचाव को शुरू का साढ़े चार घंटा गोल्डन समय : डॉ जेड आजाद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

स्ट्रोक यानी लकवा दुनिया में विकलांगता का प्रमुख और भारत में मौत का तीसरा प्रमुख कारण है। दुनिया में हर चार में से एक व्यक्ति अपने जीवन काल में स्ट्रोक का प्रभाव झेलते हैं। यह किसी को और किसी भी उम्र में हो सकता है। यदि किसी को स्ट्रोक आता है, तो उसके शुरूआती साढ़े चार घंटा के अंदर नजदीकी अस्पताल या स्ट्रोक केंद्र पहुंचाया जाए, तो जरूरी मस्तिष्क कोशिकाओं के अस्थायी रूप से क्षतिग्रस्त होने वाली मृत्यु या आजीवन विकलांगता से बचाया जा सकता है। यह बात मेडाज हॉस्पिटल के निदेशक व चीफ कंसल्टेंट न्यूरोलॉजिस्ट प्रोडॉ जेड आजाद ने रविवार को विश्व स्ट्रोक दिवस पर कहीं। इस दौरान अस्पताल परिसर से डॉक्टर व कर्मियों की मौजूदगी में अनेक स्ट्रोक जागरुकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। डॉ आजाद ने कहा कि स्ट्रोक के इलाज में हर मिनट महत्वपूर्ण है। आपकी तत्काल कार्रवाई पीड़ित की मस्तिष्क क्षति और दीर्घकालिक विकलांगता को रोकने में मदद कर सकती है। उन्होंने कहा कि फास्ट से पहचानें स्ट्रोक पीड़ित को। इसमें चेहरे का एक भाग झुकने लगे या उस पर नियंत्रण समाप्त हो जाए। बांह में कमजोरी महसूस हो, व्यक्ति हाथ उठाने में असमर्थ हो। बोलने में परेशानी या लड़खड़ाहट महसूस हो और तब यह सही समय है कि एंबुलेंस बुलाकर उनको बताने का कि यह स्ट्रोक है। स्ट्रोक का शिकार होने वाले हर चार में से एक व्यक्ति को पुनः स्ट्रोक की संभावना बनी रहती है। डॉ जेड आजाद ने बताया कि धूम्रपान से बचाव, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और हाई कोलेस्ट्रॉल पर नियंत्रण कर इसे रोका जा सकता है इंटरनल मेडिसिन व क्रिटिकल केयर यूनिट के प्रमुख डॉ अतिकुर रहमान ने कहा कि स्ट्रोक यदि हो गया, तो सही समय पर मरीज को अस्पताल पहुंचाना अहम है। यह स्ट्रोक युवाओं में 20 से 25 साल और बाकी 42 से 60 वर्ष के बीच होता है। रिहैबिलिटेशन विभाग के कंसल्टेंट डॉ राजीव कुमार मिश्रा ने स्ट्रोक के कारण, इसकी रोकथाम, लक्षण व तत्काल इलाज से संबंधित उपाय की जानकारी दी। चेहरे में टेढ़ापन, लड़खड़ाहट, हल्कापन आदि इसके लक्षण हैं।

दिल्ली के लिए निकली ट्रेन दानापुर स्टेशन पर बिना रूके आगे निकल गयी

प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर। नगर के अंतर्गत अमृत कलश के स्वागत को लेकर खड़े भाजपा कार्यकर्ता को निराशा हाथ लगी! अमृत कलश को लेकर दिल्ली के लिए निकली ट्रेन दानापुर स्टेशन पर बिना रूके आगे निकल गयी। ट्रेन निकलती देख पूर्व विधायक आशा सिन्हा ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार समेत कार्यकर्ताओ ने चलती ट्रेन पर ही पुष्प की बारिश कर दी। पूर्व विधायक आशा सिन्हा ग्रामीण जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार समेत पार्टी के कार्यकर्ता नेता तिरंगा लिये समर्थक अमृत कलश का स्वागत करने को लेकर दानापुर स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 3 पर पहुंच गये। सभी अमृत कलश लेकर जाने वाली ट्रेन के आने को इंतजार करते रहे। ट्रेन के आते देख तिरंगा दिखाते हुए नारेबाजी करने लगे पर ट्रेन को रूकने के बजाये आगे बढता देख लोग नारेबाजी करते वीर शहीद अमर रहे के नारे लगाते हुए चलती ट्रेन पर ही फूल माला फेकने लगे।

आतिशबाजी के अवैध भंडारण पर दुकान में छानबीन, प्राथमिकी दर्ज

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बनी रही अफरा-तफरी की स्थिति, चोरी-छिपे बिक्री

राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण परिषद ने पटना सहित गया, मुजफ्फरपुर एवं हाजीपुर के नगरीय क्षेत्र में आतिशबाजी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का पत्र जारी किया है। इस आलोक में अनुमंडल प्रशासन के द्वारा खाजेकलां थाना क्षेत्र के खाजेकलां में स्थित आतिशबाजी की दुकान में छानबीन शनिवार को की गई थी।

इस मामले में मजिस्ट्रेट के बयान पर खाजेकलां थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।पुलिस ने खाजेकलां सब्जी मंडी स्थित दुकानदार संजय बैठा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। इसमें अवैध ढंग से आतिशबाजी के भंडारण करने और भंडारण किए गए पटाखा को जब्त करने की बात कही गई है। दरअसल प्रशासन की ओर से पटाखा बेचने वाले गैर लाइसेंसी दुकानदारों के खिलाफ शनिवार को अभियान चलाया गया था। प्रशासन की ओर से निर्गत लाइसेंस के बगैर दुकान खोलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी है। इसी आलोक में यह कार्रवाई की गई है। हालांकि मजिस्ट्रेट पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी के रहने के साथ पटाखा बेचने वालों के दुकान और गोदाम के शटर व किवाड़ धड़ाधड़ बंद हो गए। स्थिति यह थी कि पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी को कोई भी यह बताने को तैयार नहीं था कि पटाखा कहां और कौन बेच रहा है।

अंततः एक दुकानदार के यहां छापेमारी की गई और बिना लाइसेंस के कारोबार किए जाने और अवैध रूप से पटाखा के भंडारण किए जाने को लेकर मामला दर्ज कराया गया। वहीं पुलिस प्रशासन के द्वारा शनिवार को चलाए गए अभियान के बाद अब पटाखा कारोबार से जुड़े दुकानदार चोरी-छुपे और सावधानी बरतते हुए बचे माल को किसी तरीके से निकलने की जुगाड़ में लगे हैं। कारण कि उन सबों को डर है कि कहीं मजिस्ट्रेट और पुलिस के वेश में ग्राहक बनकर आ गए, तो ख्वाहमखाह मुकदमा झेलना पड़ेगा और गिरफ्तार भी होना होगा। हालांकि पटाखा कारोबार से जुड़े लोगों के द्वारा बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों में पटाखा का कारोबार करने वालों को माल भेजा जा चुका था। दशहरा के नवमी और दो दिनों तक विसर्जन का दौर जारी रहने के कारण ट्रांसपोर्टरों ने माल लेना बंद किया हुआ था। अब जबकि ऐसे व्यापारियों के आर्डर का माल भेजा जाना है था कि पुलिस प्रशासन की कार्रवाई शुरू हो गई।

वहीं जनता का कहना है कि पुलिस प्रशासन को दीपावली के 10 दिन पूर्व ही आतिशबाजी बेचने वालों की याद आती है। बाकी पूरे साल उन सबों को पटाखा कारोबारी याद नहीं आते हैं। हालांकि पटाखा कारोबारी को अस्थाई लाइसेंस निर्गत हो भी जाता है, तो छठ के समापन होने तक पटाखा की बिक्री किए जाने की अनुमति नहीं दी जा सकेगी। इसके पीछे कारण यह है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश पर बिहार राज्य प्रदूषण परिषद ने पटना, गया, मुजफ्फरपुर एवं हाजीपुर के नगरीय क्षेत्र में दीपावली एवं छठ पर आतिशबाजी के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। उसमें कहा गया है की दिवाली पर सायंकाल में दीप जलाने एवं पटाखा फोड़ने की प्रथा है। आजकल इन पटाखों को रंगीन एवं आकर्षक बनाने के लिए विभिन्न प्रकार के रसायनों एवं भारी धातुओं का उपयोग किया जाता है। ऐसे पटाखे के विस्फोट से उत्पन्न सूक्ष्म एवं जहरीले रसायन वातावरण में फैल जाता है। इससे पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना बनी रहती है। ऐसे में अब छठ तक आतिशबाजी की बिक्री की अनुमति शायद ही पुलिस प्रशासन के अधिकारी व पदाधिकारी के द्वारा दिया जा सके।

राजद व जदयू के बीच चल रहा पावर शो : प्रभाकर

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजद और जदयू के बीच 'पावर शो कार्यक्रम' चल रहा है। दोनों दलों के शीर्ष नेता एक-दूसरे को नीचा दिखाने में जुटे हैं। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कही। उन्होंने कहा कि राजद और जदयू में वन मैन शो के साथ-साथ पावर शो का खेल भी चल रहा है। श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह में लालू कांग्रेस के नेताओं से अपनी गौरवगाथा पढ़वाते हैं और सोने का मुकुट पहनते हैं। वहीं उसके एक दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहरसा में आनंद मोहन के दादा और चाचा की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम के मौके पर अपनी तारीफ में कसीदे पढ़वाते हैं। नीतीश कुमार का यह कदम लालू को जवाब देना जैसा था कि तुम डाल-डाल, तो मैं पात-पात। इतना ही नहीं नीतीश कुमार ने आईजीआईसी के कार्यक्रम में लालू राज्य के कार्यकाल में स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी। लालू और नीतीश की दोस्ती मतलब की यारी है। इनके दिल नहीं मिलते, लेकिन जनता को गुमराह करने के लिए ये हाथ मिलाते रहते हैं। श्री मिश्र ने कहा कि असल में पूरा घमंडिया गठबंधन ही स्वार्थ की नींव पर खड़ा है। उसके एजेंडे में राष्ट्रहित कहीं नहीं है।

संगतों के साथ गलती को अध्यक्ष व महासचिव ने मांगी माफी

पटना सिटी, प्रत :किरण संवाददाता

अधीक्षक ने ऊंची आवाज में संगत को बोला, शोकाउज हुआ

देश के प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 18 अक्टूबर को तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब आने के बाद संगतों में नाराजगी देखी गई थी। इसके पीछे कारण था कि दरबार साहिब में मौजूद संगतों को कार्यालय के अधीक्षक के द्वारा ऊंची आवाज में बोलते हुए बाहर निकलने का दबाव बनाया गया था। इसके लिए उनसे शोकाउज भी किया गया है। साथ ही संगतों की भावना को ठेस पहुंचने के लिए अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही एवं महासचिव इंद्रजीत सिंह ने माफी भी मांगी है। विदित हो कि राष्ट्रपति महोदया के पटना साहिब गुरुद्वारा आने के पूर्व दरबार साहिब को संगतों से खाली कराया जाना था। पुलिस प्रशासन के पदाधिकारीगण इसके लिए प्रयासरत थे, मगर उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही थी। इस दौरान सूचना पाकर कार्यालय के अधीक्षक पहुंचे थे। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में वह मौजूद संगतों को ऊंची आवाज में बोलते हुए बाहर निकलने को कह रहे थे। इसके अलावा संगतों के गुरु घर में प्रवेश पर रोक लगा दी गई थी। इस संबंध में तख्तश्री कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही ने कहा कि जिस दिन राष्ट्रपति महोदय यहां आई थीं, उस दिन सुबह से लेकर उनके आने के पहले तक सारा धार्मिक आयोजन ढंग से और मयार्दा के साथ चला। दरअसल चंडी पाठ की समाप्ति के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। उसे दौरान संगत काफी बैठी थी। राष्ट्रपति महोदया के कारकेड को यहां से प्रस्थान करने के बाद उनके पास संगत उसी दिन रात में पहुंची थी। उन सबों ने अधीक्षक के द्वारा जबरन ऊंची आवाज में बोलकर उन्हें बाहर निकालने को मजबूर करने आदि की बात कही थी। उन्होंने इस वक्त संगतों से माफी मांगी थी। गलती उनके द्वारा हुई थी, मगर उन्होंने खुद सबों से माफी मांगी है। दरअसल जब राष्ट्रपति का कहीं आगमन होता है, तो प्रोटोकॉल को देखना होता है। उसी प्रोटोकॉल के तहत उन्हें और कमेटी के पदाधिकारियों को मिलकर काम करना था। इस संबंध में महासचिव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि तख्तश्री कमेटी की ओर से प्रोटोकॉल का पालन करते हुए राष्ट्रपति महोदया का स्वागत किया गया था। संगत को इस बात की ठेस पहुंची है कि उन्हें बाहर निकाला गया है। संगत सर्वोपरि है। यदि उनकी भावना कहीं से भी आहत हुई है, तो वह इसके लिए उन सबों से माफी चाहते हैं। संगत का मान-सम्मान गुरु घर में बना रहे, उनकी भावना का वे सब आदर करते हैं और वह सर्वोपरि हैं। जब राष्ट्रपति को यहां आना था, तब कमेटी के किसी पदाधिकारी ने किसी को बाहर नहीं निकाला है। अधीक्षक ने ही उन सबों को दरबार साहिब से बाहर करने का दबाव बनाया था। अधीक्षक से शोकाउज किया गया है। आने वाले समय में कमेटी के पदाधिकारी और सदस्यों के द्वारा इन सारी बातों का ख्याल रखा जाएगा कि संगतों को कोई परेशानी नहीं हो।

गंगा नदी व घरों में कार्तिक स्नान व ध्यान शुरू

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। कार्तिक माह रविवार से शुरू हो गया है। इस माह में अनेक पर्व त्यौहार होंगे मसलन देवोत्थान एकादशी, दीपावली, छठ, दावात पूजा, कार्तिक पूर्णिमा आदि शामिल है। कार्तिक मास शुरू होने के साथ ही श्रद्धालुओं का गंगा स्नान शुरू हो गया। जो गंगा घाट नहीं जा सकते, वे घर पर ही स्नान और ध्यान कर रहे हैं। गंगा घाट पर स्नान पूजन के लिए लोगों की भीड़ जुट रही थी। कार्तिक स्नान, छठ व पूर्णिमा स्नान तक चलेगा ।दूसरी ओर नगर निगम अजीमाबाद अंचल के कार्यपालक पदाधिकारी मो नुरूल हक शिवानी ने वार्ड संख्या 53 की पार्षद किरण मेहता के साथ करनालगंज घाट, गायघाट व कंटाही घाट का जायजा लिया। निरीक्षण में मुख्य सफाई निरीक्षक राजीव कुमार को कार्यपालक पदाधिकारी ने पहुंच पथ की सफाई कराने, बालू भराई काम कराने, चाली का निर्माण और पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था कार्य की निगरानी करने का निर्देश दिया है। इस दौरान दिनकर पूजा समिति के सदस्यों के साथ दिलीप कुमार गुप्ता, राजेंद्र यादव, अजीत श्रीवास्तव, रवि शर्मा, मुकेश कुमार मंटू, राज शेखर, विनय कुमार, सिद्धार्थ भारद्वाज, नितिन कुमार, अमित यादव, प्रीतम, अभिषेक, रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

गृह मंत्री की सभा को सफल बनाने के लिए जनसमपर्क अभियान जारी

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर । गृह मंत्री अमित शाह की आगामी 5 नवंबर को मुजफ्फरपुर के पताही हवाई अड्डा पर होने वाली सभा को सफल बनाने के लिए पूर्वी मंत्री अजित कुमार का अभियान जारी है। उन्होंने आज कांटी ब मड़बन प्रखंड के विभिन्न गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान पूर्व मंत्री अजीत कुमार ने कहा कि मोदी सरकार के द्वारा जनहित में जो कार्य किए गए हैं, उससे समाज के गरीब तबके के लोगों के बीच मोदी जी के प्रति भारी विश्वास व उत्साह है। जनसंपर्क अभियान के क्रम में गरीब लोगों का उमड़ती भीड इसका स्पष्ट प्रमाण है। श्री कुमार ने कहा कि जिस प्रकार अमित शाह जी के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गांव के लोग तैयारी में जुटें है, उससे प्रतीत होता है की 5 नवंबर का सभा ऐतिहासिक होगा। जनसंपर्क अभियान के तहत पूर्व मंत्री रविवार को क्षेत्र के साइन, मधुकर छपरा, साइन बृजलाल , साइन पट्टी बंगरा मैशाहां, मखदुमपुर कोदरिया, खलीलपुर, दरापट्टी, जियन आदि गांव में लोगों से मिलकर उन्हें न्योता दिया तथा उनसे अमित शाह जी के सभा में बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने का अपील किया। इस मौके पर जनसंपर्क अभियान में श्री कुमार के साथ मुखिया ज्ञान कौशिक ,सुमन कुमार सिंह ,चिंटू पांडे ,पूर्व प्रमुख मुकेश पांडे, मोहम्मद शमीम ,जय किशन कुमार चौहान, मोहम्मद सगीर, अवधेश प्रसाद सिंह, सिकंदर सिंह, अनिल सिंह, विश्वनाथ राम ,मनोज कुमार सिंह, बाला सिंह , सीताराम ठाकुर, रामनाथ गुप्ता, नितेश चौधरी, रामप्रवेश महतो, जवाहर साह, विनय शाह, सरोज पासवान, राहुल उर्फ मंत्री जी ,जगन्नाथ शाह, उदय सिंह , संजय राम ,शंभू महतो, हरिनंदन राम ,लक्षू महतो, विनोद शर्मा नंदकिशोर महतो, सुबोध महतो, विद्या महतो आदि प्रमुख लोग शामिल थे।

भाजपा की अमृत कलश यात्रा पटना के लिए रवाना

मुजफ्फरपुर ।आजादी के "अमृत महोत्सव" के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रविवार को जिला भाजपा के तत्वावधान में अमृत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला के 16 प्रखंडो से एकत्रित कलश को "अध्यक्ष रंजन कुमार" एवं प्रदेश सह क्षेत्रीय मंत्री "शिवेश राम" ने झंडा दिखा कर पटना के लिए भाजयुमो जिला अध्यक्ष "भारत रत्न यादव" के नेतृत्व में युवा मोर्चा साथियों को रवाना किया। शहर के जिला परिषद् मार्केट स्थित भाजपा कार्यालय से यात्रा का शुभारंभ किया गया जिसमें युवाओं ने अमृत कलश लेकर देश भक्ति पर मंगल गीत भी गाए। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश सह क्षेत्रीय मंत्री श्री शिवेश राम ने अमृत कलश ले जाने वाले युवा साथियों के बीच जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री मोदी "मेरी माटी मेरा देश" अभियान के अंतिम कार्यक्रम को दिल्ली से संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम के दौरान एक स्वायत्त निकाय-मेरा युवा भारत का शुभारंभ भी होगा। मौके पर जिला अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि "मेरी माटी मेरा देश" अंतर्गत अमृत कलश यात्रा का उद्देश्य उन वीर जवानों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया है; "मेरी माटी मेरा देश" एक अभियान नारा है जिससे भारत के प्रत्येक नागरिकों में देशभक्ति और अपनी मातृभूमि के प्रति अटूट प्रेम की भावना जागृत करना है।

जदयू युवा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष की कमिटी गठित, कार्यकर्ताओं में हर्ष

प्रात :किरण संवाददाता

सहरसा। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए सभी राजनीतिक दलों ने विभिन्न प्रकोष्ठ का गठन कर अपनी तैयारी प्रारंभ कर दिया है ।उसी कड़ी में जनता दल यूनाइटेड के युवा प्रकोष्ठ द्वारा प्रखंड कमिटी का गठन किया गया ।युवा जदयू जिलाध्यक्ष विनय कुमार नें बताया कि युवा जदयू प्रखंड कमिटि का गठन कर नये नये युवाओ को मौका दिया है ।जिसका लाभ आने वाले चुनाव में इसका भरपूर लाभ मिलेगा ।उन्होंने बताया कि श्रवण कुमार मंडल को सोनबरसा, अभिषेक कुमार सिंह को पतरघट, राजेश कुमार को बनमा ईटहरी, पीयूष गोयल को सलखुआ, छोटू पटेल को सिमरीबख्तियारपुर, राजीव कुमार को महिषी, प्रेमानंद सादा को सौर बाजार, बिट्टू कुमार राय को कहरा, कमल नारायण गुप्ता को नवहट्टा, नवीन राम को सत्तर कटैया, डिम्पल यादव को सिमरीबख्तियारपुर नगर परिषद तथा मो जमालुद्दीन को नगर निगम का अध्यक्ष बनाया गया है ।वही नवमनोनीत प्रखंड के चयन से कार्यकर्ताओ में हर्ष व्याप्त है।

जिला संतमत सत्संग का 60 वॉ वार्षिक दो दिवसीय अधिवेशन का होगा भव्य आयोजन

सहरसा। जिला संतमत सत्संग का 60 वॉ वार्षिक अधिवेशन का भव्य आयोजन रघुनी बाबा स्थान कोपरिया मे होने जा रहा है ।इस बात की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी चन्दन वर्मा ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन मे सदुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की महती कृपा से प्रधान आचार्य पुज्यपाद चतुरानंद जी महाराज पधार रहे है। यह दो दिवसीय अधिवेशन 31 अक्टूबर व 1 नवंबर को होगा ।जिसकी सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। अधिवेशन मे बहुत भारी संख्या मे साधू संत व श्रद्धालु पहुंच रहे है।

पटनदेवी मंदिर में भंडारा का प्रसाद का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी (प्राकि)। गड़हा स्थित प्राचीन पटनदेवी मंदिर में रविवार को भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। इस दौरान भगवती का श्रृंगार और पूजन का अनुष्ठान मंदिर के पुजारी राहुल भार्गव व बबलू पांडेय ने कराया। इसके बाद भजन-कीर्तन के बाद भक्तों के बीच भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें महापौर सीता साहू, समाजसेवी शिशिर कुमार और पूर्व पार्षद प्रमोद गुप्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में भगवती के संगीत की धुन पर गीत भी पेश किया गया। आयोजन को लेकर दिव्य सुंदरम, धन्नू, मदन, सौरभ कुमार, प्रकाश कुमार, बद्री गुप्ता, विक्की कुमार, पप्पू, सोनू, विजय प्रसाद, राजू, लक्ष्मी साहू, सुनील सिंह, भरत सिंह, उमेश कुमार, विमल, अरुण, रौशन, सुशांत, प्रियांशु राज आदि सक्रिय थे।

जापान में बसे बिहारी अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों का उपयोग बिहार को अग्रणी राज्य बनाने में करें:तेजस्वी

उपमुख्यमंत्री ने टोक्यो में बिहार फाउंडेशन के जापान चैप्टर द्वारा प्रवासी बिहारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम में हुए शामिल

● उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार सरकार युवाओं के लिए बिहार में नए अवसरों का सृजन कर रही है।

प्रात : किरण संवाददाता

टोक्यो/पटना। जापान में बसे बिहारी अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों का उपयोग बिहार को अग्रणी राज्य बनाने में करें। प्रवासी बिहारी, प्रदेश की महान सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का अभिन्न अंग है और अपने अथक परिश्रम, ईमानदार और जिम्मेदार छवि के साथ दुनिया भर में प्रतिष्ठित हैं। हमारी सरकार युवा बिहारियों की महत्वाकांक्षाओं को पंख लगाते हुए बिहार में नए अवसरों का सृजन कर रही है। हमें ऊर्जावान प्रवासी बिहारियों से बहुत आशाएं हैं जो बिहार को अग्रणी राज्य बनाने में अपनी विशेषज्ञता और अनुभवों का उपयोग करेंगे। ये बातें बिहार फाउंडेशन के चेयरमैन उपमुख्यमंत्री सह पर्यटन मंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव ने आज जापान की राजधानी टोक्यो में बिहार फाउंडेशन के जापान चैप्टर द्वारा प्रवासी बिहारियों के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बिहार मूल के लोगों के साथ संवाद करते हुए कहा कि बिहारी होना अपने आप में एक ऐसा सुखद अहसास और अनुभूति है जो हम सभी को पवित्र धागे की तरह एकजुटता के पवित्र रिश्ते में बांधता है। यह हमारा एक दूसरे के साथ स्थायी कनेक्ट है। बिहार फाउंडेशन का कार्य सराहनीय है। बिहार फाउंडेशन का जापान चैप्टर अच्छा कार्य कर रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बिहारियों की कल्पना और रचनात्मकता का उपयोग करने के लिए हमारी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं, विकासशील कार्यक्रम और नीतियाँ लाँच की है।

फिल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नई फिल्म पॉलिसी, खेलों एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए नई स्पोर्ट्स पॉलिसी लाई गई है। बिहार में टूरिज्म को विश्वपटल पर लाने के लिए बहुत जल्दी नई टूरिज्म पॉलिसी तथा बिहार में आईटी सेक्टर को बढ़ाने के लिए नयी इंफॉर्मेशन & टेक्नोलॉजी पॉलिसी भी लेकर आ रही है, प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बिहार देश का सबसे युवा प्रदेश है इसलिए युवाओं के सुनहरे वर्तमान और भविष्य के लिए लाखों की संख्या में नौकरियाँ प्रदान की जा रही है, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर कानून व्यवस्था तथा बेहतरीन स्वास्थ्य व्यवस्था के साथ-साथ वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलप किया जा रहा है। बिहार और बिहारियों में टैलेंट की कोई कमी नहीं है। हमें बस उस टैलेंट को टैप कर, नई टेक्नोलोजी, ट्रेनिंग, टीम वर्क और कॉर्डिनेट इफोर्टस के साथ एक नया और विकसित बिहार बनाना है। कार्यक्रम में आईटी तथा पर्यटन विभाग के सचिव अभय सिंह, बिहार राज्य पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, बिहार फाउंडेशन जापान चैप्टर के अध्यक्ष आनंद विजय सिंह, अमिताभ सिंह, राहुल कुमार, ज्योति सिंह, प्रशांत यादव सहित बिहार मूल के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

अतिपिछड़ों को गुमराह करते आई है भाजपा : उमेश

● बोलें-नीतीश कुमार ने भाजपा मुक्त भारत बनाने का उठाया है बीड़ा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने 18 वर्षों के कार्यकाल में अतिपिछड़ा समाज की तकदीर और तस्वीर बदलने का काम किया है। उन्होंने जननायक कपूर्री ठाकुर के सपनों को सच्चे मायनों में धरातल पर उतारने का काम किया है। प्रदेश अध्यक्ष रविवार को सारण जिला के मढ़ौरा विधानसभा में जनता दल यू द्वारा एकदिवसीय कपूर्री चर्चा कार्यक्रम के दौरान उक्त बातें कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह एवं मंच का संचालन गामा सिंह ने किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी भाषणों में खुद को अतिपिछड़ा का बेटा कहते हैं लेकिन जब बात अतिपिछड़ा को वाजिब हक देने की आती है तो वह अपना कदम पीछे खींच लेते हैं। हाल के दिनों में महिला आरक्षण का बिल पास हुआ लेकिन उसे बिल में अतिपिछड़ा समाज की महिलाओं के लिए आरक्षण की व्यवस्था नहीं की गई। भाजपा बताएं की क्या यही उनका अति पिछड़ा प्रेम है? प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा अब तक केवल वोट बैंक की राजनीति के लिए अतिपिछड़ा समाज को गुमराह करती आई है। हाल में ही मोदी सरकार ने पिछड़ा और अतिपिछड़ा छात्रवृत्ति योजना को बंद करने का निर्णय लिया। साथ ही भाजपा दलितों-पिछड़ों को मिल रहे आरक्षण को भी समाप्त करने को लेकर विचार कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हमारे नेता नीतीश कुमार ने भाजपा मुक्त भारत बनाने का बीड़ा उठाया है। नीतीश कुमार के अथक प्रयास से इंडिया गठबंधन भाजपा के लिए आज बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। देश की जनता अब बेरोजगारी, महंगाई, धार्मिक उन्माद, और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहती है और यह तभी मुमकिन है जब हम बिहार की सभी लोकसभा सीटें इंडिया गठबंधन की झोली में डालेंगे। इसलिए एकजुट होकर भाजपा मुक्त भारत बनाने की मुहिम में हमारे नेता नीतीश कुमार का हाथ मजबूत करें। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि अतिपिछड़ा समाज को नगर निकाय और पंचायती राज में आरक्षण देने का फैसला हिंदुस्तान के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण और युगांतरकारी फैसला था। बाद में अन्य राज्यों ने भी इसको अपनाया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधानपार्षद प्रो वीरेंद्र नारायण यादव, पूर्व विधायक हेमनारायण शाह, पूर्व विधानपार्षद सह प्रमंडलीय प्रभारी सतीश कुमार, जिलाध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू, किसान एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष भोला सिंह, चांदनी सिंह कुशवाहा, कुसुम रानी, राजेश राम त्यागी, सकिला बानो, गुड्डी जायसवाल, विजेंद्र सिंह,रवि प्रकाश, दिनेश कुशवाहा, बालमुकुंद चैहान, कामेश्वर सिंह, प्रकाश सिंह, मुरारी सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

वैशाली जिला कांग्रेस अध्यक्ष के निधन पर अखिलेश ने जताया शोक

पटना। बिहार कांग्रेस के युवा नेता एवं वैशाली जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज शुक्ला का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनकर कांग्रेसजन दु:खी हैं। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मनोज शुक्ला एक युवा होनहार एवं कर्मठ नेता थे। उनकी उपस्थिति पार्टी में नई ऊर्जा का संचार करती थी। उनके निधन से पार्टी को नुकसान हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने शुक्ला के निधन को अपनी निजी क्षति बताया। मनोज शुक्ला करीब 45 वर्ष के थे और हाल ही में 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्य मनोनीत किये गये थे। मालूम हो कि उनका निधन दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हुआ। उनके पार्थिव शरीर को आज दिल्ली से पटना कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम लाया जा रहा है जहां डा सिंह के नेतृत्व में पार्टी के वरिष्ठ नेता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर को वैशाली के उनके पैतृक गाँव जलालपुर ले जाया जायेगा, जहां सोमवार को उनका दाह-संस्कार किया जायेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मनोज शुक्ला के निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की एवं श्रद्धांजलि दी। शोक व्यक्त करने वाले नेताओं में पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, कांग्रेस विधान मंडल दल के नेता शकील अहमद खान, कांग्रेस विधान परिषद दल के नेता डा मदन मोहन झा, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधान पार्षद डा समीर कुमार सिंह, प्रेमचन्द्र मिश्रा, विधायक प्रतिमा कुमारी दास, मुन्ना तिवारी, बंटी चौधरी, ब्रजेश पाण्डेय, निर्मल वर्मा, राजेश राठौड़, डा विनोद शर्मा, लाल बाबू लाल, कपिलदेव प्रसाद यादव शामिल हैं।

नीतीश हैं अतिपिछड़ा समाज के सबसे बड़े हितैषी: राजीव

● कहा-जातिगत गणना के लिए अतिपिछड़ा समाज ने दिया मुख्यमंत्री को धन्यवाद

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि श्रद्धेय कपूर्री ठाकुर के बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा समाज के लिए जितने काम किये हैं उतने पहले कभी किसी ने नहीं किया। भाजपा के तमाम गतिरोध के बावजूद मुख्यमंत्री ने जातीय गणना करवा कर अतिपिछड़ा समाज के लोगों में एक नई आशा का संचार किया है। इस गणना से प्राप्त आंकड़ों ने यह साफ कर दिया है कि अब कोई राजनीतिक दल अतिपिछड़ा समाज को दरकिनार करने की हिम्मत नहीं करने वाला। यहां तक कि भाजपा जैसा अतिपिछड़ा विरोधी दल भी इस गणना के बाद हमारे समाज के आगे-पीछे घुमने लगा है। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव रविवार को बेगुसराय के मटिहानी प्रखंड के चकबली दियारा पंचायत रामदिरी 1 स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में अतिपिछड़ा समाज द्वारा आयोजित महासभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि याद करें तो कपूर्री ठाकुर ऐसे पहले मुख्यमंत्री ने जिन्होंने अतिपिछड़ा समाज को बदहाली से निकालने के लिए उन्हें सरकारी नौकरियों में 12 प्रतिशतआरक्षण दिया। उसके बाद श्री नीतीश कुमार ही ऐसे नेता हुए जिन्होंने इस समाज के तेज विकास के लिए इसे बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया। उन्होंने ही अतिपिछड़ा समाज की नेतृत्व क्षमता को निखारने के लिए नगर निकायों व पंचायतों में हमारे समाज को 20 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया। अब जातिगत गणना का उनका यह कदम अतिपिछड़ा समाज के लिए तरक्की और विकास के नये आयामों को खोलेगा। अपनी वास्तविक संख्या की जानकारी होने से अतिपिछड़ा समाज के लोगों को अपनी ताकत का एहसास हुआ है। इससे उन्हें राजनीतिक, सामाजिक व शैक्षणिक तौर पर बल मिलेगा। इस काम के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। इस इसके लिए अतिपिछड़ा समाज श्री नीतीश कुमार का हृदय से आभारी रहेगा और कभी उनका साथ नहीं छोड़ेगा। भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी से छिपा नहीं है कि सर्वाधिक संख्या होने के बावजूद केंद्र सरकार अतिपिछड़ा समाज को अलग से आरक्षण नहीं देती। यही वजह है कि अतिपिछड़ा समाज के अधिकांश लोग अभी भी विकास के तमाम मापदन्डों पर हाशिए पर खड़े हैं। इस समाज की बड़ी संख्या को देखते हुए केंद्र सरकार को बिहार की तर्ज पर इन्हें हर हाल में अलग से आरक्षण देना चाहिए। यह काम बिना राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना करवाए बिना नहीं हो सकता है। बेफिजूल के मुद्दों पर भी बयान बहादुर बनने वाले उनके सारे प्रमुख नेता केवल अतिपिछड़ों का विकास रोकने के लिए ही इस अत्यंत जरूरी विषय पर मुंह सिले बैठे हैं। इस मौके पर पूर्व मंत्री श्री दामोदर रावत ने कहा कि एकतरफ जहां इस गणना से अतिपिछड़े समाज में खुशी का माहौल है वहीं भाजपा नेताओं के सीने पर सांप लोटने लगे हैं। इस गणना को रोकने की अपनी हर कोशिश नाकाम से उनके नेता सदमें में चले गये हैं। उन्हें पता चल गया है कि समाज में बड़ी संख्या रखने वाले पिछड़े और अतिपिछड़ों को अब झुनझुना थमा कर राजनीति करना असंभव हो जाएगा।

रालोजपा के प्रदेश पदाधिकारियों व जिलाध्यक्षों की हुई बैठक

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

● 28 नवम्बर को पार्टी का स्थापना दिवस हाजीपुर में मनाने का लिया फैसला
●2024 लोकसभा चुनाव में रालोजपा एनडीए गठबंधन के साथ पूरी मजबूती से

राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी राज्य कार्यालय में पार्टी के सभी जिलाध्यक्ष प्रदेश पदाधिकारियों के अलावे सभी प्रकोष्ठ अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक का मुख्य वक्ता राष्ट्रीय लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री पशुपति कुमार पारस ने बाबा साहब भीमराव अम्बेदकर, लोक जनशक्ति पार्टी के संस्थापक पदम भूषण रामविलास पासवान तथा समस्तीपुर के पूर्व सांसद रामचन्द्र पासवान के तैल्य चित्र पर पुष्प चढ़ाकर बैठक में आये सभी पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबन्धन को भारी मतों से जिताने के लिए संगठन को मजबूत एवं धारदार बनाने के लिए बल दिया और कहा कि संगठन मजबूती के लिए सभी जिलाध्यक्षों को हिदायत दिया तथा जिलाओं में सदस्यता अभियान के तहत लोगों को जोड़ने का काम करें। आगे श्री पारस ने कहा कि इस बार पार्टी के स्थापना दिवस 28 नवम्बर को हाजीपुर के अक्षयवट मैदान में मनाने का फैसला लिया गया जिसमें सभी पदाधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत किया। आगे श्री पारस ने कहा कि 2014 से ही एनडीए गठबन्धन का बिहार में ईमानदारी के साथ एनडीए गठबन्धन धर्म का मैं पालन कर रहा हूँ और मैं पहले भी कह चुका हूँ कि जबतक मैं राजनीति में जीवित रहूँगा तबतक हम एनडीए गठबन्धन के साथ हूँ। आगे पारस ने आये हुए पार्टी के लोगों को भरोसा दिया कि मेरे पार्टी के साथ 5 सांसद हैं और पांचों सांसद उसी जगह से 2024 को लोकसभा चुनाव लड़ेगें जहां से सभी सांसद को जीत कर आये हैं इसमें किसी तरह का अगर मगर का सवाल नही बनता है। आगे पारस ने पार्टी पदाधिकारियों को कहा कि आप सभी अपने अपने जिला में जाए और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उपलब्धियों को बताने का काम करे।

पारस ने कहा कि अब कुछ लोग एनडीए के नाम लेकर ताक झांक कर रहे हैं और हाजीपुर लोकसभा सिट पर भ्रम फैलाने का काम कर रहे हैं, आगे श्री पारस ने कहा कि मेरे बड़े भाई स्व रामविलास पासवान ने मुझपर भरोसा दिखाते हुए लोकसभा चुनाव हाजीपुर से ही लड़ने का फैसला लिया। इस बैठक की अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह समस्तीपुर सांसद प्रिंस राज पासवान ने की तथा पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूर्व सांसद सूरजभान सिंह, नवादा सांसद चंदन सिंह, विधान पार्षद भूषण कुमार के अलावे सभी जिलाध्यक्ष प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्षो ने अपना- अपना विचार रखा और जिला की उपलब्धियों को बैठक में साझा किया। प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि प्रिंस राज के आलवे पूर्व विधायक अनिल चैधरी, बनवारी राम, सुनीता शर्मा, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विरेश्वर सिंह, लेबर सेल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामजी सिंह, महिला प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नूतन सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रवण अग्रवाल, देवजानी मित्रा, ब्रहमदेव राय, आकाश यादव, अम्बिका प्रसाद बिनू, उपेन्द्र यादव, स्मिता शर्मा, पारसनाथ गुप्ता, दीनबंधु मिश्रा, रंजीत पासवान, राजेन्द्र विश्वकर्मा, मिंटू यादव, राधाकान्त पासवान, पवन वर्मा, सुनील पासवान, बिजूल सिंह, सौलत राही, दशरथ पासवान, सुरेश निषाद सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

काबिल लोगों को नहीं मिलता नियुक्ति पत्र : चिराग

पटना। शिक्षक भर्ती को लेकर लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने इसमें धांधली के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। आगे श्री चिराग ने कहा कि शिक्षकों की जो बहाली हुई है उसमें बहुत ऐसे शिक्षक हैं जो अपना नाम तक लिखना नहीं जानते होंगे। सरकार में यह पुरानी परंपरा रही है, शिक्षा विभाग ही क्या सभी विभागों में जो भी नियुक्तियां होती है वह बैकडोर से ही होती है। काबिल लोगों को नियुक्ति पत्र नहीं मिलता, बल्कि उन लोगों को मिलता है जिनके संपर्क उसे विभाग के मंत्री और अधिकारियों से होता है । चिराग ने आगे कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार में जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं लेकिन हर विभाग में इसी तरीके से नियुक्तियां हो रही है। यह बताता है कि तमाम तरह की नियुक्तियां भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। श्री चिराग ने कहा कि सरकार अगर दिखाने के लिए नियुक्ति पत्र बांट रही है ,तो इसका कोई मतलब नहीं है। जिनका अधिकार बनता है,जो परीक्षा देकर पास किया है जब तक उनके हाथ में नियुक्ति पत्र नहीं मिलेगा, इन पत्रों का कोई मायने नहीं। अगर बैकडोर से ही लेनदेन करके नियुक्ति पत्र बांटना है तो जितना मन कर बताते रहे। इस आशय की जानकारी पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन पासवान ने दिया।

भाकपा की भाजपा हटाओ-देश बचाओ रैली की तैयारी चरम पर

02 नवम्बर को मिलर हाई स्कूल के मैदान में होगी रैली

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा आगामी 02 नवम्बर को 11 बजे दिन में आहूत भाजपा हटाओ-देश बचाओ रैली अब पटना गाँधी मैदान के बदले मिलर हाई स्कूल, पटना के मैदान में आयोजित होगी। चूंकि गांधी मैदान में उस दिन बिहार के एक लाख बीस हजार शिक्षकों को मुख्यमंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र देने हेतु सरकारी कार्यक्रम आयोजित होना है जिसकी हम भी मांग करते रहे हैं, इसलिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की रैली के लिए मिलर हाई स्कूल के मैदान का आंवटन सरकार द्वारा किया गया है। भाकपा नेतृत्व ने विशेष परिस्थिति में सरकार के इस निर्णय को कबूल करते हुए अपनी तमाम पार्टी इकाइयों का आह्वान किया है कि रैली में भाग लेने वाले अपने-अपने जत्थों के साथ सीधे मिलर हाई स्कूल मैदान, पटना में पहुँचे। उक्त जानकारी रविवार को आयोजित प्रेस वार्त्ता में भाकपा के बिहार राज्य परिषद सचिव का राम नरेश पाण्डेय ने दी। उन्होंने बताया कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बिहार राज्य परिषद ने भारतीय जनता पार्टी-आर.एस.एस. सहमेल वाली केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने, संविधान की अवमानना करते हुए संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्ष की आवाज को खामोश करने, देश की संपदा को यार पूंजीपतियों के हवाले करने और स्वतंत्रता संग्राम के दौरान निर्मित समावेशी राष्ट्रवाद को नफरत की ज्वाला में झोंकने जैसी प्रतिगामी नीतियों व क्रियाकलापों के मद्देनजर भाजपा हटाओ-देश बचाओ के नारे के साथ पहले गाँव-गाँव पदयात्रा अभियान चलाया, फिर सभी जिला मुख्यलयों पर जन सत्याग्रह और जेल भरो अभियान चलाया और इस अभियान के अगले चरण में आगामी 02 नवम्बर को 11 बजे दिन में राजधानी पटना में विशाल राज्य स्तरीय रैली के आयोजन के कार्यक्रम का एलान कर रखा है। उन्होंने बताया कि रैली की तैयारियों में पार्टी के सभी नेता और कार्यकर्त्ता जुटे हुए हैं और लाखों की संख्या में लोगों को पटना मार्च कराने की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही है। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव का डी. राजा, राष्ट्रीय सचिव का अतुल कुमार अंजान, का अजीज पाशा, का अमरजीत कौर, का रमेन्द्र कुमार, का नागेन्द्र नाथ ओझा और का रामकृष्ण पांडा एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य का डा गिरीश संबोधित करेंगे। इस रैली में महागठबंधन सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव के साथ-साथ महागठबंधन में शामिल दलों जदयू, राजद, काँग्रेस, सीपीआई (एम), माले के राज्य नेताओं को भी आमंत्रित किया है। प्रेस वार्त्ता में उनके साथ सचिवमंडल सदस्य का॰ रामबाबू कुमार, का॰ एम. जब्बार आलाम, का॰ जानकी पासवान और का॰ प्रमोद प्रभाकर भी शामिल थे।

बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से मोतियाबिंद का ऑपरेशन

पटना। बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा रविवार को राधा देवी चैरिटेबल ट्रस्ट के सहयोग से 20 गरीब मरीजों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन फेको विधि से श्री बालाजी नेत्रालय में कराया गया। इस ऑपरेशन शिविर का फीता काटकर उदघाटन सिक्किम एवं मेघालय के पूर्व राज्यपाल श्री गंगा प्रसाद ने चैम्बर के पूर्व अध्यक्ष पी के अग्रवाल एवं श्री बालाजी नेत्रालय के निदेशक डॉ शशि मोहनका की उपस्थिति में किया। मौके पर पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद एवं डॉ मोहनका को पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर पी के अग्रवाल ने स्वागत किया तथा चैम्बर की हैंड बुक भेंट किया। डॉ मोहनका ने बताया कि इन सभी मरीजो का चयन बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा विश्व दृष्टि दिवस पर आयोजित वृहद आंख जांच शिविर में किया गया था। डॉ मोहनका ने बताया कि इनमें से पांच से अधिक मरीजो को मोतियाबिंद के कारण एक आंख से बिल्कुल नही दिखाई देता था। मौके पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के मुकेश जैन ने कहा कि सभी मरीजों को दवा, खाना इत्यादि बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स की तरफ से दिया गया। मौके पर बिहार चैम्बर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष आशीष शंकर एवं प्रदीप चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुबोध जैन,महामंत्री पशुपतिनाथ पाण्डे, कार्यकारिणी सदस्य राकेश कुमार, पवन भगत, अजय गुप्ता, सदस्य सांवलराम ड्रोलिया एवं मुकेश जैन उपस्थित थे।

जन सुराज से ही होगा प्रदेश वासियों का कल्याण

जदयू नेता संतोष मेहता सहित कई ने जन सुराज की सदस्यता ली

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष महतो रविवार को विभिन्न जिलों के अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जन सुराज की सदस्यता ली। ज्ञात हो कि श्री महतो पिछले दिनों ही जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर के समक्ष जन सुराज में शामिल हो गए थे। रविवार को विधिवत सदस्यता ग्रहण सह मिलन समारोह आयोजित किया गया। पूर्व जदयू नेता संतोष महतो ने कहा कि जन सुराज के प्रणेता प्रशांत किशोर पदयात्रा कर समाज के सभी वर्गों को जगाने, उन्हें अपने वोट के अधिकार को समझाने तथा गरीबी से निकलने का रास्ता बताने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत का श्री किशोर महात्मा गांधी के बाद दूसरा ऐसा व्यक्ति है जिसने अभी तक पैंतीस सौ किलोमीटर की पदयात्रा कर करीब चार हजार गांवों में पहुंचे हैं और लोगों की समस्याओं को अपनी नजर से देखा है। प्रशांत किशोर का कुशल नेतृत्व में जन सुराज से ही बिहारियों का भविष्य बेहतर हो सकेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक राजद-जदयू और भाजपा ने मिलकर बिहार को रसातल में पहुंचाने का काम किया है तथा गरीबों की हकमारी इन राजनीतिक दलों की फितरत है। उन्होंने बिहार के सभी वर्गों के लोगों से जात और धर्म की राजनीति से ऊपर उठकर बिहार के लोगों की बेहतरी के लिए जन सुराज के साथ एकजुट होने की अपील की। श्री महतो के साथ संतोष प्रसाद, सत्येन्द्र महतो, मनोज कुमार, पप्पू महतो, गणेश महतो, राज कुमार पाठक, अखिलेश महतो,मोहन केसरी, मुन्ना बिंद, प्रेम नाथ चौहान, रणधीर महतो, जयप्रकाश महतो समेत सैकड़ों लोगों ने भी जन सुराज की सदस्यता ग्रहण की। उक्त जानकारी देते हुए जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने बताया कि श्री महतो का जन सुराज कार्यालय में सारण के एमएलसी सच्चिदानंद राय व मोहित सिन्हा ने अंग वस्त्र ओढ़ाया और फूल मालाओं से स्वागत किया।

शेखर सेन की नाट्य प्रस्तुति गोस्वामी तुलसीदास का जीवनचरित्र सजीव हो उठा

युगपुरुष नाट्योत्सव का एकल नाट्य प्रस्तुति गोस्वामी तुलसीदास से हुआ समापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



●सेन बोलें-
बिहार में दस लाख से ज्यादा कलाकार हैं पूरी दुनिया देखेगी इनकी प्रतिभा
●प्रतिभाओं को सामने लाना और प्रशिक्षण देना बहुत महत्वपूर्ण

राजधानी पटना के रवींद्र भवन में आयोजित युगपुरुष नाट्योत्सव के तीसरे दिन पद्मश्री शेखर सेन की एकल नाट्य प्रस्तुति रामचरित मानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास का जीवनचरित्र मंच पर सजीव हो उठा । मानस की सुरभीगी चौपाइयों ने लोगों को रोमांचित किया। पद्मश्री शेखर सेन के भावपूर्ण अभिनय का हर किसी ने आनंद लिया और गोस्वामी तुलसीदास के बारे में वैसे कई पहलुओं से लोग रूबरू हुए जिसे पहले वे नहीं जानते थे। शेखर सेन के गायन, संगीत और अभिनय की जुगलबंदी ने सबका ध्यान खींचा। रवीन्द्र भवन में आयोजित शेखर सेन ने ही इस नाटक को लिखा है और वह अकेले ही इसे प्रस्तुत भी करते हैं । मंच पर बने पर्दे पर कथानक के अनुसार दृश्य के जरिए उभरते हुए आलोक बिम्ब सुंदर लगे। उन्होंने पूरे मंचन में 52 बार से अधिक गायन किया। बाल्यकाल से लेकर रामबोला और उसके बाद तुलसी नाम पड़ने का कारण, राम को 14 वर्ष वनवास का कारण, पत्नी रत्नावली से मिले ज्ञान समेत मानस रचना के प्रसंगों को बड़ी जीवंतता से प्रस्तुत किया। मंच पर आते ही उन्होंने कहा कि जय श्रीराम मैं तुलसी । इस अवसर पर बिहार आर्ट थियेटर के अध्यक्ष आर के सिन्हा ने कहा कि तीन दिनों से जैसी नाट्य प्रस्तुतियां हुई है ये सबकी आँखे खोलता है।

युगपुरुष नाट्योत्सव के तीसरे दिन गोस्वामी तुलसीदास का मंचन हुआ जिस प्रकार से प्रस्तुति की गई है वो वाकई काबिले तारीफ है। एक कलाकार पहले लिखता है फिर उसे सजाता संवारता है और अंत में आपसे वाहवाही भी ले जाता है। वैसे ही रंगमंच के समर्पित कलाकार है पद्मश्री शेखर सेन। हम उन्हें राजधानी के दर्शकों की ओर से बधाई देते हैं और उनके हजारों प्रस्तुतियों के लिए बधाई देते हैं। पद्मश्री शेखर सेन ने कहा है कि हर व्यक्ति में बहुमुखी प्रतिभा होती है। बिहार में दस लाख से ज्यादा कलाकार हैं उनक प्रतिभा को उभार दिया जाए, तो वो अपनी पहचान बना सकेंगे। हर किसी में कोई न कोई कलाकार छिपा होता है। बिहार के कलाकारों को दुनिया देखेगी और उन्हें वो सम्मान देगी जो उन्हें बहुत पहले मिल जाना चाहिए था। मंचन से पूर्व पत्रकार वार्ता में नाट्य कलाकार और गायक सेन ने कहा कि नाटक करना कलाकारी है, कलाबाजी नहीं। यह साधना है, चमत्कार नहीं। तुलसी, कबीर, सूरदास, स्वामी विवेकानंद जैसे चरित्रों पर एकल प्रस्तुतियां देने में माहिर सेन ने कहा कि वे कला के संरक्षण में लगे हैं। फिल्मों की बजाय लोगों से नाटक देखने की अपील करते हुए कहा कि नाटकों के कद्रदान विदेश में भी हैं। भारत के तुलसी जैसी चरित्र पर नाटक वहां लोकप्रिय हैं।

एक दिन मैंने सोचा मेरे कंपोज किये एलबमों की गिनती कितनी भी हो जाये लेकिन उससे फर्क क्या पड़ेगा लिहाजा कुछ ऐसा करना होगा जो आत्मा को छू सके। लिहाजा मैने नाटक की शुरूआत की। मैने पहला नाटक तुलसी 1997 में लिखा और वो एक्ट हुआ 1998 में। उसके बाद चली ये यात्रा आज तक निर्विघ्न चली आ रही है। देश के अलावा मेरे विदेशों में ढेर सारे शोज हुए हैं अमेरिका में सौ से ज्यादा शोज हो चुके हैं। इसके अलावा इंगलैंड, बेल्जियम, हांगकांग, सिंगापौर, इंडोनेसिया, मॉरिशस, दक्षिण अफ्रिका, नाइजीरिया, सूरीनाम, वेस्टइंडीज तथा शारजहां आदि देशों में कई शोज हो चुके हैं। मेरी मां बचपन में रामचरित मानस पढ़ा करती थीं, मैं भी उनके साथ गाता था, अभिनेता बनने की तो मैने कल्पना तक नहीं की थी। सच पूछिये तो मैं वैसा कुछ नहीं बनना चाहता था मैं तो रायपुर से मुंबई फिल्मों का संगीतकार बनने आया था, मैं गायक भी नहीं बनना चाहता, अभिनेता बनने का तो कभी सोचा तक नहीं था। अब पिछले पचीस साल से मेरे घर की रसोई नाटकों से ही चल रही है।

डा शंकर दयाल, अनिल सुलभ, निर्मल शंकर श्रीवास्तव, ज्ञान मोहन, इस्कॉन के नंद गोपाल दास जी, अरुण जैन, संस्कार भारती के प्रकाश जी, अभिजीत कश्यप, प्रसिद्ध चिकित्सक अजीत प्रधान, अशोक घोष सहित कई रंगकर्मी, स्कूल कॉलेज के बच्चो के अलावा आम जनों ने नाट्य देखकर अभिभूत हुए। श्री सिन्हा द्वारा सभी कलाकारों का सम्मानित किया गया।

मोजै सदा के निधन पर लालू सहित राजद ने जताया शोक

पटना। राष्ट्रीय जनता दल के सचिव सह मुसहर सेवा संघ के अध्यक्ष मौजे सदा के निधन पर राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद, पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तेज प्रताप यादव ,सांसद डॉक्टर मीसा भारती, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव, श्याम रजक, प्रदेश उपाध्यक्ष, वृषिण पटेल, पीएचईडी मंत्री ललित यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश के मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने इनके निधन पर गहरी शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि ये हमेशा गरीबों, वंचितों तथा मुसहर समाज को विकास की श्रेणी में लाने के लिए संघर्ष और आंदोलन करते रहे ।और इनका सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन में बड़ा योगदान रहा है। इनके निधन से राजद परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेशानुसार राष्ट्रीय महासचिव भोला यादव ने दरभंगा स्थित गांव जाकर उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी की ओर से श्रद्धांजलि दी। प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद ने बताया कि राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निदेशानुसार स्वर्गीय सदा के सम्मान में प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के कार्यालय मे राष्ट्रीय जनता दल का झंडा आधा झुका रहेगा।

केंद्र सरकार ने प्रोसेसर्स को गेहूं खरीद दोगुनी करने की अनुमति दी,आवंटन 50 प्रतिशत बढ़ाया

पटना। गेहूं और आटे की कीमतों में हाल की वृद्धि से चिंतित खाद्य मंत्रालय ने शुक्रवार को साप्ताहिक ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए दी जाने वाली मात्रा में 50 प्रतिशत की वृद्धि कर देश भर में 3 लाख टन करने की घोषणा की है। केंद्र सरकार ने गेहूँ खरीददार जैसे फ्लोर मिलर्स/गेहूं उत्पादोंके निमाताओं/ गेहूं प्रोसेसर को उस मात्रा से दोगुना खरीदने की भी अनुमति दी है, जिसके वे वर्तमान में हकदार हैं। नए बदलाव 1 नवंबर से लागू होंगे। खुले बाजार में गेहूं की उपलब्धता बढ़ाने और गेहूं की कीमतों को और स्थिर करने के लिए, 1 नवंबर से खुले बाजार बिक्री योजना(ओएमएसएस) के तहत बोली लगाने वाले की अधिकतम मात्रा 100 टन से बढ़ाकर 200 टन कर दी गई है। भारत भर में प्रति ई-नीलामी की पेशकश की गई, कुल मात्रा को लाख टन से बढ़ाकर 3 लाख टन कर दिया गया है। स्टॉक की जमाखोरी से बचने के लिए व्यापारियों को ओएमएसएस के तहत गेहूं की बिक्री के दायरे से बाहर रखा गया है। ओएमएसएस के तहत गेहूं खरीदने वाले प्रोसेसरों की आटा मिलों पर भी नियमित जांच और निरीक्षण किया जा रहा है। अब तक, भारतीय खाद्य निगम ने देशभर में 1,627 जांचें की हैं। बिहार में 97 प्रतिशत गेहूं बिक गया, इस बीच, बिहार राज्य में 26 अक्टूबर को हुई पिछली ई-नीलामी में, 22 डिपो से बिक्री के लिए पेश किए गए 13000 मीटन गेहूँ में से 12610मी टन (97 प्रतिशत) बेचा गया था। बोली में भाग लेने वाले 186 सूची बद्ध खरीदारों में से 136 गेहूं मात्रा हासिल करने में सफल रहे। कम विशिष्टताओं (यूआरएस) किस्म के गेहूं के लिए औसत बिक्री मूल्य 2,125 के आरक्षित मूल्य के मुकाबले 2,306.57 क्विंटल था।

संक्षिप्त खबरें

पुलिस ने तीन को भेजा जेल

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न जगहों से तीन मामलों में पुलिस तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार लोगों में गिरफ्तार में मारपीट के जहां मोहनपुर गांव निवासी संजीव कुमार, शराब मामले में भागीरथपुर के लक्ष्मी सहनी, मोरवाड़ा सुरही के ललीता कुमारी शामिल है। थाना अध्यक्ष राजन कुमार ने बताया कि तीनों गिरफ्तार व्यक्ति के विरुद्ध आगे की कार्रवाई के लिए समस्तीपुर कोर्ट भेज दिया गया है।

शराबी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, समस्तीपुर। चकमेहसी थाना क्षेत्र के नमापुर गांव से पुलिस ने शराब की नशे में रहने के कारण सुरेंद्र दास के पुत्र रोहित कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया है। तो वहीं गोरई गांव से वारंटी स्वर्गीय नीरज महतो के पुत्र चुन्नीलाल महतो, मालीनगर गांव से झरीलाल पासवान के पुत्र विनोद पासवान को गिरफ्तार किया है। वहीं थानाध्यक्ष दिव्य ज्योति कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार लोगों को जेल भेज दिया गया है।

विभिन्न कांडों के छह अभियुक्त भेजे गए जेल

सरायरंजन, समस्तीपुर। सरायरंजन थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में आरोपित छह अभियुक्तों को पुलिस ने शनिवार की शाम में गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में मारपीट के मामले में आरोपित मधुबन निवासी उमेश राम, एससी-एसटी उत्पीड़न के मामले में आरोपित चकवा निवासी सूरज कुमार राय, मारपीट के मामले में आरोपित मोसिंगपुर निवासी राजवेंद्र चौधरी की पत्नी रागिनी देवी, नशे की हालत में हंगामा करते खालिसपुर निवासी रामबाबू राम, पूर्व के एक मामले में वारंटी भोजपुर निवासी संदीप शर्मा तथा चोरी के एक मामले में हलई ओपी क्षेत्र के ररियाही निवासी सुभाष कुमार पोद्दार के नाम शामिल हैं।

अंबेडकर कल्याण छात्रावास के छात्रों का कमरा खाली करवाना बिहार सरकार का छात्र विरोधी कदमः-शरद कुमार सिंह

दरभंगा एआईएसएफ के राज्य सचिव शरद कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि मोगलपुरा स्थित डॉक्टर अंबेडकर कल्याण छात्रावास के हजारों छात्रों को एका एक कमरा खाली कर हॉस्टल से बाहर कर देना सरकार का छात्र व दलित विरोधी कदम है। सरकार के इस तुगलकी आदेश पर जिला प्रशासन बलपूर्वक छात्रों को छात्रावास से बाहर खींच रोड पर खड़ा कर दिया है। वह भी ऐसे समय में जब छात्रों के सिर पर कई तरह के परीक्षाएं हैं। उन्होंने कहा सरकार पुनः छात्रावास खाली कर इसे पूर्व की भांति जिला प्रशासन को सौपना चाहती है। यह संगठन कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि अभिलंब सरकार आदेश जारी कर छात्रको पुनः छात्रावास में जगह दे।अन्यथा एआईएसएफ उग्र आंदोलन करेगी

नवजात बच्ची की हत्या मामले में महिला गिरफ्तार

सिंहवाड़ा संवाददाता दरभंगा स्थानीय थाना क्षेत्र के नगर पंचायत भरवाड़ा निवासी होमियोपैथी चिकित्सक रविशंकर सिंह की गुरुवार को हुए चालीस दिन के दुधमुही पुत्री की हत्या की नामजद अभियुक्त आंगनबाड़ी सेविका रीता देवी को पुलिस ने बुधवार को दरभंगा नगर थाना की मदद से गिरफ्तार किया है। वही घटना में शामिल उसके पुत्र अनुज कुमार ठाकुर अभी तक फरार है। बताते चले की घटना की गंभीरता को देखते हुए सदर एसडीपीओ अमित कुमार ने घटनास्थल पर जाकर मामले की छानबीन भी किए थे। प्रभारी थाना अध्यक्ष कल्पना कुमारी ने बताया की तकनीकी अनुसंधान कर जिले की पुलिस टीम की मदद से आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

चार हजार से ज्यादा हवाई किराया होने का कोई मतलब नहीं : संजय कुमार झा

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा बिहार सरकार के जल संसाधन सूचना जन सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा ने अपने एक दिवसीय दौरे पर दरभंगा पहुंचे। परिसदन में पत्रकारों से बात करते हुए दरभंगा एयरपोर्ट से बढ़ती किराया पर बोला कि जब मैं पिछली बार ज्योतिराज सिंधिया से मुलाकात किया था। तो मैं उनसे आग्रह किया था कि भारत सरकार के उड़ान स्कीम में दरभंगा सक्सेसफुल एयरपोर्ट है। तो यहां पर रेट का कैपिंग कर देना चाहिए। जिसे अपर लेवल का फेयर को फिक्स कर देना चाहिए। जो भी आपको उचित लगता है। इससे ज्यादा का फेयर नहीं लगेगा। तभी उसका लाभ इस एयरपोर्ट के पैसेंजर को मिलेगा। वही उन्होंने कहा कि वर्तमान में जिस तरह का फेयर लिया जा रहा है। यह फेयर पटना से भी दुगुना है। इतना बड़ा एरिया में उड़न स्कीम का उद्देश्य ही खत्म हो गया। वहीं संजय कुमार झा ने कहा कि हम लोग दरभंगा हवाई अड्डा को लेकर केंद्र सरकार को सिर्फ रिक्वेस्ट ही कर सकते हैं। क्योंकि एयरलाइंस से रिलेटेड इशू स्टेट गवर्नमेंट का नहीं होता है। इसमें जो भी डिसीजन लेना है भारत सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग और भारत सरकार को लेना है। इसलिए हम लोगों का फिर से आग्रह होगा कि दरभंगा जो फ्लाइट आता है। उसका फेयर का कैपिंग कर दीजिए। उसका अपर लेवल रेट फिक्स कर दीजिए। यहां का जो किराया है मुझे जो लगता है 3 हजार से 4 हजार से ज्यादा किराया होने का कोई मतलब नहीं है। वही स्टेट वेट और अन्य एयरलाइंस कंपनी को जोड़ने के सवाल पर संजय कुमार झा ने कहा कि दरभंगा से अन्य एयरलाइंस कंपनी को जोड़ने की जरूरत है। तथा अन्य सेक्टर को जोड़ने की जरूरत है। फिलहाल अभी तीन-चार सेक्टर को ही जोड़ा गया है। वहीं उन्होंने कहा कि देश के बाहर सिंगापुर है। अगर दरभंगा से फ्लाइट उड़ेगा सिंगापुर के लिए तो तीन से चार घंटा में वह वहां पहुंच जाएगा। जितना वक्त दिल्ली वह कोलकाता से सिंगापुर के लिए लगता है इस चीज का डिमांड है। यह पोटेंशियल एयरपोर्ट में आता है। जब तक यहां पर फ्लाइट की संख्या नहीं बढ़ाएंगे। जब तक नया सेक्टर नहीं खोलेंगे, तब पैसेंजर की कैपेसिटी बढ़ेगी। वहीं संजय कुमार झा ने कहा कि स्पाइसजेट विमान कंपनी को उड़ान के लिए जो अनुमति मिली है। उस कंपनी की क्या स्थिति है। उसे कंपनी का ओवरऑल कंडीशन क्या है। एक बार उसे भी देखना चाहिए। मुझे लगता है कि जब तक यहां पर फ्लाइट की संख्या नहीं बढ़ेगी। इसके लिए आवश्यक है कि नाइट विजन लैंडिंग फैसिलिटी शुरू करना। क्योंकि 4 बजे शाम के बाद दरभंगा एयरपोर्ट पर फ्लाइट लैंडिंग नहीं करती है। आजकल वैसे ही सूर्यास्त 4 बजे के आसपास हो जाता है। इसीलिए जो भी फ्लैट आना है उससे पहले ही आना है। वही बिहार सरकार ने इन सारे चीजों के डेवलपमेंट के लिए जमीन तो महिया कर दी है। सुनते हैं कि काम चल रहा है। लेकिन नाइट लैंडिंग और फॉग की जो समस्या है। उससे निजात के लिए जो आईलेस लाइट लगना है। वो जल्दी लग जाता तो और फ्लाइट की संख्या बढ़ जाती। वही उन्होंने कहा कि अन्य एयरलाइंस कंपनी की विमान आती तो कंपटीशन बढ़ता तो प्राइस ड्रॉप होता। जिससे यहां के लोगों को सीधा लाभ मिलता। क्योंकि यह उड़ान स्कीम का एयरपोर्ट है। क्योंकि दरभंगा कैपिटल सिटी नहीं है। यह छोटा शहर है। इसीलिए एयरलाइंस टिकट का अपर लिमिट रेट फिक्स होना चाहिए।

श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से सुनी श्री सत्यनारायण भगवान की कथा

प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन, समस्तीपुर। नगर पंचायत मुसरीघरारी वार्ड नंबर एक निवासी शिक्षिका बेबी कुमारी के आवास पर रविवार को श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। पंडित अमित कुमार झा एवं सुमन कुमार मिश्रा ने श्री सत्यनारायण भगवान की कथा सुना कर पूजा संपन्न कराया। वहीं श्री सत्यनारायण भगवान की महिमा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मौके पर बेबी कुमारी, रंजू कुमारी, अमरेश झा, सुनीता, अंजली सुमन, शंकर सुमन, प्रिया सुमन सहित कई अन्य श्रद्धालु मौजूद रहे।

मजदूर की महाराष्ट्र के नांदेड़ में मौत, महम्मदपुर सकड़ा गांव में मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। मजदूर की महाराष्ट्र के नांदेड़ में मौत की खबर सुनते ही महम्मदपुर सकड़ा गांव में कोहराम मच गया। मृतक महम्मदपुर सकड़ा वार्ड 06 निवासी राम सदा के 35 वर्षीय बिरजू सदा बताया गया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि बिरजू सदा महाराष्ट्र के नांदेड़ में एक दवा कंपनी के फैक्ट्री में मजदूरी करता था। चर्चा है कि गैस के कारण शुक्रवार को वे बेहोश हो गए। कंपनी के लोग उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही मृतक की माता उमा देवी, गर्भवती पत्नी सोनिया देवी चित्कार मार कर रो रो कर बेसुध हो रही थी। बता दे की मृतक के दो पुत्री लक्ष्मी 5 वर्ष और अंशु 3 वर्ष की है। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व मुखिया मनोज कुमार राय, हरिनारायण सिंह सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी पीड़ित के घर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधा रहे है।

जन्मदिन का भोज खाकर वापस लौट रहे कपड़ा दुकानदार को लूट के प्रयास के दौरान अपराधियों ने मारी गोली

लूट के प्रयास के दौरान कपड़ा दुकानदार को गोली मारने की घटना को पुलिस ने बताया संदिग्ध

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

कपूरीग्राम थाना क्षेत्र के सिंघिया खुर्द मंगल पेठिया के पास शनिवार की देर रात दो बाइक पर सवार चार की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने शहर के बंगाली टोला से जन्मदिन का भोज खाकर वापस लौट रहे एक रेडीमेड कपड़ा दुकानदार को लूट के प्रयास के दौरान गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की सहायता से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। रेडीमेड कपड़ा दुकानदार की पहचान कपूरीग्राम कोण बाजितपुर पंचायत माधोपुर रानीटोल निवासी वार्ड 10 निवासी चंदेश्वर साह के पुत्र दीपक कुमार (28 वर्ष) के रूप में हुई है। वहीं बताया गया कि इस घटना के बाद सभी अपराधी सिंधिया खुर्द की ओर फरार हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार मामला संदिग्ध बताया जा रहा है। घटना के संबंध में घायल दुकानदार दीपक कुमार ने बताया कि उनका रानीटोल चौक पर रेडिमेड कपड़ा का दुकान है। शनिवार की देर रात वह बंगाली टोला स्थित अपने एक कपड़ा व्यवसायी मित्र के यहां जन्मदिन समारोह से भोज खाकर बाइक से वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान मंगल पेठिया के पास पहले से घात लगाकर दो बाइक पर सवार चार की संख्या में खड़े अपराधियों ने उन्हें रुकने का इशारा किया। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने बाइक की स्पीड तेज कर भागने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान अपराधियों ने कल के ऊपर गोली फायर कर दी। गोली उनके बाएं पैर में लगाती हुई आर-पार हो गई। वहीं उन्होंने कहा कि अगर वह बाइक की स्पीड तेज कर भागने का प्रयास नहीं करते तो कुछ भी हो सकता था। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई थी। वहीं इसको लेकर कपूरीग्राम थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि घायल कपड़ा दुकानदार के रात और दिन में दिए बयान में विरोधाभास है इसलिए मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। वैसे घटना के सूचना मिलने के बाद मामले की छानबीन की जा रही है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इंजीनियरिंग कॉलेज में दूसरी बार कैस्केड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सरायरंजन, प्रात : किरण संवाददाता

सरायरंजन प्रखंड के नरघोघी स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविधालय समस्तीपुर के टेक्निकल क्लब एसिमो और आईआईटी खड़गपुर के टेकनोमैनेजमेंट फेस्ट क्षितिज ने संयुकत होकर शनिवार को कैस्केड नामक प्रतियोगिता का सफलतापूर्क आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में 2021, 2022, तथा 2023 बैच के छात्रों ने हिस्सा लिया। जिसमें प्रथम वर्ष के छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिसा लिया। कैस्केड प्रतियोगिता में मैथ्स ओलंपियाड, एनिगमा, सोर्स कोड और एनाडिगिक्स नमक चार प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन मोड में करवाया गया। इसमें संस्थान के प्राचार्य डॉ राजकिशोर तुगनायत तथा यांत्रिक विभाग के एचओडी दीपक कुमार मंडल, सहायक प्रोफेसर दिग्विजय कुमार, आशा रानी, अर्पिता कुमारी, डॉ धर्मजीत, आशीष कुमार और एसिमो के फैकल्टी इंचार्ज कुमार सागर मौजूद थे प्राचार्य डॉ राजकिशोर ने कहा आईआईटी खड़गपुर और एसिमो के टीम का मनोबल बढ़ाते हुऐ ऐसे और भी टेक्निकल इवेंट कॉलेज में करवाने के लिऐ प्रोत्साहित किया तथा उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ एक्स्ट्रा एक्टिविटी में भाग लेने को कहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षितिज द्वारा नियुक्त कैम्पर एंबेसडर तथा एसिमो के सदस्य एवं आईआईटी खड़गपुर के हर्ष श्रीवास्त्व ने अहम भूमिका निभाई।

प्राथमिक व मध्य विद्यालय के शिक्षा को सुधारने के लिए होगा आंदोलन तेजःप्रिंस

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन आइसा के तत्वधान में रविवार को कौआही गांव में अध्यन शिविर का आयोजन किया गया। अध्यन शिविर का अध्यक्षता आइसा प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक कुमार व संचालन सचिव सोनू कुमार ने किया। इस अवसर पर आइसा जिला अध्यक्ष प्रिंस राज ने कहा की आज सबसे ज्यादा गांव गांव में प्राथमिक व मध्य विद्यालय में शिक्षा की हालत जर्जर है। शिक्षक और आधारभूत संरचना की घोर अभाव है। सरकारी स्कूलों को बदनाम कर निजी विद्यालय को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसे हम छात्र समुदाय बर्दास्त नही करेंगे। आइसा नेता श्री राज ने कहा की आज जरूरत है की बिहार में समान स्कूल शिक्षा प्रणाली को लागू करने की लेकिन सरकार इस कदम से भाग रही है। गांव के प्राथमिक व मध्य विद्यालय को सुधारने के लेकर आइसा के नेतृत्व में आंदोलन को तेज किया जायेगा। वही आइसा नेता श्री राज ने अध्यन शिविर में शामिल छात्रों को महाविद्यालय में क्लास करने की अपील किया है। वही आइसा नेता सुभाष पासवान ने कहा की नई शिक्षा नीति 2020 के खिलाफ 4 नवंबर को सीएम लॉ कॉलेज में आयोजित कन्वेंशन में सैकड़ो की संख्या में छात्र एवं छात्रा भाग लेकर नई शिक्षा नीति को खारिज करने की मांग को गांव गांव में प्रचार अभियान चलाएगी। इस अवसर पर धीरज कुमार,शिवन कुमार,अमन कुमार,सरोज कुमार,रितेश कुमार, भारत कुमार,राहुल कुमार सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

कपूरी के विचार और नीतीश के कार्य को जन जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय चांसुरारी में जदयू की ओर से कपूर्री चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता पतैलिया पंचायत के मुखिया सह जदयू के अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो एवं संचालन अशोक पटेल कर रहे थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सदस्य राम नाथ ठाकुर, महिषी विधायक गुजेश्वर साह, पिपरा विधायक राम विलास कामत, आयोग सदस्य ज्ञान चंद्र पटेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में जदयू जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, नगर अध्यक्ष शंकुतला वर्मा, धर्मदेव सिंह कुशवाहा, जिला सचिव अनस रिजवान, बनारसी ठाकुर, प्रमंडल प्रभारी मोहम्मद क्यूम अंसारी उपस्थित हुए। कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं ने कपूर्री के विचारों पर विस्तार से चर्चा किया। साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा अतिपिछड़ा वर्ग के हित में सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक प्रगति के लिए उठाए गए कदम पर विस्तार से चर्चा किया। मौके पर राजीव कुमार मिश्र, रणधीर कुमार राय, सुजीत कुमार चौधरी, यमुना प्रसाद, सत्यनारायण राय, रामचंद्र महतो, राम बाबू राय, रामबालक राय, कैलाश प्रसाद, चांदनी देवी, क्रांति कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

दरभंगा शहर सहित ग्रामीण इलाकों में सैकड़ो अवैध जांच घर संचालित

दरभंगा सिविल सर्जन ने कहा अवैध जांच घर के विरुद्ध होगी कार्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा कार्यालय दरभंगा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में सैकड़ो अवैध जांच घर संचालित है ।इस बात की जानकारी स्वास्थ्य विभाग से लेकर जिला प्रशासन को भी है। परंतु इस अवैध जांच घर के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है। जिसके कारण यहां भोले भाले मरीज शोषण का शिकार हो रहे हैं ।बताया जाता है कि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा दरभंगा शहर में मात्र 46 जांच घर ही निबंधित है ,परंतु शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सैकड़ो जांच घर संचालित हो रही है ।जिसके पास न-तो अनुभवी लैब टेक्नीशियन है, न -हीं कोई डॉक्टर न -हीं स्वास्थ्य विभाग के मानक को पूरा कर रही सिर्फ दिखावे के रूप में जाच घर के साइन बोर्ड पर डॉक्टर का सिर्फ नाम देखा जाता है। जो डॉक्टर कभी भी जांच घर पर नहीं आते हैं, सिर्फ जांच घर मालिक के द्वारा जांच रिपोर्ट पर डॉक्टर का हस्ताक्षर कर मरीजों को जांच रिपोर्ट थमा दिए जाते हैं ।कई ऐसे जांच घर हैं जहां ब्लेंक जांच रिपोर्ट पर पूर्व से ही डॉक्टर का इनिशियल हस्ताक्षर देखा जाता है । कुछ ऐसे अवैध जांच घर के मलिक है जो डॉक्टर के मरने के बाद भी मृतक डॉक्टर के नाम का पेड इस्तेमाल कर जांच रिपोर्ट दी जाती है इतना ही नहीं कई ऐसे जांच घर हैं जहां एक ही डॉक्टर का ही दूसरे जांच घर में भी छपा हुआ पैड देखा जाता है सिर्फ जांच घर का नाम अलग- अलग होता है कहीं-कहीं ऐसे जांच घर भी हैं जहां अनुभवी टेक्नीशियन है जिसे सिर्फ एस रूटीन जांच कर सकते है परंतु डॉक्टर नहीं रहने के कारण वो बायोकेमेस्ट्री जांच भी कर लेते हैं। जिसके कारण मरीजों की जांच रिपोर्ट भी गलत हो जाती है। कई जांच घर मालिक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग में जांच घर के निबंधन के लिए आवेदन जमा कर दिए गए हैं ,परंतु अभी तक निबंधन नहीं प्राप्त हुआ है। सवाल यह भी उठता है की जब जांच घर का निबंधन प्राप्त नहीं हुआ तो फिर भी अबैध रूप से जांच घर कैसे चलाई जा रही है। सूत्रों से पता चला है कि निबंधन के लिए मकान के तीन कमरे संबंधित कागजात, फायर प्रमाण पत्र, बायोवेस्ट प्रमाण पत्र, डॉक्टर स्टाफ संबंधित कागजात के साथ-साथ शपथ पत्र ,बायोमेडिकल पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, नगर निगम से एनओसी एवं लैब टेक्नीशियन आदि की आवश्यकता होती है ।बताया जाता है कि जब स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के द्वाराअबैध घर के विरुद्ध समय-समय पर जांच अभियान चलाई जाती है। परंतु इसकी सूचना जब अबैध जाच घर के मालिक को मिलती है तो वे अपने-अपने जांच घर में ताला बंद करके फरार हो जाते हैं और बाद में पुनः संचालित करने लगते हैं ।जिसके कारण स्वास्थ्य विभाग इन अबैध जांच घर पर कोई कार्रवाई नहीं कर पाते है। दरभंगा के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे अवैद्य जांच घर के लिए पीएचसी प्रभारी को भी सील करने का अथॉरिटी दी गई है।। वैसे मेरे संज्ञान में आने के बाद ऐसे सभी अवैध जांच घर के विरुद्ध अपने स्तर से कठोर कार्रवाई करने की बात कही ।देखना है कि क्या स्थानीय स्वास्थ्य विभाग ऐसे अबैध जांच घर के विरुद्ध कब तक अंकुश लग पाएगी या मानक के अनुरूप निबंधन जारी कर पाएगी।

मौसमी कर्मियों का दशहरा बिना वेतन का ही गुजरा

प्रात : किरण संवाददाता

दाऊदनगर (औरंगाबाद)। सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों का वेतन विगत जून- 2023 से ही बकाया है जिसका भुगतान चीफ इंजीनियर, औरंगाबाद के आश्वासन के बावजूद दशहरा जैसे महत्वपूर्ण त्योहार में भी नहीं हो सका है। मौसमी कर्मियों का दशहरा बिना वेतन का ही गुजर गया और अब लगता है कि वे दीपावली और छठ भी बिना वेतन के ही गुजर जाएगा जिससे मौसमी कर्मियों के समक्ष आज भुखमरी जैसी स्थिति पैदा हो गई है !ह्व- उक्त बातें महासंघ(गोप गुट) के जिला सचिवः- सत्येन्द्र कुमार ने आज यहां सिंचाई विभाग के कार्यालय प्रांगण में मौसमी कर्मियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कही ! उन्होंने कहा कि विगत 08 सितंबर 2023 को चीफ इंजीनियर औरंगाबाद ने मौसमी कर्मियों के प्रदर्शन के दौरान उनके प्रतिनिधियों के साथ किए गए शिष्टमंडल वार्ता में आश्वासन देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा था कि मौसमी-कर्मियों के बकाए वेतन का भुगतान दशहरा पर्व के पूर्व हर हाल में कर दिया जाएगा जो कि अभी तक नहीं हो पाया है !इसके अलावा उस दिन चीफ-इंजीनियर,औरंगाबाद के द्वारा मौसमी कर्मियों की 14- सूत्री मांगों में से अनेक मांगों की पूर्ति का भी आश्वासन दिया गया था लेकिन उनमें से किसी भी मांग को अभी तक पूरा नहीं किया गया है। यह मौसमी कर्मियों के साथ स्पष्ट तौर पर धोखा है जिसके कारण औरंगाबाद जिला के मौसमी कर्मियों में भारी रोष एवं क्षोभ व्याप्त है जिसकी अभिव्यक्ति शीघ्र ही जोरदार आंदोलन के रूप में होने वाली है । इस बैठक में यह भी तय किया गया कि जिला स्तर पर होने वाले अगले आंदोलन की रूप-रेखा और तिथि औरंगाबाद जोन-कमिटी के साथ विचार-विमर्श कर के तय की जाएगी । इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि आने वाले निकट भविष्य में अपनी मांगों में शामिल विभिन्न मुद्दों, जैसे- स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मौसमी कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे शोषण-दमन-उत्पीड़न बंद कराने,विगत जून-2023 से लेकर अक्टूबर- 2023 तक के वेतन का भुगतान अति शीघ्र करने,सभी मौसमी कर्मियों को विभाग के स्तर से पहचान-पत्र निर्गत कराने, उन्हे वर्दी,टॉर्च, सिटी,साइकिल,छाता,कार्य से संबंधित उपकरण-औजार मुहैय्या कराने,मौसमी कर्मचारियों से स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सादा मास्टर रॉल पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराकर उन्हें वेतन से वंचित कर देने की प्रवृति पर रोक लगवाने।

पटपारा के श्रवण बने अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी तो, नरहन के मोहम्मद शबाब बने बीपीआरओ

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर प्रखंड के पटपारा उत्तर के श्रवण कुमार और नरहन के मोहम्मद शबाब ने 67 वीं बीपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित कर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। दोनो पूर्व से नौकरी करते हुए स्वाध्याय के बल पर सफलता हासिल की है। प्रखंड के पटपारा उत्तर निवासी स्वर्गीय राम प्रवेश महतो एवं गृहणी भूल्ली देवी के पुत्र श्रवण कुमार 67 वीं बीपीएससी की परीक्षा में अनुमंडल पिछड़ा अतिपिछड़ा वर्ग के कल्याण पदाधिकारी के रूप में चयनित हुए है। वे मैट्रिक हाईस्कूल भोरे शाहपुर, इंटर जनता कालेज सिंघिया बुजुर्ग और समस्तीपुर कालेज समस्तीपुर से स्नातक कला में उत्तीर्णता प्राप्त की। श्रवण ने बताया कि वर्ष 2011 में रेलवे टेक्नेशियन, 2012 में रेल ड्राइवर, स्टेशन मास्टर के बाद वर्ष 2013 में कमर्शियल सुपरवाइजर की नौकरी प्राप्त की। उसके बाद उसने बताया कि 2018 से सचिवालय में योजना सहायक के पद पर कार्यरत हैं। नौकरी में रहते हुए स्वाध्याय के बल पर उसने पहला प्रयास में उक्त सफलता अर्जित की है। सफलता का श्रेय अपने परिवार जनों और दोस्तो को दी है। श्रवण की सफलता पर पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार सिंह, समाजसेवी विजय कुमार झा, मुखिया भगवान लाल साह, पंचायत समिति सदस्य रिंकू देवी, रामाकांत राय आदि ने बधाई दी है। वहीं दूसरी ओर नरहन के मोहम्मद शबाब ने तीसरे प्रयास में सफलता अर्जित कर प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर चयनित हुआ है। नरहन के अवकाश प्राप्त उप रजिस्ट्रार मोहम्मद नूर सलाम व गृहिणी हबीबा कमर के पुत्र मोहम्मद शबाब नौकरी में रहते हुए भी स्वाध्याय के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उसने मैट्रिक जेपीएनएस नरहन, इंटर और स्नातक एम के कालेज दरभंगा से की। इसके बाद एमबीए करने के बाद एक कंपनी में नौकरी की। तत्पश्चात गत दिनों बीपीएससी के परीक्षा में सफलता हासिल कर ऑडिटर के पद पर वर्तमान में कार्यरत रहते हुए वे बीपीआरओ के पद पर चयनित हुए है। उन्होने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरूजनों को दिया है।

छात्रावास को आखिरकार जिला प्रशासन ने पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच खाली कराया

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा के मदारपुर मुहल्ले में राजकीय अम्बेडकर कल्याण छात्रावास को आज आखिरकार जिला प्रशासन ने पुलिस की भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच खाली कराने में कामयाब हो गई । मौके पर दल बल के साथ खुद दरभंगा सदर के एस डी पी ओ अमित कुमार और एस डी ओ चंद्रिमा अत्रि भी मौजूद रही । जैसे ही आज पुलिस छत्रावास पहुची छात्रों से हल्की फुल्की बहस के बाद नाराजगी व्यक्त करते छात्र खुद ब खुद छत्रावास खाली करने को राजी हो गए । पुलिस की मौजूदगी में छात्र जैसे तैसे अपने सामानों को समेट छत्रावास छोड़ बाहर निकल गए लेकिन सरकार और प्रशासन पर कई गंभीर आरोप भी लगा गए । कुछ छात्रों ने तो अपना एडमिट कार्ड दिखाते कहा कि कल पी फोर सेमेस्टर का परीक्षा है और आज होस्टल खाली कराया जा रहा है ऐसे में वे अभी तुरंत जाए भी तो कहा बाहर किराए का मकान लेकर पढ़ना उनके बस की बात नही । दलित होने के कारण उनके साथ ना इंसाफी हो रही है लेकिन सरकार और विपक्ष दोनो के नेता कुछ नही बोल रहे है । उन्होंने कहा कि हॉस्टल में वे अवैध तरीके से नही रह रहे है बल्कि यहाँ की व्यवस्था उन्हें अवैध बना दिया है उन्होंने कहा कि कल्याण विभाग द्वारा कई बार काउंसिलिंग की गई लेकिन उसकी लिस्ट जारी ही नही किया गया अगर लिस्ट जारी हो जाता तो जिसका नाम विभाग देता वह छात्र को तो होस्टल खाली नही करना पड़ता । ऐसे में विभाग की लापरवाही के कारण यहाँ रह रहे सभी छात्र अवैध बन गए जिस कारण आज होस्टल को उन्हें खाली करने पर रहा है ।

संक्षिप्त खबरें

सांसद प्रतिनिधि को दिया मांग पत्र

परसा। बिजली सब स्टेशन परसा कार्यालय में कार्यरत मानव बल ने अपनी 7 सूत्री मांग को लेकर उपेंद्र शर्मा के नेतृत्व में सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह को मांग पत्र सौंपा गया।अपनी मांग को लेकर कर्मियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी किया।मांग पत्र में मुख्य रूप से मानव बल को एजेंसी रखे,मानदेय बढ़ाने,आकस्मिक अवकास देने,बोनस भुगतान करने,दुर्घटना होने पर चिकित्सकीय खर्च व्यय करने,करवाई करने से पहले नोटिस जारी कर कारण पूछने समेत सात मांग शामिल है।इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने मानव बल कर्मियों को सांसद से सदन तक पहुँचाने तथा हर संभव मदद कराने का आश्वसन दिया।इस मौके पर उपेंद्र शर्मा,कामेश्वर सिंह, जय लाल सिंह,विनय कुमार, सुनील कुमार,तारकेश्वर कुमार, मुस्लिम, गौतम राम,सुरेश राय,धीरज सिंह, विकी कुमार, अवधेश सिंह,मुन्ना राम, आदि शामिल थे।

पुलिस की गाड़ी देख बाइक छोड़कर भागा शराब कारोबारी

पानापुर(सारण)शनिवार की रात गश्ती पर निकली पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है।बताया जाता है शनिवार की रात स्थानीय थाने की पुलिस गश्ती पर निकली थी।इसी दौरान भोरहां गांव में पुलिस की गाड़ी देख बाइक से शराब की डिलीवरी करने जा रहा एक धंधेबाज अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया।पुलिस ने बाइक को जब्त कर जांच की तो बाइक के पीछे एक झोले में 51 पीस फ्रूटी पैक शराब लदा था।थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि लगभग नौ लीटर अंग्रेजी शराब जब्त किया गया है।इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर शराब धंधेबाजों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

दस लिटर शराब के साथ एक धंधेबाज गिरफ्तार

नगरा।खैरा थाना क्षेत्र के गोबिंदपुर नदी के पास से खैरा पुलिस ने दस लिटर शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया।उक्त गिरफ्तार धंधेबाज गोबिंदपुर गांव निवासी अखिलेश महतो बताया जाता है।वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष प्रीति राज ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर करवाई की गई है।गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

बालू लदी एक ट्रक जप्त,चालक गिरफ्तार

नगरा।खैरा थाना क्षेत्र के कृष्णा चौक से खैरा पुलिस ने ओवरलोड बालू लदी एक ट्रक को जब्त कर एक चालक को गिरफ्तार कर लिया ।गिरफ्तार चालक गड़खा थाना क्षेत्र के मूड़ा बसंत गांव निवासी मनोज राय बताया जाता है।वहीं इस संबंध में खैरा थानाध्यक्ष प्रीति राज ने बताया की वाहन जांच के दौरान करवाई की गई है।गिरफ्तार धंधेबाज को जेल भेज दिया गया है।

कलश लेकर रवाना हुए कार्यकर्ता

छपरा कार्यालय।परसा विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी का मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत परसा विधानसभा के सभी मंडल से कार्यकर्त्ता कलश लेकर दिल्ली के लिए प्रदेश कार्य समिति सदस्य 1राकेश सिंह की अध्यक्षता मे रवाना किया गया।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष भूलन जी मंडल अध्यक्ष रामानंद सिंह मंडल अध्यक्ष मंटू बाबा मंडल अध्यक्ष अजय पूरी भाजपा नेता सुजीत जी आईटी सेल मोनू सिंह महामंत्री विकास सिंह युवा मोर्चा धनजय चौबे कामेश्वर गुलाम विकास कुमार प्रमोद सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे ज्ञात हो की सांसद राजीव प्रताप रूडी जी ने भी जिला वासियो से इस कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया था।

मशरक में गोंड आदिवासियों की प्रकृति पूजा का आयोजन

मशरक। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के बहरौली पंचायत भवन परिसर में गोंड आदिवासियों द्वारा धूम धाम से जय सेवा, जय बड़ा देव, सेवा जोहार प्रकृति पूजा समारोह आयोजित किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री सुरेंद्र राम और डॉ सुजाता सुम्ब्रुई सदस्य बिहार राज्य महिला आयोग सह सचिव बिहार राज्य गोंड आदिवासी महासभा बिहार प्रदेश ने पहुंच सभी को सम्बोधित किया।मौके पर बनियापुर राजद विधायक केदारनाथ सिंह के पुत्र रितुराज सिंह और प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहरौली मुखिया अजीत सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहें।मौके पर सभी आगत अतिथियों का बहरौली मुखिया अजीत सिंह ने अंग वस्त्र और आम का फलदार पौधा देकर सम्मानित किया।

अति पिछड़ा समाज को नीतीश कुमार ने पंचायत व नगर इकाई में आरक्षण देकर सम्मानित करने काम किए है : कुशवाहा

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। जदयु ने मढ़ौरा विधानसभा अंतर्गत नगरा प्रखण्ड के नगरा चौक स्थित डी ए भी स्कूल के प्रांगण में जननायक कपूर्री चर्चा का किया आयोजन किया। जदयू के नगरा अध्यक्ष अनिल सिंह की अध्यक्षता में मढ़ौरा विधानसभा स्तरीय जननायक कपूर्री चर्चा का नगरा चौक स्थित डी ए भी स्कूल के प्रांगण में आयोजित की गई मंच का संचालन मढ़ौरा प्रखण्ड अध्यक्ष गामा सिंह ने किया प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि सारण जिला के सभी विधानसभा क्षेत्रों में कपूर्री चर्चा के माध्यम मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा चलाए जा रहे अतिपिछड़ा समाज के लिए जनकल्याणकारी योजनाओ की जानकारी देना इसी क्रम मे नगरा चौक के डी ए भी स्कूल के प्रांगण मे कपूर्री चर्चा का आयोजन कर अतिपिछड़ा समाज को मिलने वाले योजनाओं की जानकारी दी गई मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अतिपिछड़ा समाज को पंचायती राज में आरक्षण देकर सम्मानित करने का काम किया है देश के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी सिर्फ और सिर्फ जुमलाबाजी करने व्यस्त रहते है जनता महगाई से परेशान है पूर्व विधान पार्षद सारण प्रमंडल प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना, मुख्यमंत्री उद्धमी योजना, अतिपिछड़ा छात्र छात्राओ को छात्रवृति योजना देने का काम किया है विधान पार्षद डा0 वीरेंद्र नारायण यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री के द्वारा बिहार विधान मण्डल से जाति - गणना का सर्व सम्मत प्रस्ताव पारित किया गया था जिसे अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा ने अपने संगठनों के द्वारा अरंगा लगा कर रोकने का प्रयास किया ।

पूर्व विधायक हेम नारायण साह ने कहा कि जननायक कपूर्री ठाकुर के विचारों की विरासत की रक्षा करने और उसे विस्तार देने की ईमानदार कोशिश मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने की है उससे अतिपिछड़ा समाज लाभनवित हुआ है ।

जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार अतिपिछड़ा के प्रति राजनितिक अपमान का व्यवहार रखती है अतिपिछड़ा कार्यक्रम में अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष चंद्रभूषण पंडित, मुरारी सिंह, राजेश त्यागी,कामेश्वर सिंह, सत्यप्रकाश यादव, अरशद परवेज मुन्नी, दिनेश कुशवाहा , बालमुकुंद चौहान,भोला सिंह,ईङ्ग प्रभास शंकर, रवी प्रकाश, बसंती देवी,जयप्रकाश महतो, कुसुम देवी , डाङ्ग इंद्रकांत,चांदनी सिंह,संभू मांझी,गुड्डी जायसवाल, वीरेंद्र गिरी,कुसुम रानी, प्रियदर्शी चौरसिया, बाल्मीकि पाठक, रविंदर सिंह एवम जिला सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी प्रखण्ड अधिक उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन युवा प्रदेश महासचिव राकेश भारती ने किया।

दीपावली को ले बाजारों में दिखने लगा ऑफरो की रेंज

इस त्यौहार में मिट्टी के दिया की आज भी है अहमियत बरकरार

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा।दशहरा समाप्ति के बाद अब दिवाली की तैयारीशुरू हो गई है, इस त्यौहार को लेकर व्यवसायी वर्ग अपने-अपने प्रतिष्ठान की तैयारी में लग गए हैं। दीपावली में धनतेरस की खास अहमियत है, इस दृष्टिकोण से व्यावसायिक प्रतिष्ठान के लिए दीपावली और धनतेरस दोनों ही महत्वपूर्ण माना जाता है।

वहीं कारोबार से जुड़े प्रतिष्ठान छोटे दुकानदार और मॉल वाले इस त्यौहार को लेकर नई-नई रेंज के साथ ग्राहकों को लुभाने वाले ऑफर भी देते रहें हैं। दीपावली के त्यौहार में कारोबार से जुड़े दुकानदार पूरे साल का हिसाब किताब कर नई खाता की भी शुरूआत करते हैं। जबकि धनतेरस के अवसर पर खरीदारी की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, इस दृष्टिकोण से भी दुकानदार लुभाने और आकर्षक वस्तुएं की नई-नई रेंज लाते हैं। आमजन भी धनतेरस के अवसर पर तांबा,पीतल, स्टील के बर्तनों सहित सोना- चांदी व इलेक्ट्रॉनिक वस्तु खरीदारी करते हैं। ऐसा माना जाता है कि धनतेरस के अवसर पर लगभग हर घर में कुछ ना कुछ खरीदारी की जाती रही है। दीपावली में पटाखे की भी खूब बिक्री होती है, इस व्यवसाय से जुड़े दुकानदार भी नई -नई किस्म की पटाखे भी लाते हैं। इस त्यौहार में मिट्टी के दिए की खास परंपरा रही है, आज भी पुराने विचार के लोग धनतेरस और दीपावली में मिट्टी के दिया घरों पर जलाते हैं। इस पेशा से जुड़े कुम्हार समुदाय भी दिवाली को लेकर तैयारी करते हैं, चुकी दिवाली में मिट्टी से बना दिया की खूब बिक्री होती है। हालांकि अब इलेक्ट्रॉनिक दिया जलाने की प्रचलन बाजारों में आ चुकी है, इसके बावजूद मिट्टी की दिया की अहमियत आज भी बरकरार है। फिलहाल दीपावली और धनतेरस को लेकर व्यवसायी वर्ग अपने-अपने प्रतिष्ठानों को लेकर तैयारी जोरों-शोर से कर रहे हैं। आमजन भी इस त्यौहार को लेकर अपने-अपने बच्चों और परिवार के लिए खरीदारी करने की योजना बना रहे हैं। बहरहाल दशहरा समाप्ति के बाद दिवाली की धुम शुरू हो गई है, और इस त्यौहार को लेकर बाजारों की रौनक भी बढ़ने लगी है।

चित्राली के अभिनय के दिवाने हुए लोग, महज तीन दिनों में बटोरी करोड़ों व्यूज

भेल्दी(सारण) ।सारण जिले के अमनौर प्रखण्ड के रायपुरा गांव की बेटी चित्राली कुमारी सोशल मीडिया पर अपने अभिनय को लेकर इन दिनों सुर्खियों में है ।पूरे देश में वायरल गर्ल चित्राली के अभिनय की सराहना हो रही है। बताते चलें कि पत्रकार राजेश उपाध्याय की पुत्री व राजेन्द्र कॉलेज छपरा के पीजी की छात्रा चित्राली कुमारी मां काली के रूप में महिषासुर मर्दिनी स्तोत्रम पर स्तोत्र के साथ भाव प्रकट की जो सोशल मीडिया पर रातों-रात वायरल हो गया ।महज 5 घंटे में एक मिलियन पार कर गया और तीन दिनों में एक करोड़ से अधिक व्यूज(10 ट+) मिल गए ।चित्राली के अभिनय को 8 लाख लोगों ने लाइक व 53 सौ लोगों ने वीडियों को शेयर किया ।वायरल गर्ल चित्राली के अध्यात्म से ओत-प्रोत अभिनय की सराहना पूरे देश में कई जा रही है ।सोशल मीडिया पर चित्राली के इस अभिनय की कामयाबी के बाद इंटरव्यू लेने के लिए चैनल वालों का तांता लगा हुआ है ।मालूम हो कि चित्राली शिव तांडव,महिषासुर मर्दिनी के अलावे कई स्तोत्रम को भाव के साथ प्रस्तुत करने के साथ-साथ उस पर भाव नृत्य भी प्रस्तुत कर लोगों का दिल जीत लेती है ।रामचरित मानस की चौपाइयों को बेहतर ढ़ंग से प्रस्तुत करती है ।चित्राली कहती है मन में विश्वास हो और इरादे मजबूत हो तो कोई भी व्यक्ति किसी भी कठिन काम को आसानी से कर सकता है।

एससीइआरटी के कला संगम में गायक गोप व सरिता ने गाये गीत

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय ।राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीइआरटी) पटना में जिले के लोक गायक रामेश्वर गोप व सरिता साज ने साप्ताहिक शुक्रवार कला संगम के विशेष कार्यक्रम में प्रशिक्षु शिक्षकों के बीच भोजपुरी संस्कृति को गीतों के माध्यम से पहचान बताई ।हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू के बिहार आगमन पर बिहार की कृषि व कला संस्कृति पर उनके द्वारा दी गई अभिव्यक्ति पर आधारित राज्य के चर्चित लोक गायक शिक्षक रामेश्वर गोप व लोकगायिका सरिता साज ने करीब एक दर्जन गीतों की प्रस्तुति प्रशिक्षुओं के बीच की ।एससीइआरटी के व्याख्या व कार्यक्रम के संयोजक प्रसिद्ध नाट्यकार डॉ.जैनेन्द्र दोस्त की परिकल्पना पर आधारित इस कार्यक्रम में लोकगायिका सरिता साज ने भिखारी ठाकुर रचित बिदेसिया, बटोहिया और पूर्वी गीत पिया मोर मती जा हो पुरूबवा, तथा डगरिया जोहत ना आदि गीतों के माध्यम से प्रशिक्षुओं को रोजगार पलायन व बेरोजगारी को रेखांकित किया वहीं रामेश्वर गोप ने कृषि गीत करअ जैविक खेती हो किसानवा की प्रस्तुति से आर्गेनिक कृषि समय की मांग का संदेश दिया ।गायक गोप ने बिदेसिया नाटक के गीत प्यारी देश तनी देखे द हमके के अलावे छठ गीत व झूमर गीत गाकर उपस्थित सैकड़ों प्रशिक्षुओं को झूमने पर मजबूर किया ।एससीआरटी से जुड़े अधिकारी सुषमा कुमारी, डॉ. सीताराम प्रसाद, डॉ. वीर कुमारी कुजुर, व्याख्यता गिरधारी राम, डॉ. अयुब, डॉ. रहमान, हीरा चौधरी ने सामुहिक रूप से कलाकारों को सम्मानित किया।

मानदेय में वृद्धि करने की मांग को लेकर रसोइया ने किया बैठक, दी आंदोलन की चेतावनी

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर(सारण)प्रखण्ड के बीआरसी परिसर में राष्ट्रीय मध्याह्न भोजन रसोइया फ्रंट के तत्वधान में मध्याह्न भोजन बनाने वाली रसोइया का एक बैठक हुई ।जिसकी अध्यक्षता पवन शुकला ने किया ।इस बैठक में प्रखण्ड के सैकड़ों रसोइया सह सहायक ने भाग लिया ।रसोइया का कहना है कि बिद्यालय में पढ़ने वाले लाखों बच्चों को मध्याह्न भोजन बनने वाली रसोइया आज भी कम मानदेय पर बंधुआ मजदूर की तरह काम करने को मजबूर है।

मानदेय वृद्धि को लेकर सरकार व अधिकारियों के बिरुद्ध आंदोलन की चेतावनी दी ।इन्होंने कहा कि बिद्यालय में दिन भर खाना बनाते है बच्चों को खिलाते है बर्तन साफ करते है बिद्यालय में साफ सफाई करते है इतने काम करने के एवज में मात्र लगभग 17 सौ रुपया मानदेय सरकार देती है ।इस मानदेय से घर की बात कौन कहे पेट पालना मुश्किल है ।केंद्र सरकार व राज्य सरकार से मानदेय बृद्धि करने की मांग किया ।सभी रसोइया ने एक स्वर में कहा कि हमारी मांगो पर सरकार अगर बिचार नही करती है तो आठ नवंबर को पटना में केंद्र सरकार के बिरुद्ध धारण प्रदर्शन की चेतावनी दी ।इस मौके पर रुवी देवी सुरेश राय देवन्ति देवी कलावती देवी उमेश प्रसाद लीलावती देवी रीता देवी शोशिला देवी धर्मनाथ साह समेत सैकड़ो रसोइया शामिल थी।

भारतीय सूढी उत्थान संगठन की बैठक आयोजित

पटना। भारतीय सूढी उत्थान संगठन पटना बिहार रविवार सुबह 9 बजे स्थान काजीबाग पुरानी प्रणामी मंदिर देवी सर जी के आवास पर एक बैठक रखी गई थी जिसके अध्यक्षता देवी सर के द्वारा किया गया उन्होंने ने सूढी समाज को अति पिछड़ा वर्ग में लाने हेतु बिहार सरकार से अपील करते हुए कहा कि हम लोग को अति पिछड़ा वर्ग में नहीं किया गया तो बिहार में लोकसभा चुनाव विधानसभा चुनाव में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। अध्यक्ष विनोद शौणडिक ने कहा जिस तरह से जनगणना में सूढी समाज को कई जातियों मिलाकर हमारे समाज के साथ सौतेला व्यवहार किया गया पूरा बिहार सूढी समाज अब जाग चुका है।

कायस्थ परिवार से जुड़े सदस्यों की बैठक सम्पन्न, परामर्श समिति का हुआ गठन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सामाजिक ,शैक्षणिक,साहित्यिक , सांस्कृतिक व रचनात्मक कार्यो के प्रति समर्पित रहने वाले कायस्थ परिवार से जुड़े सदस्यों की सम्पन्न हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया । स्थानीय आशीर्वाद मार्केट काम्प्लेक्स में वरीय सदस्य डॉ.विद्या भूषण श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती सह सम्मान समारोह को सफल बनाने को लेकर महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचारोपरांत आवश्यक निर्णय लिया गया। बैठक में देश रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती के दिन अलग अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिये कायस्थ बंधुओं को सम्मानित किए जाने हेतु ग्यारह लोगों की परामर्श समिति का गठन किया गया। जिसमें परामर्श समिति के संयोजक के रूप में डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव को नामित किया गया व समिति में आर. के. सिन्हा उर्फ मिंटू जी, मनीष सिन्हा , कुमार अमितेश्वर सहाय ,मनोज श्रीवास्तव , डॉ राकेश दत्ता , मनीष रंजन उर्फ रिंकुजी, हरि किशोर श्रीवास्तव, अजीत कुमार , रूपेश नंदन एवं अभिजीत श्रीवास्तव को रखा गया । ये समिति सम्मानित किए जाने वाले लोगो का अंतिम चयन करेगी ।

सम्मान किए जाने वाले व्यक्तियों में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल होंगे ।इनमें शिक्षा , कला एवं संस्कृति , स्वास्थ्य , खेल, व्यवसाय , समाजसेवा, राजकीय एवं प्रशासनिक सेवा , प्रेस व मीडिया , विधि मण्डल एवं राजनीति के क्षेत्र से व्यक्तियो को रखा गया जिसपर बैठक में सभी उपस्थित सदस्यों ने अपनी सहमति जतायी । इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि एक सप्ताह के अंदर सभी सदस्यों से नामों पर सुझाव लिखित रूप में परामर्श समिति को देंगे। बैठक में कायस्थ परिवार के सक्रिय सदस्य अधिवक्ता दिलीप कुमार ,प्रिंस राज , अभिजीत श्रीवास्तव , रुपेश नंदन ,अमितेश्वर सहाय रोमी , पारस नाथ श्रीवास्तव , राजेश कुमार सिन्हा , अनिलेश्वर माधव , सुमन कुमार सोनू, रवीश श्रीवास्तव सुबोध कुमार सिन्हा , सुभाष चन्द भास्कर,अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुनील कुमार श्रीवास्तव, संतोष कुमार श्रीवास्तव ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किए । इस बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि देश के दूसरी आजादी के प्रणेता,सम्पूर्ण क्रांति के योद्धा एवं महान स्वतंत्रता सेनानी लोक नायक जयप्रकाश नारायण के प्रतिमा स्थानीय जे पी टावर में स्थापित करते हेतु बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,सारण के सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय नेता राजीव प्रताप रूडी एवं जिला पदाधिकारी,सारण को पत्र भेजा जाएगा ।इसके अलावा बैठक में सभी सदस्यों सहित प्रत्येक चित्रांश परिवारों के सुख दुख में सक्रिय रूप से शरीक होने की सहमति बनी। बैठक में सभी कायस्थ परिवार बंधु उपस्थित रहे ।; अध्यक्ष के सभा की समाप्ति के पूर्व रूपेश नंदन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। परामर्श समिति की पहली बैठक 9 नवंबर को होगी

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने शिक्षकों की रिक्ती को लेकर प्रधानाध्यापको की बुलाई बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

अमनौर (सारण) प्रखंड के हरि जी उच्च विद्यालय के सभागार कक्ष में रविवार को प्रधानाध्यापक की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई ।जिसकी अध्यक्षता जिला कार्यक्रम पदाधिकारी धनंजय पासवान ने किया ।बैठक में बीपीएससी से उत्तीर्ण शिक्षको की नियुक्त को लेकर रिक्ति पद पर चर्चा की गई ।कितने शिक्षक किस बिद्यालय में योगदान किया है इसकी समीक्षा भी किया। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापक को वर्ग 1 से 8 तक के कक्षाओं के लिए 40 छात्र अनुपात पर एक शिक्षक एवं वर्ग 9 से वर्ग 10+2 के कक्षाओं के लिए 60 छात्र अनुपात पर एक शिक्षक के अनुसार रिक्ति पद तैयार करने का निर्देश दिया ।वही वर्ग 6 सेव10 तक विषय वार शिक्षको की रिक्ति बारे में चर्चा की गई ।24 घण्टा के अंदर रिक्ति जमा करने का अधिकारियों ने निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी विश्वनाथ प्रसाद मिश्र, इंदु कुमारी, हरेशर सिंह,परशुराम महतो,संजय सिंह,,शीला राम,रविन्द्र साह, शंभू नाथ प्रसाद,मोहन कुमार,सरिता कुमारी,इंदु कुमारी,कुमारी शिमला यादव संतोष शर्मा रानी कुमारी समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद थे।

53वां स्थापना दिवस को लेकर कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय का 53वां स्थापना दिवस का हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम की शुरूआत फ्लैग होस्टिंग के साथ किया गया। गौरतलब हो कि जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय 28 अक्टूबर 1970 ईस्वी में स्थापित कर मेडिकल कॉलेज की शुरूआत हुई थी। कॉलेज प्रांगण में नामांकन को लेकर पहले यहां 50 सीटों पर डॉक्टर व प्रोफेसर की पढ़ाई की जाती थी, उसके बाद इसके सीट को बढ़ाकर 100 कर दिया गया और अभी 120 सीटों पर हर वर्ष कुशल शिक्षक के नेतृत्व में पढ़ाई कर डॉक्टर की खिताब हासिल कर निकलते हैं और वह पूरे देश में अपनी सेवा देते हैं, साथ ही महाविद्यालय में पहले यहां अंडर ग्रेजुएट की पढ़ाई कराई जाती थी, लेकिन अब पोस्ट ग्रेजुएट की पढ़ाई शुरूआत हो चुकी है। वही जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय के 53वे स्थापना दिवस पर यहां के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया था। जिसमें मेडिकल छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को जागरूक करने के लिए रैली भी निकल गई। वही कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो./डॉ. अशोक कुमार भगत ने बताया यहां से अभी तक 2500 डॉक्टर अपनी पढ़ाई करके निकले हैं, और पूरी दुनिया में परचम लहरा रहे हैं। सभी पूर्ववर्ती छात्रों का दो और तीन दिसंबर को एक बैच मीटिंग रखा गया है। वहीं मेडिकल ऑफिसर मेडिकल ऑफ गायनी डिपार्टमेंट की डॉक्टर सीमा सिंह ने बताया यह कॉलेज स्नेह स्नेह आगे बढ़ता चला जा रहा है, पहले कई सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी, लेकिन अब सारी सुविधाओं से लैस यह कॉलेज छात्रों के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रही है। इस मौके पर मेडिकल कॉलेज के शिक्षाविदित कर्मियों के अलावा दर्जनों छात्र छात्राओं की मौजूदगी रही थी।

प्रधानाध्यापकों के साथ डीपीओ ने की बैठक

प्रात : किरण संवाददाता

परसा ।प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा के सभागार कक्ष में डीपीओ धनंजय पासवान ने प्रखंड के सभी प्रधानाध्यपक के साथ बैठक किया ।बैठक में मुख्य रूप से बीपीएससी शिक्षक की पदस्थापना के लिए चर्चा किया गया ।डीपीओ धनंजय पासवान ने बताया कि बीपीएससी शिक्षक की विषय वार तथा छात्र के अनुपात के अनुसार पद स्थापित करना है ।इसके लिए प्रखंड तथा नगर पंचायत के अंतर्गत संचालित प्राथमिक विद्यालय से इंटरमीडिएट तक के सभी प्रधानशिक्षको से छात्रों के अनुपात में फॉर्मेट उपलब्ध कराना है ।डीपीओ ने बताया कि प्राथमिक विद्यालयों में चालीस छात्रों पर एक शिक्षक तथा मध्य और उच्चतर विद्यालय में 60 छात्रों पर एक शिक्षक को नियुक्ति करना है ।उन्होंने सभी शिक्षकों को फॉर्मेट भर कर बीआरसी को उपलब्ध कराने तथा त्रुटि पाये जाने वाले फॉर्मेट को जल्द शुद्ध कर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया ।डीपीओ ने कहा कि सभी नव चयनित पीपीएसी के शिक्षकों की नियुक्ति सॉफ्टवेयर के माध्यम होगी ।ताकि किसी प्रकार की गरबरी नही हो ।बैठक में शिक्षक नियुक्ति के साथ विकास कोष की राशि का खर्च संबंधित जानकारी लिया गया ।साथ ही पढ़ता विहार बढ़ता बिहार,सुरक्षित शनिवार समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं के संबंध में जानकारी लिया गया।

इस मौके पर बीइओ युगल किशोर,एकाउंटेंट बीरेंद्र कुमार,एमडीएम प्रभारी सुबोध सिंह,शिक्षक जय शंकर गुप्ता,उमेश राय,विजयेंद्र सिंह,अनिल प्रसाद,अली हसन,विकास कुमार,बुलेट सिंह,कृष्णा पाण्डेय, गजेंद्र कुमार,आशा देवी,बबिता कुमारी, गुड़िया सिंह,मालिक राम, सत्येंद्र कुमार आदि शामिल थे।

डूबने से युवक की मौत

प्रात : किरण संवाददाता

माँझी ।पड़ोस के अपने एक दादा के सतधन की रस्म के लिए कोडर पुल के समीप दाहा नदी में परिजनों के साथ स्नान करने गए मुबारकपुर के बढई टोला निवासी बिनोद शर्मा के पुत्र शिवम कुमार शर्मा उम्र 20 वर्ष की डूबकर मौत हो गई।

घटना रविवार के सुबह तब घटी जब उसके दर्जन भर परिजन उसी घाट पर स्नान की रस्म अदायगी के लिए मौजूद थे। घाट पर मौजूद लोगों ने बताया कि पैर फिसलने से शिवम अचानक कटाव के कारण निर्मित गहरे पानी के चकोह में चला गया और बचाने पहुँचे लोगों की आंखों के सामने देखते देखते ही डूब गया। युवक के डूबने की सूचना पाकर मुबारकपुर पँचायत के पूर्व मुखिया राहुल प्रकाश सिंह ने दूरभाष पर माँझी के सीओ धनंजय कुमार तथा थानाध्यक्ष अशोक कुमार दास को घटना की जानकारी दी। घटना की सूचना पाकर पहुँची माँझी थाना पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय गोताखोरों ने लगभग दो घण्टे के अथक प्रयास के बाद शव को आखिरकार ढूंढ निकाला। बाद में पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। परिजनों ने बताया कि मृतक के पिता परिवार के अन्य सदस्यों के साथ दिल्ली में रहकर फर्नीचर कम्पनी में मजदूरी करते है जिससे उनके परिवार का भरण पोषण होता है। बिनोद शर्मा के परिवार में पत्नी के अलावा दो पुत्र थे जिसमें मृतक ज्येष्ठ था हालांकि अभी उसकी शादी नही हुई थी। मृतक भी दिल्ली में ही रहकर पढ़ाई तथा बहाली की तैयारी करता था। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो माह पहले वह अपने गाँव आया था तथा अपनी बृद्ध दादी के साथ घर पर रहता था।

पेरहाप के युवा बने जेल सुप्रीटेंडेंट

प्रात : किरण संवाददाता

सहार : सहार प्रखंड के युवा ने बीपीएससी परीक्षा में 50वी स्थान बना के पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। प्रखंड के पेरहप गांव निवासी श्रीनिवास राय के पुत्र अमित कुमार ने बीपीएससी परीक्षा में 50वीं रैंक हासिल कर माता-पिता सहित सभी क्षेत्र वासियों को गौरवान्वित किया है। गवर्नमेंट इंजीनियर कॉलेज रीवा से सिविल इंजीनियर कर चुके अमित ने अपने दूसरे प्रयास में यह मुकाम हासिल किया है। अमित कुमार ने बताया कि उनके पिता बचपन में ही नौकरी के तलाश में रीवा आ गए थे। प्राइवेट कंपनी में कार्यरत पिता पूरे परिवार के साथ रीवा में रहने लगे उन्होंने छठी क्लास से दसवीं तक की पढ़ाई गवर्नमेंट स्कूल में रीवा में ही पूरा किया । बचपन से वर्दी तथा सिविल सेवा का शौक रखने वाले अमित की पहली पसंद डीएसपी थी तथा आगे बताया कि उनके इस सपना पूरा होने का सारा श्रेय अपने बड़े भाई अभिषेक कुमार को दिया उनके बड़े भाई नोएडा वेटिंग कॉलेज में लैब टेक्नीशियन के पोस्ट पर कार्यरत हैं।

माता मनोरमा देवी गांव पर ही रहती हैं। सुपरिटेंडेंट पद पर चयन होने पर पेरहाप गांव निवासी तथा चचेरे भाई मुरारी राय उर्फ लाला देवेंद्र राय जयप्रकाश राय अनिल कुमार निर्मल पंडित रंजीत कुमार गणेश राय अविनाश राय रंजीत राय प्रियांशु राय चन्दन चांद सहित अन्य कई लोगों ने बधाई दिया। प्रखंड क्षेत्र में बीपीएससी में रैंक आने से युवाओं की पढ़ाई के प्रति उत्साह तथा जोश देखा गया।

जिलाधिकारी ने विशेष अभियान दिवस में अनुपस्थित पाये गये बीएलओ से मांगा स्पष्टीकरण

गया । गया में एक जनवरी .2024 के आधार पर फोटोयुक्त निर्वाचक सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अन्तर्गत शनिवार को विशेष अभियान दिवस आयोजित किया गया था जिस दौरान मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों बीएलओ को अपने मतदान केन्द्र उपस्थित रहकर परिबंधन, विलोपन एवं संशोधन हेतु आवश्यक कार्रवाई किया जाना था। संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय द्वारा सूचित किया गया है। कुछ मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों बीएलओ 230 गया टॉउन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 27, 233- अतरी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 44 एवं 234 वजीरगंज विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में 23 विशेष अभियान दिवस में अनुपस्थित पाये गये हैं, अनुपस्थित मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों बीएलओ का वेतन इस तिथि का जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी, गया द्वारा स्थगित किया गया है एवं अनुपस्थिति के संबंध में स्पष्टिकरण की मांग करते हुए इसकी सूचना मतदान केन्द्र स्तरीय पदाधिकारियों एवं उनके नियंत्री पदाधिकारियों को देने हेतु निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

सम्पादकीय

मुमताज महल को सोने दो !

कवि मधुसूदन आत्मीय

शरद पूनम की रात है मुमताज महल को रोने दो
रूह जुदा होती नहीं, एहसास जीवन की होने दो,
मंदिर-मस्जिद के झगड़े में हैवानों को पिसने दो!
ताजमहल के कोने में मुमताज महल को सोने दो!

बाबर औरंगजेब नहीं था, प्रेम पथिक था शाहजहां
मुमताज बिना उसके लिए बेकार था यह सारा जहां,
निगहबान की रूह को संग मुमताज के रहने दो
मंदिर मस्जिद के झगड़े में हैवानों को पिसने दो!

सुना बहुत संगीत-प्रेमी था औरंगजेब का बराबर मन
अपनों की हिंसा में लिप्त रहा क्यों उसका तन?
रिश्ता जो संगीत से रखते उन्हें आत्मसुख पाने दो!
मंदिर मस्जिद के झगड़े में हैवानों को पिसने दो!

भेद नहीं ईश्वर अल्लाह में कबीर- साईं में करते क्यों?
राम रहीम की धरती पर पंथ धर्म का रगड़ा क्यों?
एक ब्रह्म से सभी आत्मा कलुषित उन्हें न होने दो!
मंदिर मस्जिद के झगड़े में हैवानों को पिसने दो!

किस मुगालते में इंसां अपनों की बालि चाहता है?
धन-दौलत औलाद किसी के साथ कहां जाता है?
न्याय मार्ग पर अडिग चलें दोजख में जग को जाने दो,
मंदिर-मस्जिद के झगड़े में हैवानों को पिसने दो!

शरद पूनम की रात जब अमृत चंदा बरसाता है
मुमताज महल की विकल रूह को फतेहपुर आने दो
जगत-प्रेम की नई मिसाल आज जरा बन जाने दो!
ताजमहल के कोने में मुमताज महल को सोने दो!

मानवता की आड में क्रूरता को संरक्षण

डा. रवीन्द्र अरजरिया

हमास और इजरायल के मध्य चल रही जंग में मानवता के नाम पर आतंक को संरक्षण देने के लिए कबायत शुरू हो गई है। विश्व में इस्लाम के नाम पर कट्टरता दिखाने वाले 57 मुस्लिम देशों ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में तबज्जोह न मिलने पर संसार के सबसे बडे संगठन की महासभा में गुहार लगाई। जार्डन के प्रस्ताव पर संयुक्त राष्ट्र संघ की आम सभा में 120 देशों ने अपना समर्थन दिया जब कि 14 देशों ने प्रस्ताव के विरोध में मतदान किया। विरोध करने वालों में अमेरिका, इजरायल, आस्ट्रिया, क्रोशिया, चेचिया, फिजी, ग्वाटेमाला, हंगरी, मार्शल, आईलैण्ड, माइक्रोनेशिया, नोउरु, पापुआ न्यू गिनी, पराग्वे तथा टोंगा शामिल थे जबकि 45 देशों ने मतदान का बहिस्कार किया। जार्डन ने अपने प्रस्ताव में सीधे हमास का नाम न लेकर गाजा में आम नागरिकों की सुरक्षा और हो रहे इजराइली हमलों में मानवीय कानूनों को तत्काल लागू करने की बात कही ताकि अप्रत्यक्ष में हमास को सुरक्षा दी जा सके। इस प्रस्ताव में हमास के व्दारा इजरायल में निरीह लोगों का किया गया कत्लेआम और बंधकों को दी जाने वाली यातनाओं का जिक्र तक नहीं किया गया। वास्तव में महासभा में इस तरह से पास प्रस्तावों को सलाह के रूप में लिया जाता है जबकि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पारित प्रस्ताव को मानने के लिए सभी सदस्य देश बाध्य होते हैं। इस प्रस्ताव को लेकर कट्टरपंथी देश काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं कि उसे दुनिया के 120 देशों का समर्थन मिल गया है वहीं इजरायल ने एक वीडियो जारी करके गाजा के अस्पतालों से संचालित होने वाले हमास के आपरेशन को बेनकाब कर दिया है। अस्पतालों के नीचे सुरंग होने के दावे किये जा रहे हैं। अमानवीय कृत्य करने वाले आतंकी संगठनों के पक्ष में ईरान जैसे देश खुलकर खडे हो जाते हैं। पूर्व निर्धारित योजना के तहत आतंकियों की कब्र खुदती देखकर निर्दोष नागरिकों की आड में षडयंत्रकारी देश चीख-पुकार मचाने लगते हैं। जबकि मुस्लिम देशों के अन्दर अल्पसंख्यकों, अन्य धर्मावलम्बियों और मानवीय मूल्यों की दुहाई देने वालों को कठोरता, निर्ममता और क्रूरता से रौंदा जा रहा है जिस पर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आतंक की दम पर संसार में इस्लाम का एकछत्र राज्य कायम करने की कल्पना में जी रहे कट्टरपंथियों ने अपनी एकता की दम पर मानवता को कुचलने का मनसूबा पाल रखा है। दुनिया के प्रमुख 10 आतंकी संगठनों में इस्लामिक स्टेट, अलकायदा, तालिबान, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, बोको हराम, अल नुस्रा फ्रन्ट, हिजबुल्लाह, हमास, कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी तथा रिवोल्यूशनरी आर्म्ड फोर्सेस आफ कोलंबिया के नाम शामिल है जिसमें पहले 9 संगठन मुस्लिम कट्टरपंथियों के हैं जबकि अंतिम संगठन मार्क्सवादी-लेनिनवादी आतंकवादी संगठन है। डोमिनिक रैनी की इस्लामिक आतंकवादी हमलों पर आधारित एक रिपोर्ट के अनुसार सन् 1979 से लेकर मई 2021 के बीच संसार में कम से कम 48, 035 इस्लामी आतंकवादी हमले हुए हैं जिनमें कम से कम 2, 10, 138 लोगों की मौत हुई है। इन संगठनों के प्रायोजक बनकर अनेक इस्लामिक देश आतंक को निरंतर बढावा देने में लगे हैं। जीवन जीने का ढंग, आराधना की पध्दति और सामाजिक मूल्यों को आतंक के माध्यम से थोपने वालों ने हमेशा से ही क्रूरता का सहारा लिया है। अतीत कुरेदने पर स्पष्ट होता है कि भारत पर हुए आक्रान्ताओं के हमलों के पीछे फटेहाल देशों से आने वाले व्यापारियों का सबसे बडा हाथ रहा है। रियासतकाल में व्यापार के नाम पर अनजानी वस्तुओं के आदान-प्रदान की कुटिल चालें समय के साथ सीधे, सरल और मानवतावादी राज्यों में फैलती रहीं। इन्हीं आगन्तुक व्यापारियों ने वापिस जाकर अपने कबीले के क्रूर साथियों को सम्पन्न रियासतों की पूरी जानकारी देकर आक्रमण के लिए प्रेरित किया था। आंकडे बताते हैं कि जिन राज्यों में सनातन से इतर व्यापारियों ने आमद दर्ज की, वहीं पर कुछ समय बाद आक्रान्ताओं, लुटेरों और उन्मादियों ने हमले कर दिये। अहिंसा का पाठ पढाने वाले जिन सनातनियों ने कभी धोखे से चींटी भी मार दी तो उसका प्राश्चित भी किया हो, उनके सामने क्रूरता, कठोरता और हत्या करने वालों का आतंक कहर बनकर फूटता रहा। आक्रान्ताओं की फौज को लूट, बलात्कार और मनमानियां करने की खुली छूट थी। युध्द के सिध्दान्त, मयार्दायें और अनुशासन मानने वाले सनातनियों की दुर्दशा उनके अपने आदर्शों के कारण ही होती रही। उदारवादिता के संस्कारों को कटीले झाडों ने हमेशा ही लहूलुहान किया गया। भितरघातियों व्दारा विलासता की चाह में अपनों को मौत के घाट उतारा जाता रहा। वर्तमान में हमास ने भी मानवतावादी सिध्दान्तों की आड लेकर गाजा के अस्पतालों को अपना अड्डा बना लिया है। उनके नीचे बनाई गई सुरंगों को नस्तनाबूत करने के लिए अस्पतालों पर बमबारी करना होगी। ऐसा करते ही दुनिया मानवता की दुहाई देते हुए युध्द विराम के लिए हो हल्ला मचाने लगेगी। मानवता विरोधियों के व्दारा किये जाने वाले सामूहिक नरसंहार से पीडित देश स्वयं उससे निपटता है और जब आतंकियों के मार्मिक ठिकानों पर प्रहार होते हैं तो इस्लामिक देश निरीह नागरिकों की जान की दुहाई देने लगते हैं। जब आतंकी निर्दोष लोगों का खून बहाते हैं तब इस्लामिक देशों से निंदा का एक भी शब्द नहीं निकलता। विस्तावादी नीतियों पर चलने वाला आतंक का प्रयोजिक देश चीन जब हमास का पक्ष लेता है तो कोई नई बात नहीं होती परन्तु यूक्रेन पर निरंतर हमले करने वाला रूस जब हमास का सुरक्षा कवच बनकर खडा होता है तब आश्चर्य होता है। मानवता की आड में क्रूरता को संरक्षण देने वाली चालों को करना होगा असफल अन्यथा कट्टरता की कालिख में स्वाधीनता का लोप होते देर नहीं लगेगी। गाजा के अस्पतालों से संचालित होने वाले आतंकी अड्डे आज बेनकाब हुए हैं जबकि भारत में भी आतंकवादियों के अधिकांश जडें मदरसों, यतीमखानों, मस्जिदों, सरायों, दवाखानों में ही जमीं हैं जहां से धर्म की दुहाई पर कट्टरता, आक्रामकता और आतंक की फसलें पैदा हो रहीं है। इन स्थानों पर छापामारी करते ही इस्लाम खतरे में है, का नारा बुलंद होने लगता है। जबकि केरल के मलप्पुरम में फिलिस्तीन के समर्थन में जमात-ए-इस्लामी की यूथ विंग सालिडेरिटी युवा के आवाह्न पर निकाली गई रैली को हमास नेता खालिद मशेल से भी संबोधित कराया गया। खालिद ने अपने वर्चुअल उद्बोधन में कहा कि बुल्डोजर हिन्दुत्व और रंगभेदी यहूदीवाद को उखाड फैंको। भारत की धरती पर सांसें लेने वाले लोगों ने हमास का जो बीजारोपण किया है वह केरल की आईएसआईएस विंग के साथ कदमताल करती प्रतीत हो रही है। बाहर से अलग-अलग दिखने वाले यह आतंकी संगठन अन्दर से एक साथ जुगलबंदी करते हैं, अपने आकाओं के व्दारा किये गये षडयंत्र को अमली जामा पहनाते हैं और करते हैं अहिंसकों पर हिंसा का क्रूरतम प्रहार। इस बार बस इतना ही।

सोशल मीडिया पर फैलाई जा रही नफरत एक सुनियोजित षड़यंत्र ?

आज उसी देश में सद्भाव व सौहार्द की नहीं बल्कि साम्प्रदायिक नफरत के बीज बोने जैसा खतरनाक खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के लाख मना करने व चेतावनी देने के बावजूद देश के मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया के फेस बुक, वॉट्सएप्प व एक्स (ट्विटर) जैसे अनेक प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से साम्प्रदायिकता का जहर उगला जा रहा है। चूँकि मीडिया व सोशल मीडिया इस तरह के विषवमन करने वाले अनेक तत्वों को उन्हें प्रचारित कर ह्महीरोह्न बना चुका है और ऐसे अनेक स्वयंभू धर्मगुरु से लेकर अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों तक समाज में जहर घोल कर व साम्प्रदायिक नफरत फैलाकर आज के दौर के चर्चित व्यक्ति बन चुके हैं और प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, अतः इन्हीं का अनुसरण कर मानो नफरत के कारोबारियों की पूरी फौज धड़ल्ले से मैदान में उतर आई है और बेफिक्र होकर समाज में नफरत का जहर घोल रही है। इनमें से अधिकांशतः समाज के निठल्ले, बेरोजगार, अपेक्षित, अशिक्षित, साम्प्रदायिकतावादी, पूर्वाग्रही तथा सामाजिक एकता को नापसंद करने वाली जन्मजात सोच रखने वाले लोग शामिल हैं।इन्हें मालूम है कि चूँकि उनके इस नफरती अभियान से सत्ता पक्ष खुश होगा, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी, और सम्भव है कि नफरत फैलाने में ज्यादा महारत रखने का सफल प्रदर्शन करने पर उन्हें किसी रेवडी से भी नवाज दिया जाये।

तनवीर जाफरी
लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

जिस भारत देश में स्कूली शिक्षा में प्राइमरी कक्षा की इतिहास की पाठ्य पुस्तकों में सभी धर्मों के महापुरुषों की जीवन गाथा केवल इसी मकसद से पढ़ाई जाती थी ताकि देश के कर्णधार बच्चों को न केवल उनके व्यक्तित्व के बारे में पता चल सके बल्कि उनके प्रति आदर, सत्कार, सम्मान व स्नेह भी पैदा हो। आज उसी देश में सद्भाव व सौहार्द की नहीं बल्कि साम्प्रदायिक नफरत के बीज बोने जैसा खतरनाक खेल खेला जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के लाख मना करने व चेतावनी देने के बावजूद देश के मुख्य धारा के मीडिया से लेकर सोशल मीडिया के फेस बुक, वॉट्सएप्प व एक्स (ट्विटर) जैसे अनेक प्लेटफॉर्म्स पर धड़ल्ले से साम्प्रदायिकता का जहर उगला जा रहा है। चूँकि मीडिया व सोशल मीडिया इस तरह के विषवमन करने वाले अनेक तत्वों को उन्हें प्रचारित कर ह्महीरोह्न बना चुका है और ऐसे अनेक स्वयंभू धर्मगुरु से लेकर अपराधी प्रवृत्ति के तत्वों तक समाज में जहर घोल कर व साम्प्रदायिक नफरत फैलाकर आज के दौर के चर्चित व्यक्ति बन चुके हैं और प्रसिद्धि हासिल कर चुके हैं, अतः इन्हीं का अनुसरण कर मानो नफरत के कारोबारियों की पूरी फौज धड़ल्ले से मैदान में उतर आई है और बेफिक्र होकर समाज में नफरत का जहर घोल रही है। इनमें से अधिकांशतः समाज के निठल्ले, बेरोजगार, अपेक्षित, अशिक्षित, साम्प्रदायिकतावादी, पूर्वाग्रही तथा सामाजिक एकता को नापसंद करने वाली जन्मजात सोच रखने वाले लोग शामिल हैं। इन्हें मालूम है कि चूँकि उनके इस नफरती अभियान से सत्ता पक्ष खुश होगा, उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होगी, और सम्भव है कि नफरत फैलाने में ज्यादा महारत रखने का सफल प्रदर्शन करने पर उन्हें किसी रेवड़ी से भी नवाज दिया जाये।

पिछले दिनों भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना राज्य में अपने प्रत्याशियों की जो सूची जारी की उसमें एक नाम विधायक टी राजा सिंह का भी था। पार्टी ने उन्हें इस बार भी उनकी गोशामहल सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया है। टी राजा 2014 से इसी सीट से चुनाव जीतते आ रहे हैं। इनका संक्षिप्त परिचय यह है कि यह रानजीति में आने से पूर्व बजरंग दल से जुड़े थे। हमेशा विवादों से घिरे रहने वाले टी राजा के विरुद्ध अनेक थानों में 75 से भी अधिक एफआईआर दर्ज हैं। इनमें से अधिकांश प्राथमिकी हेट स्पीच, लॉ एंड ऑर्डर के उल्लंघन और कर्फ़्यू के आदेशों के उल्लंघन जैसे मामलों में दर्ज हैं। पिछले कुछ समय से राजा सत्ता द्वारा मिलती जा रही लगातार छूट या शह से उत्साहित होकर कुछ ज्यादा ही नफरत उगलने लगे थे। टी राजा की पूरी राजनीति व शोहरत ही नफरत की बुनियाद पर तिकी रही है। उन्होंने 2017 में बॉलीवुड फिल्म पद्मावत की रिलीज को लेकर मचे हंगामे के दौरान भी कई विवादित बयान दिए थे। उन्होंने हैदराबाद के पुराने शहर को मिनी पाकिस्तान बताया था। जुलाई, 2017 में उन्होंने बंगाल में हिंदुओं से 2002 के गुजरात दंगों की तरह जवाब देने को कहा था।

इस तरह 2018 में उन्होंने रोहिंग्या मुसलमानों को लेकर कहा था कि अगर वह देश नहीं छोड़ते तो उन्हें गोली मार देनी चाहिए। उन्होंने मुसलमानों की धार्मिक किताब कुरआन पर प्रतिबंध लगाने को भी कहा था और इसे ग्रीक पुस्तक बताते हुए कुरआन को देश में आतंकवाद का कारण बताया था। उनकी इसी नफरत पूर्ण पोस्ट की वजह से 2020 में उन्हें फेस बुक ने प्रतिबंधित भी कर दिया था। ऐसा करते समय फेस बुक ने कहा था कि टी राजा ने उस पॉलिसी का उल्लंघन किया है, जो हिंसा और नफरत को बढ़ावा देने या उसमें शामिल होने वाले लोगों को फेस बुक पर उपस्थिति से रोकता है। कभी वे पैगंबर मोहम्मद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते सोशल मीडिया पर नजर आते तो कभी एक मुस्लिम हास्य कलाकार मुनव्वर फारूकी का शो होने पर स्टेज को आग लगा देने की धमकी देते सुनाई देते। इस धमकी के बाद उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। उसी समय भाजपा ने उनके बयानों से किनारा करते हुये कहा था कि ये उनके निजी विचार हैं और पार्टी इसका समर्थन नहीं करती। और फिर उन्हें पार्टी से निलंबित भी कर दिया गया था। और अब उसका निलंबन समाप्त कर भाजपा द्वारा पुनः उसी विवादित व नफरत फैलाने वाले व्यक्ति को प्रत्याशी बनाने का आखिर क्या अर्थ है?

इसी तरह जब भाजपा सांसद प्रज्ञा ठाकुर, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हत्यारे व स्वतंत्र भारत के पहले आतंकवादी हत्यारे नाथू राम गोडसे को देशभक्त बताती हैं तो प्रधानमंत्री उनसे रुष्ट होने का बयान तो जरूर देते हैं परन्तु उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते? अनुराग ठाकुर व तेजस्वी सूर्य जैसे कई लोग नफरत फैलाने के बाद पदोन्नत होते दिखाई देते हैं। कोई शस्त्र धारण करने का आवाह्न समुदाय विशेष से कर रहा है तो किसी ने सोशल मीडिया पर तलवारों की दुकान ही खोल रखी है। कोई चाकुओं की धार तेज रखने को कह रहा है तो कोई दस पांच बच्चे पैदा करने की सलाह दे रहा है। ऐसे माहौल में कौन नहीं चाहेगा कि हिंसा व नफरत की आग में ही तपकर क्यों न सत्ता के करीबियों में अपना शुमार किया जाये? अनजानी व गुमनामी भरी जिंदिगी जीने वाले लोग भला क्यों न चाहेंगे कि केवल नफरती पोस्ट के जरिये धर्म ध्वजा बुलंद कर क्यों न ह्मप्रसिद्धिह्न की राह तय की जाये? और अब तो नफरत का यह बाजार इतनी कुरूपित हो चुका है कि यही नफरती ट्रोल फिलिस्तीन में इस्राईलियों द्वारा किये जा रहे नरसंहार का जश्न मना रहे हैं और बार बार हमास या फिलिस्तीनियों को ही गलत, लड़ाई का जिम्मेदार यहाँ तक कि उन्हीं को क्रूर ठहराने पर तुले हैं? नफरत के कई सौदागर इस्राईली सेना के पक्ष में लड़ने के लिये जाने को तैयार बता रहे हैं तो कई ने तो अपनी प्रोफाइल पर भारतीय तिरंगे की जगह इस्राईली ध्वज तक लगा दिया है। रेवड़ी व शोहरत हासिल करने के इस शार्ट कट पर चलने में भी इस समय गोया प्रतिस्पर्धा सी मची हुई है। शम्भू रैगर व मोनू मानेसर जैसे अनेक गुंडे मवाली ही नहीं बल्कि स्वयं को पढ़े लिखे कहलाने का शौक पालने वाले अनेकानेक स्वयंभू लेखक, कवि, प्रेरक, प्रवचनकर्ता, लेक्चरबाज, यहाँ तक कि सत्ता लोभी अनेक फिल्मी लोग व तमाम स्वयंभू पत्रकार भी इस अंधी रेस में दौड़ लगा रहे हैं। सवाल यह है कि नफरत के बाजार में हिंसा व नफरत के सौदागरों द्वारा सोशल मीडिया पर पूरी आजादी से इस कद्र नफरत फैलाना और उनका बिना किसी कानूनी बाधा के उनका बेलगाम घूमना यह सब समाज को विभाजित करने का एक सुनियोजित षड़यंत्र नहीं तो और क्या है?

भारत में बैंक ऋण का उपयोग उत्पादक कार्यों हेतु दक्षता के साथ हो रहा है

वर्तमान केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान देते हुए विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र की बैंकों को तैयार किया है कि वे देश के समस्त नागरिकों को ऋण के रूप में धन अथवा पूंजी आसान शर्तों पर उपलब्ध कराएं ताकि देश के आर्थिक विकास को बल मिल सके। ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है, जून 2023 को समाप्त तिमाही में भारतीय बैंकों में सकल अनुत्पादक आस्तियों का प्रतिशत केवल 3.7 प्रतिशत था। इससे अंततः बैकों की लाभप्रदता में वृद्धि होती है और इन बैकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार होता है। जून 2023 को समाप्त तिमाही में भारतीय बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.1 प्रतिशत था जो अमेरिकी बैंकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात से भी अधिक है। साथ ही, वर्तमान ऋण की, समय पर अदायगी से बैकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है।

प्रहलाद सबनानी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते व्यवसाईयों, कृषकों, उद्यमियों, उद्योगों, सेवाकर्मियों एवं नागरिकों की, उनकी आर्थिक एवं अन्य गतिविधियों के लिए, पूंजी की आवश्यकता लगातार बढ़ती जा रही है। वर्तमान केंद्र सरकार ने इस ओर ध्यान देते हुए विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र की बैंकों को तैयार किया है कि वे देश के समस्त नागरिकों को ऋण के रूप में धन अथवा पूंजी आसान शर्तों पर उपलब्ध कराएं ताकि देश के आर्थिक विकास को बल मिल सके। ऋण का उपयोग यदि उत्पादक कार्यों के लिए किया जाता है एवं इससे यदि धन अर्जित किया जाता है तो बैकों से ऋण लेना कोई बुरी बात नहीं है। बल्कि, इससे तो व्यापार को विस्तार देने में आसानी होती है और पूंजी की कमी महसूस नहीं होती है। भारतीय नागरिक तो वैसे भी सनातन संस्कृति के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए अपने ऋण की किश्तों का भुगतान समय पर करते नजर आते हैं इससे बैकों की अनुत्पादक आस्तियों में कमी दृष्टिगोचर हो रही है, जून 2023 को समाप्त तिमाही में भारतीय बैंकों में सकल अनुत्पादक आस्तियों का प्रतिशत केवल 3.7 प्रतिशत था। इससे अंततः बैकों की लाभप्रदता में वृद्धि होती है और इन बैकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात में सुधार होता है। जून 2023 को समाप्त तिमाही में भारतीय बैंकों का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 17.1 प्रतिशत था जो अमेरिकी बैंकों के पूंजी पर्याप्तता अनुपात से भी अधिक है। साथ ही, वर्तमान ऋण की, समय पर अदायगी से बैकों की ऋण प्रदान करने की क्षमता में भी वृद्धि होती है।

अभी हाल ही में भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में यह बताया गया है कि भारत में वित्तीय वर्ष 2014 से वित्तीय वर्ष 2023 के बीच बैंकों की कुल सम्पति/देयताओं में वृद्धि, वित्तीय वर्ष 1951 से वित्तीय वर्ष 2014 के बीच की तुलना में 1.3 गुणा अधिक रही है। वित्तीय वर्ष 2051 से 2014 के बीच के 63 वर्षों के दौरान भारत की समस्त अनुसूचित व्यावसायिक बैंकों की सम्पति एवं देयताओं में 142 लाख करोड़ रुपए की वृद्धि दर्ज की गई थी, जबकि वित्तीय वर्ष 2014 से 2023 के बीच के 9 वर्षों के खंडकाल में यह वृद्धि 187 लाख करोड़ रुपए की रही है। बैकों द्वारा अधिक मात्रा में प्रदान की जा रही ऋणराशि के चलते ही बैकों की आस्तियों में अतुलनीय वृद्धि दर्ज की गई है। 22 सितम्बर 2023 को समाप्त पखवाड़े के दौरान बैकों द्वारा प्रदान की गई ऋण राशि में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है, इससे बैकों का ऋण जमा अनुपात 78.58 हो गया है।

भारत के बैकों की ऋण राशि में हो रही अतुलनीय वृद्धि के बावजूद, भारत में ऋणःसकल घरेलू उत्पाद अनुपात अन्य देशों की तुलना में अभी भी बहुत कम है। हालांकि हाल ही के समय में विनिर्माण इकाईयों की उत्पादन क्षमता का उपयोग बहुत तेजी से बढ़ा है, वित्तीय वर्ष 2022-23 के चौथी तिमाही में विनिर्माण इकाईयों द्वारा अपनी उत्पादन क्षमता का 76.3 प्रतिशत उपयोग किया जा रहा था, जिसके कारण उद्योग जगत को ऋण की अधिक आवश्यकता महसूस हो रही है। बढ़े हुए ऋण की आवश्यकता की पूर्ति भारतीय बैंकें आसानी से करने में सफल रही हैं। यह तथ्य इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि विकसित देशों में भी प्रायः यह देखा गया है कि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण में वृद्धि के साथ उस देश के सकल घरेलू उत्पाद में भी तेज गति से वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में भी अब यह तथ्य परिलक्षित होता दिखाई दे रहा है। भारत में आर्थिक गतिविधियों में आ रही तेजी के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में भी ऋण की मांग लगातार बढ़ रही है। फिर भी, भारत में कोरपोरेट को प्रदत ऋण का सकल घरेलू उत्पाद से प्रतिशत वर्ष 2015 के 65 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2023 में 50 प्रतिशत हो गया है। इसका आशय यह है कि इस दौरान कोरपोरेट ने अपने ऋण का भुगतान किया है एवं उन्होंने सम्भवतः अपनी लाभप्रदता में वृद्धि दर्ज करते हुए अपने लाभ का पूंजी के रूप में पुनर्निवेश किया है। साथ ही, कुछ कोरपोरेट का आकार इतना अधिक बढ़ा हो गया है कि उन्होंने अंतरराष्ट्रीय वित्त बाजार से कम ब्याज की दर पर डॉलर में ऋण प्राप्त करने में सफलता पाई है। हालांकि इस बीच भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश भी बढ़ा है जो वर्ष 2013 में 2200 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर वर्ष 2023 में 4600 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है।

विभिन्न बैंकों द्वारा प्रदत्त लम्बी अवधि के ऋण सामान्यतः आस्तियां उत्पन्न करने में सफल रहे हैं, जैसे गृह निर्माण हेतु ऋण अथवा वाहन हेतु ऋण, आदि। इस प्रकार के ऋणों के भविष्य में डूबने की सम्भावना बहुत कम रहती है। बैंकों द्वारा खुदरा क्षेत्र में प्रदत्त ऋणों में से 10 प्रतिशत से भी कम ऋण ही प्रतिभूति रहित दिए गए हैं जैसे सरकारी कर्मचारियों को पर्सनल (व्यक्तिगत) ऋण, आदि। पर्सनल ऋण प्रतिभूति रहित जरूर दिए गए हैं परंतु चूंकि यह सरकारी कर्मचारियों सहित नौकरी पेशा नागरिकों को दिए गए हैं, जिनकी मासिक किश्तें समय पर अदा की जाती हैं, अतः इनके भी डूबने की सम्भावना बहुत ही कम रहती है। इस प्रकार, यह कहा जा सकता है कि भारत में अब बैकों द्वारा ऋण सम्बंधी व्यवसाय बहुत सुरक्षित तरीके से किया जा रहा है। इसी कारण से हाल ही के समय में यह पाया गया है कि भारतीय बैंकों की अनुत्पादक आस्तियों की वृद्धि पर अंकुश लगा है। यह भी संतोष का विषय है कि हाल ही के समय में भारतीय बैंकों से प्रथम बार ऋण लेने वाले नागरिकों की संख्या में भी वृद्धि दर्ज की गई है। इसका आशय यह है कि भारतीय नागरिक जो अक्सर बैकों से ऋण लेने से बचते रहे हैं वे अब बैकों से ऋण लेने के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं क्योंकि इस बीच बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋण सम्बंधी शर्तों को आसान बनाया गया है।

सिबिल द्वारा जारी की गई जानकारी के अनुसार, भारत में वित्तीय वर्ष 2023 को समाप्त अवधि के दौरान प्रदान किए गए कुल पर्सनल ऋणों में 98 प्रतिशत ऋण 50, 000 रुपए से अधिक की राशि के थे और केवल 2 प्रतिशत ऋण ही 50, 000 रुपए की कम राशि के थे। यह भारत के नागरिकों की आय में लगातार हो रही वृद्धि को दर्शा रहा है। क्योंकि, पर्सनल ऋण सामान्यतः व्यक्ति की किश्त अदा करने की क्षमता के आधार पर प्रदान किया जाता है। इसी प्रकार, भारत में नागरिकों द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग में भी वृद्धि दर्ज की गई है और कई नागरिकों द्वारा क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध भी ऋण राशि का उपयोग किया जा रहा है। परंतु, इस दृष्टि से भी यह संतोष का विषय है कि भारत में प्रति क्रेडिट कार्ड औसत ऋण की राशि में लगातार कमी दर्ज हो रही है। इसका आशय यह है कि क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिकों द्वारा ऋण की राशि का भुगतान समय पर हो रहा है एवं इस क्षेत्र में चूक की दर अन्य देशों की तुलना में भारत में बहुत कम है। अमेरिका में तो क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध लिए गए ऋणों में चूक की दर बहुत अधिक है एवं बैंकों की एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की राशि इस मद पर बकाया है। कुल मिलाकर भारत के संदर्भ में यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए कि भारतीय नागरिकों में सनातन संस्कृति के संस्कार होने के कारण बैकों से ऋण के रूप में उधार ली गई राशि का समय पर भुगतान किया जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया की तरह माना जाता है, जिसके कारण भारतीय बैंकों के अनुत्पादक आस्तियों की राशि अन्य देशों की बैंकों की तुलना में कम हो रही है।

लाखों लोग भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता क्यों ले रहे हैं

सनत कुमार जैन

बिहार और उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में लोग अपने रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में जाते हैं. कहा जाता है कि पलायन तब होता है। जब लोगों को अपने ही प्रदेश में रोजगार नहीं मिलता है। उनकी आर्थिक एवं सामाजिक स्थितियां खराब होती हैं। भारत से बड़ी संख्या में पलायन करके लोग विदेश की नागरिकता ले रहे हैं। इनमें अधिकांश लोग करोड़पति और अरबपति बताए जा रहे हैं। माना जा रहा है, कि 2014 के बाद से देश की स्थितियों में जो आर्थिक, सामाजिक एवं शासन प्रणाली में बदलाव आया है। उसके बाद से बड़ी तेजी के साथ भारत से पलायन बढ़ गया है। भारत की नागरिकता छोड़कर अमीर देशों की नागरिकता ले रहे हैं। आर्थिक सहयोग विकास संस्था की जो 38 देश की रिपोर्ट सामने आई है। उसमें सबसे ज्यादा भारतीय विदेश की नागरिकता ले रहे हैं। वर्ष 2021 में 38 देश में 4, 07, 000 नागरिकों ने अपने-अपने देश छोड़कर इन 38 देशों में नागरिकता ली है। इसमें भारत के 1 लाख 30 हजार नागरिकों ने विदेश में नागरिकता ली है। जो सबसे बड़ी संख्या है।

2003 में भारत छोड कर विदेश में नागरिकता लेने वालों की संख्या 85, 396 थी। इसमें 2021 तक 86 फीसदी की वृद्धि हुई है, जो आश्चर्यजनक है। भारत छोड़कर विदेश जाने वाले नागरिक अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, इत्यादि धनी देशों एवं टैक्स हेवन देश में नागरिकता ले रहे हैं। इनमें से अधिकांश नागरिक करोड़पति, अरबपति हैं। वहां पर काम करने और रोजगार के लिए जाने वालों की संख्या कम है। कारोबारी ही भारत छोड़कर सबसे ज्यादा भारत की नागरिकता छोड़कर विदेश में जा रहे हैं। भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता लेने वालों की संख्या साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। सांसद चिदंबरम के एक प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने संसद में बताया, पिछले 3 साल 6 माह में 5, 59, 272 नागरिकों ने भारत की नागरिकता छोड़कर विदेशी नागरिकता ली है। संसद में दी गई, जानकारी के अनुसार 2003 में विदेश की नागरिकता लेने वालों की संख्या 85, 396 थी। 2021 में यह संख्या बढ़कर 1, 63, 070 हो गई। 2022 में 2, 25, 230 भारतीय नागरिक विदेश चले गए। वहीं 2023 के 6 माह में एक लाख से अधिक नागरिकों ने भारत छोड़ दिया है।

भारत छोड़कर विदेश जाने वाले नागरिकों के अनुसार, भारत में जिस किस्म के नियम, कायदे, कानून, आनन फानन में लागू किये जा रहे हैं। बार-बार उन में बदलाव किया जा रहा है। जिस तरह की शासन व्यवस्था है। नियम और कानून जल्दी-जल्दी बदल दिए जाते हैं। जीएसटी कानून में पिछले 6 वर्षों में 1700 से अधिक बार नियम बदले गए हैं। यही स्थिति आयकर की है। जांच एजेंसियों द्वारा भी कारोबारियों को परेशान किया जा रहा है। उससे भारत में कारोबार करना अब आसान नहीं रहा। कानून व्यवस्था की स्थिति भी भारत में दिनों दिन बिगड़ती जा रही है। इसको देखते हुए, कारोबारी बड़ी संख्या में भारत छोड़कर विदेश की नागरिकता ले रहे हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं। लेकिन वास्तविक स्थिति अलग नजर आती है। भारत में पिछले तीन वर्षों से 80 करोड लोगों को मुफ्त का राशन दिया जा रहा है। सरकार को सब्सिडी देनी पड़ रही है। जिसे खत्म किया जा चुका था। महंगाई, बेरोजगारी और खराब आर्थिक स्थिति को देखते हुए राज्य सरकारों को रेवड़ी बाँटनी पड़ रही है। बैंकों में एनपीए बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय नागरिकों की आय पहले की तुलना में कम हुई है। नागरिकों के उनके ऊपर कर्ज बड़ी तेजी के साथ बढा है। बड़ी संख्या में कर्ज के कारण लोग आत्महत्या कर रहे हैं। भारत सरकार जो दिखाती है,

संक्षिप्त खबरें

पूर्वजिलाध्यक्ष के नेतृत्व में लोगो ने सुनी मन की बात

औरंगाबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का आज 106 वां एपिसोड पूर्व जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में वार्ड 11 में सुना गया। इस कार्यक्रम में पीएम ने समस्त देशवासियों को आने वाले त्योहारों को लेकर बधाई दी। पीएम मोदी ने कहा- त्योहारों के दौरान हमारी प्राथमिकता ह्यवोकल फॉर लोकलह्ल होनी चाहिए।लोकल फोर वोकल को बढ़ावा दें।मन की बात में पीएम मोदी ने कहा-पूरे देश में त्योहारों की उमंग है, उस खुशी और हर्षोल्लास के लिए देशवासियों को बधाई।त्योहारों के समय सामान हमेशा लोकल और छोटे दुकानदारों से ही खरीदें और अपना अहम योगदान देकर लोकल फोर वोकल को बढ़ावा दें। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने कहा कि समस्त देशवासियों को आज के दिन का इंतजार रहता है।पीएम मोदी का यह कार्यक्रम बहुत ज्ञानवर्धक एवम प्रेरक होता है। उन्होंने लोकल फॉर वोकल कहकर भारतीय अर्थव्यवस्था को बल प्रदान करने का काम किया है।इस अवसर पर भाजपा नेता टुन्ना गुप्ता, युगल किशोर सिंह मौजूद थे।

एसडीएम बनने पर ज्योति रानी को विधायक ने किए सम्मानित

रक्सौल। जोलियारी पंचायत की चिकनी ग्राम निवासी रमाकांत दास की सुपुत्री ज्योति रानी को एसडीएम बनने पर स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा उनके घर पहुंचे और ज्योति को अंगवस्त्र से सम्मानित कर मुंह मीठा करवा कर उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विदित हो कि ज्योति ने 67 वीं बीपीएससी परीक्षा में 256 वें रैंक के साथ एसडीएम बन रक्सौल और चंपारण के नाम को रौशन किया है। ज्योति के पिता रमाकांत दास एक साधारण व्यक्ति है, जो खुद के पिकअप चलाते है और उसकी कमाई से अपनी बेटी के परचम लहराने में अपनी महती भूमिका निभाए।

विगत 24 घंटे में विभिन्न मामलों में 68 गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। जिला अन्तर्गत पुलिस की कार्रवाई के दौरान विभिन्न मामलों में 68 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी एसएसपी कार्वियालय से जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी गई है। इस अवधि में करीब 244 लीटर विदेशी शराब भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में पुलिस पर हमला कांड में 8 एवं शराब मामले में 15अभियुक्त शामिल हैं। वाहन जांच के दौरान 8हजार रुपये भी वसूले गये हैं।

"मेरी माटी मेरा देश" कार्यक्रम के अन्तर्गत चारों विधानसभा के सभी शक्ति केंद्र से मिट्टी लाई गई

प्रातः किरण संवाददाता

सहरसा। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना के तहत राष्ट्रीय राजधानी में कर्त्तव्य पथ पर 7,500 गांवों में स्वदेशी और स्थानीय पौधों का एक एक उद्यान अमृत वाटिका बनाई जाएगी । मेरी माटी, मेरा देश अभियान में देश के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले बहादुरों और स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने के लिए ग्राम पंचायतों में स्मारक पट्टिकाएं शिलाफलकम भी स्थापित की गई ' विभिन्न क्षेत्रों से एकत्र की गई पवित्र मिट्टी के कलशों का पूजन करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर सहरसा जिला स्तरीय अमृत कलश यात्राह्व को सहरसा से पटना उसके बाद पटना से नई दिल्ली के लिए रवाना किया। भाजपा जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने अमृत कलश रवानगी के अवसर पर वीरो के मिट्टी को नमन करते हुए कहा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से आरम्भ हुआ मेरी माटी मेरा देश अभियान शहीद वीर-वीरांगनाओं को सम्मान देने के साथ-साथ देश की जनता में देशभक्ति का भाव जागृत किया है तथा युवाओं को अमर बलिदानियों की यादें भी ताजा कराया है। भाजपा मंत्री राजीव रंजन साह ने कहा कि सहरसा जिला के विभिन्न मंडलों से पहुंचे कलशों को नमन करने का सौभाग्य सभी भाजपा के कार्यकाराताओ को प्राप्त हुआ एवं इन कलशों को भाजपा सहरसा के जिलाध्यक्ष दिवाकर सिंह ने भाजयुमो सहरसा के जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं अन्य युवा कार्यकताओं को सुपुर्द कर राज्यरानी ट्रेन से पटना के लिए रवाना किया गया । इस अवसर पर सहरसा भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष मदन प्रसाद चौधरी माधव ,जिला उपाध्यक्ष सिद्धार्थ सिंह सिद्ध, भाजपा के वरिष्ठ नेता शशि शेखर सम्राट ,जिला मंत्री राजीव रंजन शाह , जिला मंत्री रिंकी देवी, नगर अध्यक्ष भैरव झा, संतोष गुप्ता ,सुगामनी देवी, रणविजय यादव , गोलू कुमार, राजकुमार साह ,नीरज राम ,राणा करणजीत सिंह, राकेश कुमार सहित पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

लोकप्रियता का नया मानदंड स्थापित कर रहा मन की बात धर्मेन्द्र उर्फ बौआ झा

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली विधानसभा के 221 बूथ संख्या पर 106 वें मन की बात कार्यक्रम को सुनते भाजपाई। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा नेता धर्मेन्द्र भारद्वाज उर्फ बौआ झा ने कहा कि आज के मन की बात के 106 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी ने जीवन के विभिन्न रंगों को बड़ी शिद्दत से उकेरा गया । बौआ झा ने कहा कि मन की बात मासिक रेडियो कार्यक्रम लोकप्रियता का नित्य नया कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भारतवर्ष सहित सात समंदर पार कई देशों में वहां के लोग को महीने के अंतिम रविवार का इंतजार रहता है। ताकि मन की बात से लाभान्वित हो सकें। मन की बात कार्यक्रम के जरिये पीएम मोदी कई बड़ी सीख दे देते हैं जो जीवन में उपयोग हेतु महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जो राष्ट्र हित में बड़ा महत्वपूर्ण होता है। लोकप्रियता का नया मानदंड स्थापित कर रहा मन की बात कार्यक्रम। वहीं नगर मंडल अध्यक्ष सूरज गुप्ता ने कहा कि मन की बात के 106 वें एपिसोड में दीपावली को लेकर खास संदेश दिया । दीपावली खुशियों का त्योहार है इसलिए समाज में खुशियां जरूर बांटना चाहिए। ये खुशियां वोकल फॉर लोकल को अपनाकर भी बांटी जा सकती है। दीया बनानेवाले कुम्हारों के घर भी खुशियों के रौशनी बिखेरना चाहिए। श्री गुप्ता ने कहा कि पीएम मोदी कि नजर हर तबके के लोगों पर होती है ये उनके लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात में परिलक्षित होता है। इस मन की बात कार्यक्रम में भाजपा नेता विजय प्रसाद भी मौजूद थे।

पिता चलाते हैं पिकअप, अब बेटी बन गई एसडीएम, बीपीएससी में मारी बाजी

म्हारी छोरिया छोरो से कम है के, रक्सौल के चिकनी गांव में जश्न

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। म्हारी छोरिया छोरो से कम है के। कुछ ऐसी ही कारनामा हमारी गांव की बिटिया कर रही है। बता दें 67 वीं बीपीएससी परीक्षा का परिणाम गत दिन आयोग ने जारी की। जिसमें रक्सौल की एक बेटी ने बाजी मार अपने परिवार समेत पूरे क्षेत्र का नाम रौशन कर दी है। रक्सौल के जोकियारी पंचायत की चिकनी गांव निवासी बिटिया ज्योति रानी 256 वीं रैंक लाकर के एसडीएम पद के लिए क्वालीफाई कर अफसर बिटिया जो बन गई है। ज्योति के पिता खुद के पिकअप चलाने का काम करते हैं। अब पिता रमाकांत दास की पुत्री ज्योति रानी एसडीएम बन गई है। जैसे ही रिजल्ट आया लोगों ने बधाइयां देनी शुरू कर दी। ज्योति रानी के घर का नाम डिंपल है। उसकी प्राथमिक शिक्षा रक्सौल के नवट्रेड्रम अकादमी रक्सौल से हुई। उसके बाद उच्च शिक्षा रक्सौल के ही केएचडब्ल्यू स्कूल से हुई, जहां ज्योति रानी ने दसवीं 9.6 सीजीपीए से पास की। उसके बाद की शिक्षा के लिए ज्योति रानी पटना के एक इंस्टीट्यूट से 87% मार्क्स के साथ 12वीं पास की। उसके बाद आर्य इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी जयपुर से बीटेक 80. 3% मार्क्स के साथ पास की। ज्योति रानी का यह दूसरा प्रयास था। अब ज्योति रानी एसडीएम बनकर के लोगों की और समाज की सेवा करेगी। ज्योति रानी ने बताया की मां बाप ने जो संस्कार दिया, खुद से मेहनत किया, गुरु जन ने जो शिक्षा दिया उसका परिणाम है, आज का यह रिजल्ट। निश्चित रूप से समाज के लिए जो भी दायित्व होगा, उसे पूरा करने का प्रयास करूंगी और ऐसा काम करूंगी कि मेरे माता-पिता का नाम रौशन हो और उनका सीना गर्व से चौड़ा हो सके। पिता रमाकांत दास ने बताया काफी मेहनत और कष्ट से बेटी को इस मुकाम पर पहुंचा पाया हूं, बेटी परिवार का नाम रोशन करें, इससे बड़ी खुशी की बात क्या होगी। खबर सुनकर उनके घर भाजपा किसान मोर्चा रक्सौल के पूर्व जिला अध्यक्ष सह जोकियारी पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह पहुंचे और उन्होंने कहा कि ज्योति ने आज हम सबको गौरवान्वित करने का मौका दिया है।।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को साकार किया है। आज काफी हर्ष का माहौल है। ज्योति बिटिया अपने मेहनत के बलबूते अपने नाम का अलख जगा दी है।

विष्णु धाम जम्होर में पुनपुन बटाने संगम तट पर कार्तिक मास स्नान शुरू

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। सदर प्रखंड स्थित जम्होर थानांतर्गत पुनपुन बटाने संगम के तट पर अवस्थित विष्णु धाम परिसर में एक माह तक चलने वाला कार्तिक मास स्नान शरद पूर्णिमा पर्व के स्नान के साथ शुरू हो गई। आज से पूरे एक माह तक पुनपुन बटाने के संगम तट पर लोग कार्तिक मास का स्नान करेंगे। स्नान के पश्चात विष्णु धाम मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे इसका समापन प्रसिद्ध कार्तिक पूर्णिमा मेला के स्नान के साथ ही होगी। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन औरंगाबाद के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि विष्णु धाम प्रकृति का अमूल्य धरोहर है। विष्णु धाम की स्थापना सैकड़ो वर्ष पूर्व परमहंस संत खाकी बाबा ने की थी। यह अत्यंत ही पवित्र एवं मनोरम स्थल है। इस स्थल पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन विशाल मेला लगती है। बिहार के कोने-कोने से लोग स्नान करने आते हैं और भगवान विष्णु का दर्शन करते हैं। बिहार के अलावा अन्य प्रदेशों से भी लोग यहां दर्शन करने आते हैं। मनौती मानते हैं और मनौती पूरा होने पर एक बार पुन;आकर दर्शन करते हैं। विष्णु धाम की महिमा अपरंपार है। इस स्थल की चर्चा पुराणों में भी वर्णित है।पुनपुन बटाने का संगम तट अत्यंत ही पुण्यदायिनी एवं मोक्षदायिनी है। इस वर्ष कार्तिक मास में पांच शाही स्नान आ रहे हैं। 12 नवंबर को दीपावली, 15नवंबर को भैया दूज, 21 नवंबर को अक्षय नवमी, 25 नवंबर को बैकुंठ चतुर्दशी, 26 को कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर शाही स्नान का शुभ मुहूर्त है ।इन मौकों पर शाही स्नान करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

एसडीएम बनने के बाद राजद नेता ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। रक्सौल के चिकनी गांव की बेटी ज्योति रानी एसडीएम बनकर गांव के साथ-साथ पूरे अनुमंडल के नाम रौशन कर दी है और सबका मान बढ़ा दी है। उक्त बातें राजद नेता सह पूर्व महागठबंधन प्रत्याशी रामबाबू यादव ने बीपीएससी में बाजी मारने वाली पिकअप चालक रमाकांत दास की पुत्री ज्योति रानी के एसडीएम बनने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित करने के दौरान कहा। श्री यादव ने कहा कि पिकअप चालक रमाकांत दास के पुत्री बड़ी कठिनाइयों के सामना कर उसको पढ़ रहे थे, ज्योति रानी के दादाजी स्वर्गीय महेंद्र दास एक किसान नेता थे, कम्युनिस्ट से जुड़े हुए थे। रमाकांत दास जी का सीना आज चौड़ा हो गया है। इस बच्ची से सभी बालिकाओं को सीख लेनी चाहिए। युवाओं से आग्रह है कि ज्योति रानी से कुछ सबक लें।

नेपाली प्रशासन और उद्योग वाणिज्य के साथ भारतीय प्रशासन और चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। नेपाल आईसीपी के मुख्य सभागार मे भारत और नेपाल के प्रशासनिक पदाधिकारियों, रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई, जिसमें पूर्वी चम्पारण और पश्चिम चम्पारण के जिला पदाधिकारी, दोनों जिला के पुलिस अधीक्षक, बगहा पुलिस जिला के पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी एएसपी, मोतिहारी एडीएम, बगहा एसडीओ सहित तमाम आला दर्जे के अधिकारी मौजूद रहे। रक्सौल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के तरफ से अध्यक्ष अरुण गुप्ता, महासचिव आलोक कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष नितिन कुमार व राकेश कुशवाहा, सचिव राजकुमार गुप्ता और दिलीप शाह मौजूद रहे। बीरगंज उद्योग वाणिज्य संघ के तरफ से अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, उपाध्यक्ष माधव राजपाल सहित कई पदाधिकारी सहित अशोक वैद्य भी मौजूद रहे। इस बैठक में रक्सौल और बीरगंज के बॉर्डर के कई अहम बिंदुओं को मुखरता के साथ उठाया गया। अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने एक प्रशासनिक और दोनों चैम्बर के प्रतिनिधियों के एक समन्वय समिति बनाने की चर्चा की। जिस पर एक रक्सौल बीरगंज ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ जिसमें दोनों चैम्बर के प्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी शामिल रहेंगे। तत्पश्चात महासचिव आलोक श्रीवास्तव ने दोनों देशों के टैम्पो स्टैंड के रूप में नेपाल साइड में मैत्री पूल के नीचे बनाने पर जोड़ दिया। साथ ही नेपाल जानेवाले वाहनों के लिए नेपाल आईसीपी के तरफ से रास्ता चालू करने सहित मनी चेंजर के लिए पुरजोर मांग रखा। वहीं रक्सौल-वीरगंज ट्रेड एंड बिजनस कमिटी में रक्सौल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और उद्योग वाणिज्य संघ के 5-5 पदाधिकारी और स्थानीय प्रशासन की कमिटी को पास किया गया।

सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारी मात्रा में दवाइयों के साथ एक तस्कर को धर दबोचा

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी मध्वापुर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल के जवानों को एक बड़ी कामयाबी मिली है। गुप्त सूचना के आधार पर संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट के निर्देश अनुसार सम वाय प्रभारी मधवापुर महोद मनीष देवा नन्द सहायक कमांडेंट 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हु ये सहायक उप निरीक्षक तारा दत्ता शर्मा की अगुवाई में विशेष गस्ति दल के द्वारा की गयी कार्यवाही मे सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295 से लगभग 100 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ मोटरसाईकल पर भारत से नेपाल ले जायी जा रही भारी मात्रा में दवाइयों के साथ एक तस्कर मनोज महतो उम्र 22 वर्ष सपुत्र रामकिशुन महतो गाँव मुखियापट्टी मुशर्निया जिला धनुषा नेपाल को गिरफ्तार किया।जब्त की गयी दवाइयों मोटरसाईकल और गिरफ्तार तस्कर को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

डीएम ने की वेयर हाउस में चल रहे प्रथम स्तरीय जाँच का निरीक्षण

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह- जिला पदाधिकारी श्रीकान्त शास्त्री द्वारा प्रखण्ड परिसर अन्तर्गत अवस्थित वी०वी०पैट वेयर हाउस में चल रहे प्रथम स्तरीय जाँच का निरीक्षण किया गया। ईवीएम एवं वी०वी०पैट के प्रथम स्तरीय जाँच हेतु वरीय पदाधिकारी अपर समाहर्त्ता, औरंगाबाद एवं नोडल पदाधिकारी मनीष कुमार, वरीय उप समाहर्त्ता, औरंगाबाद को नामित किया गया है। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा जारी मानकों का अक्षरशः अनुपालन करने का निदेश दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निदेशानुसार आगामी लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के निमित्त 27 अक्टूबर 2023 से ईवीएम एवं वीवीपैट के प्रथम स्तरीय जांच की जा रही है। उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार, पटना के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त ईवीएम इव-3900, उव-2600 एवं श्श्ठअळ-2850 का प्रथम स्तरीय जांच (ऋछउ) किया जाना है, जो एउक्छ अभियंता द्वारा किया जा रहा है। यह कार्य 13 नवंबर 2023 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

सशस्त्र सीमा बल के जवान ने विद्युत उपकरण एवं मोबाइल स्पेयर पार्ट्स को किया जप्त

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी सशस्त्र सीमा बल 48वीं वाहिनी जयनगर के कार्यक्षेत्र भारत-नेपाल सीमा चौकी मधवापुर के जिम्मेवारी के इलाके में सशस्त्र सीमा बल और सीमा शुल्क पीपरोन के साथ की गयी संयुक्त कार्यवाही में भारतीय-नेपाल सीमा स्तम्भ संख्या 295/05 से लगभग 250 मीटर भारतीय क्षेत्र की तरफ एक ही स्थान पर अलग-अलग समय में दो जब्तीयॉ की गई है।जब्तियों का विवरण इस प्रकार से है. पहले जब्ती में भारत से नेपाल ले जा रहे एक्सपोन ऑप्टिकल टर्मिनल 05 नग एयरटेल एक्सट्रीम फाइबर एक्स टी ई साथ मे चार्जर 23 नग को जब्त किया गया है। दूसरी जब्ती में भारी मात्रा में भारत से नेपाल ले जाया जा रहे विद्युत उपकरण एवं मोबाइल स्पेयर पार्ट्स को जब्त किया किया। इन दोनों कार्यवाहियों में सशस्त्र सीमा बल चौकी मधवापुर की तरफ से उप निरीक्षक गोविंद सिंह मेर के साथ अन्य जवान शामिल थे।जब्त किए सामान को अग्रिम कार्यवाही हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरोन के सुपुर्द कर दिया गया है । भारत नेपाल सीमा पर तस्करी रोकने के लिए सशस्त्र सीमा बल और सीमा शुल्क कार्यालय के साथ लगातार अभियान चला रही है। आने वाले समय मे भी इसी प्रकार अभियान चलाकर सीमा पर होने वाली अवैध गतिविधियों को रोका जाएगा संतोष कुमार निमोरिया कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी जयनगर ने बताया कि भारत नेपाल सीमा पर होने वाली तस्करी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिये विशेष अभियान के माध्यम से निरन्तर प्रयासरत है और अवैध गतिविधियों को रोका जा रहा है और भारत-नेपाल सीमा पर 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के द्वारा सतर्कता बढ़ा दी गई है ताकि इस प्रकार की गतिविधियों पर पूर्णरूप से प्रतिबंधित लगाया जा सके ।

बिहार के पत्रकारों ने एकजुट होकर रखी अपने हक और संसाधनों की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बिहार के पत्रकारों ने एकजुट होकर अपने लिए संसाधनों और अपने हक की मांग की है. यह केंद्रीय स्वर रहा बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के औरंगाबाद जिला मुख्यालय में शनिवार को आयोजित राज्य सम्मेलन का जिसमें बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नई राज्य कार्यकारिणी का भी गठन किया गया. इस सम्मेलन को औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह, औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर सिंह, विधान पार्षद तथा निदेशक जाकिर हुसैन संस्थान समीर कुमार सिंह, वरिष्ठ पत्रकार चौथी दुनिया के संपादक तथा पूर्व सांसद संतोष भारतीय, बिहार के पूर्व पर्यटन मंत्री सुरेश पासवान, भारत सरकार एमएसएमई निर्देशक दैनिक जागरण के पूर्व संपादक हरेंद्र प्रताप सिंह, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एसएन सिन्हा, पत्रकार तथा टाइम्स आफ इंडिया के ब्यूरो इंचार्ज प्रेमेंद्र मिश्रा ने किया.इस मौके पर बिहार श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने एक प्रस्ताव भी पारित किया जिसे पटल पर वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर ने रखा. इसमें पत्रकारों के लिए सुविधाएं बढाए जाने, उनकी सुरक्षा के उपाय करने और विकास कार्यों में उनकी भागीदारी बढ़ाने को लेकर 21 प्रस्ताव पारित किए गए थे. इस दौरान एक समारिका चौथा स्तम्भ का भी विमोचन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि पत्रकार विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकार बेहद चुनौती पूर्ण वातावरण में कार्य करते हैं. ऐसी स्थिति में उन्होंने पत्रकारों को हर संभव सुविधा दिए जाने की बात का समर्थन करते हुए कहा कि यह बेहद जरूरी है कि पत्रकार बिना आर्थिक दबाव में आए हुए स्वतंत्र रूप से एक सुरक्षित वातावरण में कार्य कर सकें. उन्होंने पत्रकारों से भी अपील की कि वे सकारात्मक पत्रकारिता को जारी रखें. उन्होंने पत्रकारों के हितों के लिए केंद्र सरकार द्वारा किए गए कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि सरकार प्रेस की आजादी के लिए बेहद संवेदनशील है और जो कुछ भी संभव हो सकेगा वह पत्रकारों के हित में किया जाएगा. उन्होंने पत्रकारों के हित में उठाए जाने वाले प्रत्येक कदम के साथ अपना समर्थन जताया. औरंगाबाद के विधायक आनंद शंकर सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हाल के दौर में पत्रकारों के समक्ष वास्तव में समस्याएं बढ़ी हैं और उनके कार्य क्षेत्र पर भी काफी दबाव आया है. उन्होंने कहा कि अगर हमें देश के लोकतंत्र को बचाना है तो हमें पत्रकारों का साथ देना होगा. उन्होंने पत्रकारों से भी एकजुट होकर अपनी मांग रखने की बात कही और पत्रकारों की मांगों से संबंधित हर प्रकार के सहयोग करने का आश्वासन दिया.

वारंटी को गिरफ्तार कर हिरासत में भेजा

प्रातः किरण संवाददाता

मधुबनी खजौली प्रथम श्रेणी मुख्य न्यायायिक दंडाधिकारी मधुबनी द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर थाना के सुक्की गांव निवासी सतीश कुमार सिंह को बीती रात सुक्की स्थित आवास से थानाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान द्वारा गिरफ्तार कर रविवार को न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया. थानाध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2015 में सतीश कुमार सिंह अपनी पत्नी को मारपीट कर प्रताड़ित करने के आरोप में फरार चल रहा था. वे न्यायालय से लंबे समय से फरार चल रहा था. बीती रात थानाध्यक्ष ने गिरफ्तार के जेल भेज दिया है।

मैत्री-पूल से एक और नाबालिग लड़की रेस्क्यू, तीन मानव तस्कर गिरफ्तार

प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। भारत-नेपाल बॉर्डर पर 47वीं वाहिनी एसएसबी की पोस्ट जब मैत्री- पूल पर लगी है, तब से मानव तस्करी के मामले लगातार पकड़ में आ रहे हैं। ऐसे ही एक और मामला रविवार को सामने आया। मैत्री पूल पर 47वीं वाहिनी रक्सौल की एफ कंपनी हवाईअड्डा के पास से तीन व्यक्तियों और एक नाबालिग लड़की को निकलते हुए देखा गया। तब तीनों को रोका गया, तब तीनों कुछ नहीं बता रहे थे। इनसे कोई जानकारी निकली तब मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय बेतिया अवस्थित कार्यालय 47वीं वाहिनी एसएसबी रक्सौल के इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा को जानकारी दी गयी जो कि मानव तस्करी रोकथाम के स्पेशलिस्ट माने जाते हैं। जब इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा ने तीनों से पूछताछ किया तब सामने आया कि मोहम्मद असलम, मोहम्मद समीमउल्लाह और मोहम्मद नौशाद आलम तीनों मिलकर मनिशा शर्मा (बदला हुआ नाम) को लगभग 20 दिन पहले बहला फुसला कर मोतिहारी से भगा कर ले गए थे और नाबालिग लड़की के घर वालों थाना चिरैया में एफआईआर करवाई थी। आगे पता चला कि मोहम्मद असलम काठमांडू में वेल्डिंग का काम करता था, उसके सगे चाचा के स्कूल जीएस पब्लिक स्कूल में पढ़ने के दौरान लड़की मनिशा शर्मा से मोहम्मद असलम से परिचय करवाया गया था। जबकि वो व्यक्ति उस स्कूल में पढ़ता भी नहीं था। व्यक्ति लगभग आठ नौ महीने से लड़की को अपने प्यार में फंसाने के प्रयास में था, अंत में सफल भी हुआ और लड़की को घर से भगा ले गया। युवक ने बताया की आदापुर का एक दोस्त विक्रम को उसने सहयोग करने के लिए 3000/- रुपए भी दिये थे, जिससे लड़की को भगाने में कोई दिक्कत ना हो, इसी बात को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है कि कहीं इसकी फंडिंग में किसी विशेष संघठन का हाथ तो नहीं। लड़के ने स्वीकार किया कि वो शादी के बाद लड़की का धर्म भी परिवर्तन करवाना चाहता था। पीड़ित लड़की की काउंसिलिंग करने के लिए प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर की आरती कुमारी को भी बुलाया गया। तब उसमें यह सामने आया कि लड़की नाबालिग है और मोहम्मद असलम ने लड़की को फंसाने के लिए बहुत खर्चा भी किया था, जिससे लड़की प्रभावित हो गयी थी। लड़की कक्षा नौवीं की छात्रा है। मोहम्मद असलम ने लड़की आधार कार्ड नया बनवाया था, जिसमें लड़की को बालिग बना दिया गया था जिससे लड़की से कोर्ट में शादी कर सके। बताते चलें कि मानव तस्करी में लिप्त लोग सबसे पहले पीड़ितों का भरोसा जीतते हैं और इसके लिए वो एक दो वर्ष का समय और पैसा खर्च करते हैं फिर जब अवसर मिलता है लड़कियों से बच्चा पैदा करवा कर उन्हें तलाक दे देते और लड़कियाँ गलत राह में शामिल हो जाती हैं। रेडलाइट एरिया में अधिकतर लड़कियाँ ऐसे ही लोगों के द्वारा फंसा कर लाई जाती हैं। जबकि नाबालिग लड़की की माँ और अन्य रिश्तेदार लड़की को हर तरफ खोज रहे थे। बाद में जब लड़की के घर वालों में सब भाव विभोर हो गए आँखो में आँसू भर कर धन्यवाद दिया। पकड़े गए व्यक्तियों और नाबालिग लड़की को पुलिस ओ.पी हरैया को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंपा गया। फिर चिरैया थाना की पुलिस आकर तीनो व्यक्तियों को जेल भेजने की प्रक्रिया के लिए ले गयी। नाबालिग लड़की को भी अग्रिम कार्यवाही के लिए ले गयी। मौके पर मानव तस्करी रोधी इकाई एसएसबी से इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, आरक्षी पम्मी मिश्रा, 47वीं वाहिनी की एफ कंपनी से आरक्षी अमनित सिंह आरक्षी प्रिंस कुमार आरक्षी सतीश कुमार, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर के आरती कुमारी अभिषेक कुमार उपस्थित थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

सड़क दुर्घटना में 30 वर्षीय युवक की मौत

मुंगेर।बरियारपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर निवासी 30 वर्षीय युवक की ट्रक से धक्के लगने के कारण घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बरियारपुर पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मुंगेर भेज दिया । घटना शुक्रवार की देर रात की है । स्वर्गीय शंकर प्रसाद यादव का पुत्र सनोज कुमार उर्फ राम मनोज कुमार अपने संबंधी को कल्याणपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ाकर वापस अपने घर आ रहा था। आने के क्रम में ही कल्याणपुर पश्चिमी दुर्गा स्थान के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात एक ट्रक ने उसे धक्का मार दिया। इस घटना में उसके सर में काफी चोट आई जिस कारण उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गया। मृतक का भाई आलोक भारतीय रंजन ने अज्ञात ट्रक के खिलाफ बरियारपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज कराया है। चालक ने ट्रक लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

यात्रियों ने ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग

मुंगेर। मुंगेर रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों की संख्या कम होने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है दैनिक यात्री राजेश कुमार प्रशांत राकेश ने रेलवे प्रशासन से जमालपुर मुंगेर खगड़िया मार्ग पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

जाम की स्थिति से लोगों को होती है परेशानी

मुंगेर। सदर अस्पताल मोड़ के पास बड़े पैमाने पर जाम की विकट स्थिति उत्पन्न होने से लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। लोगों ने अस्पताल जाने वाले मार्ग को जाम से निजात दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

डीएम ने कहा दुर्गा पूजा समिति की भूमिका सराहनीय रहा

मुंगेर। जिले में दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण संपन्न होने पर जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने जिले वासियों व पूजा समितियां के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री सिंह ने कहा कि जिले भर में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में प्रतिमा विसर्जन संपन्न करने के लिए प्रशासन व पुलिस के लोगों को लगातार 48 घंटे जगकर काम करना पड़ा आने वाले समय में काली पूजा व दीपावली इसी तरह संपन्न होने की उन्होंने उम्मीद जताई है।

मुकदमा दर्ज होने के 20 दिन बाद भी नहीं बंद हुआ क्लिनिक

मुंगेर। हजरतगंज रोड स्थित रिमझिम ट्रेडर्स में अवैध तरीके से संचालित प्रसव केंद्र के खिलाफ कासिम बाजार थाना में मुकदमा दर्ज करने के लिए सिविल सर्जन ने 18 सितंबर को कासिम बाजार थाना को पत्र जारी किया था। इसमें नीरज कुमार व अंजू देवी पर अवैध रूप से फर्जी क्लिनिक संचालित करने का आरोप लगाया गया था । इस मामले में 7 अक्टूबर को ही कासिम बाजार थाना में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। इसके बावजूद अब तक पुलिस प्रशासन के द्वारा क्लिनिक को बंद नहीं कराया गया है।

मां बेटे की पिटाई के साथ घर में घुसकर किया तोड़फोड़

मुंगेर। असरगंज थाना क्षेत्र के चाफा गांव में पड़ोसियों द्धारा घर में घुसकर मां और बेटे की जमकर पिटाई को अंजाम दिया और घर में रखे समान आदि को तोड़ फोड़ किये जाने का समाचार प्राप्त हुआ। मामले में चाफा गांव निवासी प्रतिमा देवी ने पड़ोस के ही प्रेम मंडल अभिषेक कुमार रितेश कुमार पर लाठी डंडे से मारपीट करने का आरोप लगाते हुए असरगंज थाना में एक आवेदन दिया है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि मेरा पुत्र राजा कुमार कांवरिया रोड में घूमने निकला था, जहां पड़ोस के प्रेम मंडल अभिषेक कुमार व रितेश कुमार ने मिलकर मेरे बेटे की बेरहमी से पिटाई करने लगा। किसी प्रकार से मेरे बेटे ने अपनी जान बचाकर घर में घुसकर कर छुप गया उसके बाद आरोपी ने मेरे घर पहुंच कर लाठी डंडे से मारपीट की। उन्होंने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। असरगंज थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश पर अशोक कुमार को प्रथम स्थान दिया

कैमूर। जिले के रामगढ़ प्रखंड के भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह ने प्रेस को बताया कि हमें गर्व है अपने नेता रामगढ़ के पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह पर की आपके नेतृत्व में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश कार्यक्रम में पुरे बिहार में रामगढ़ विधानसभा पहला स्थान प्राप्त किया है।माननीय प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी की उपस्थिति में प्रदेश महामंत्री मिथलेश तिवारी ने इसकी घोषणा पटना प्रदेश कार्यालय में की सभी कार्यकर्ता बंधुओ को बहुत बहुत बधाई। आनंद कुमार ने बताया कि रामगढ़ को पुष्कृत करने पर प्रदेश कमेटी को बधाई दिया।

प्रवासी बिहारी प्रदेश की महान सभ्यता और समृद्धि संस्कृति का अभिन्न अंग है: तेजस्वी यादव

प्रात: किरण ब्यूरो, मुंगेर

मुंगेर /संग्रामपुर जापान की राजधानी टोक्यो में रविवार को प्रखंड क्षेत्र के प्रवासी भारतीय तथा बिहार फाउंडेशन के जापान चैप्टर के अध्यक्ष आनंद विजय सिंह की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शिरकत करते हुए अपने संबोधन में बढते और विकसित बिहार पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रवासी बिहारी के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि प्रवासी बिहारी, प्रदेश की महान सभ्यता और समृद्ध संस्कृति का अभिन्न अंग है। बिहारी लोग परिश्रमी, ईमानदार और जिम्मेदार है। अगर बिहारी संसाधनों को बेहतर तरीके से समायोजित किया जाए तो बिहार कुशल जनसंसाधन के केंद्र के रूप में उभर सकता है। उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहारियों की कल्पना और रचनात्मकता का उपयोग करने के लिए हमारी सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाएं, विकासशील कार्यक्रम और नीतियां लांच की है। फि ल्म उद्योग को बढ़ावा देने के लिए नई फि ल्म पॉलिसी, खेलों एवं खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए नई स्पॉर्ट्स पॉलिसी लाया गया है।

कार्यक्रम के सफल संचालन के बाद बिहार फाऊंडेशन जापान चैप्टर के अध्यक्ष आनंद विजय सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बिहार एवं बिहारी के विकास पर चर्चा करना था। कार्यक्रम में आई टी तथा पर्यटन विभाग के सचिव अभय सिंह, बिहार राज्य पर्यटन निगम के प्रबंध निदेशक नंदकिशोर, बिहार फाउंडेशन जापान चैप्टर के अध्यक्ष आनंद विजय सिंह, अमिताभ सिंह, राहुल कुमार, ज्योति सिंह, प्रशांत यादव सहित बिहार मूल के सैंकड़ों लोग उपस्थित थे।

कर्पूरी चर्चा के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम पर हुई विस्तृत चर्चा

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। जनता दल यूनाइटेड प्रदेश कार्यालय द्वारा निर्धारित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम के तहत हर कस्बे गांव व प्रखंड इलाके में कपूर्री चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बाबत अगले चरण में यह कार्यक्रम नाथनगर विधानसभा क्षेत्र में प्रस्तावित है, इस कार्यक्रम को सुगमता से करने को लेकर जनता दल यूनाइटेड के दर्जनों पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने कई बिंदुओं पर वार्ता की। इस कपूरी चर्चा कार्यक्रम के दौरान राज्य सभा सदस्य सह जिलाध्यक्ष कहकसा परवीन, नाथनगर के पूर्व विधायक लक्ष्मीकांत मंडल, प्रवक्ता अरविंद निषाद शोभानंद मुकेश शिशुपाल भारती साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर के दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी जनता दल यूनाइटेड के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी शिशुपाल भारती ने दी।

नीतीश कुमार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ आंबेडकर के सपनो को कर रहे साकार : अशोक चौधरी

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया । नीतीश जी ने 17 वर्षों में न्याय के साथ विकास की शुरूआत किया जिसका सपना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ आंबेडकर ने देखा था। हम उस समाज से आते हैं जिन्हें अछूत समझा जाता था देश आजाद हुआ तो संविधान में सबों को समानता का अधिकार दिया गया। लेकिन, 75 साल बाद भी संविधान द्वारा दिया गया समानता का अधिकार पूरी तरह हासिल नही हो सका। नीतीश जी जब आए तो बाबा साहेब के रास्ते पर चलते हुए सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था में सुधार शुरू किया। 25 हजार स्कूल खुले, 2.50 लाख वर्ग कक्ष का निर्माण कराया। टोला सेवक और तालीमी मरकज के माध्यम से स्कूल से वंचितों को स्कूल से जोड़ा गया। मिड डे मील योजना, साईकल योजना और पोशाक योजना से बड़ा बदलाव आया। वर्ष 2007 में पंचायती राज व्यवस्था में आरक्षण दिया और परिणाम यह निकला कि जो अतिपिछड़ा, दलित, महादलित मुखिया के दरवाजे पर जाने से डरता था वे खुद मुखिया और जिला पार्षद बनने लगे। गरीबों के बच्चों के सपनो को उड़ान देने के लिए स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड शुरू किया गया। 17 सालों में नीतीश कुमार ने जितना दलितों-महादलितों के विकास के लिए काम किया, आजादी के बाद आज तक नही हुआ। जो नेता आपको राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त करना चाहते हैं उनके हाथों को मजबूत कीजिये। आज संविधान और आरक्षण को समाप्त करने की साजिश चल रही है, ऐसे लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। शिक्षित बनिये, संगठित रहिए। उक्त बातें बिहार सरकार के भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने रविवार को जिला मुख्यालय स्थित रामबाग और जलालगढ़ प्रखंड के हांसी बेगमपुर महादलित टोला में आयोजित भीम संवाद को संबोधित करते हुए कही। मंत्री श्री चौधरी ने दलितों-महादलितों से 26 नवंबर को पटना में आयोजित भीम संसद में शामिल होने के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि नीतीश कुमार दलितों-महादलितों के कितने बड़े हिमायती हैं वह इस बात से पता चलता है कि वर्ष 2005-06 में समाज कल्याण विभाग का कुल बजट 40.48 करोड़ का था जो वर्ष 2022-23 में 2215.30 करोड़ रुपये हो गए। कहा कि बाबा साहेब ने कहा था कि शिक्षित बनो,संगठित बनो, आत्मविश्वासी बनो। नीतीश जी बाबा साहेब के विचारों को मूर्त रूप देने के लिए अनेकों योजनाओं को संचालित करवा रहे हैं। कहा कि देश बचाने, आरक्षण बचाने और संविधान बचाने के लिए एकजुट होकर 26 नवंबर को पटना आएं। आप अपनी ताकत को पहचानिए, ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुचने का काम कीजिए। कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एक बार फिर संतोष कुशवाहा को ताकत देने का काम कीजिये, जिले में विकास का सिलसिला जारी रहेगा। वहीं सांसद संतोष कुशवाहा ने कहा कि जो समाज कल तक हाशिये पर था सबके लिए नीतीश जी ने काम किया, जिस बदलाव को देखा जा सकता है। कहा कि आपने हमे जब 2014 में आशीर्वाद दिया तो जो विकास कार्य हुआ वह देखने की बात है।पूर्णिया में यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, कृषि कॉलेज, पासपोर्ट कार्यालय, पटना के बाद पूर्णिया में सिक्स लेन सड़क, सड़क और पुल -पुलिया का जाल बिछा। इसी जलालगढ़ प्रखंड में कितनी पक्की सड़कें थी,आज कितनी है। केवल जलालगढ़ प्रखंड में 100किमी सड़कों का निर्माण चल रहा है। पहले बिजली आती नही थी और आज बिजली जाती नही है। दबे -कुचले लोगों को सत्ता में हिस्सेदारी दिलाने का काम नीतीश जी ने ही किया। आज पूरे राज्य में अगड़े-पिछड़े सभी समुदाय को साथ लेकर समावेशी विकास का कार्य चल रहा है। आप हमें फिर से आशीर्वाद दें विकास का यह सिलसिला जारी रहेगा। पूर्व विधायक सबा जफर ने नीतीश कुमार को विकास पुरुष बताते हुए कहा कि हमे एकजुट होकर नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत बनाना है। जेडीयू नेता मनोज ऋषि ने कहा कि अपने हक-हकूक और संविधान को बचाने के लिए 26 नवंबर को पटना पहुंचकर कर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दें। जेडीयू नेता रंजीत पासवान ने नीतीश कुमार की तुलना कांशीराम से करते हुए उन्हें दलितों-महादलितों का सच्चा हितैषी बताया। मंच संचालन मनोज ऋषि और अध्यक्षता जेडीयू जिलाध्यक्ष राकेश कुमार ने किया। इस मौके पर प्रदेश महासचिव शाहीन परवेज, प्रदेश महासचिव अविनाश सिंह, प्रखंड जेडीयू अध्यक्ष संतोष विश्वास, मो मंजूर अहमद, नवल किशोर विश्वास, उमेश पासवान, संजय राय, शंकर कुशवाहा, रंजीत पासवान, राजेश राय, मिथिलेश कुशवाहा, राजेश गोस्वामी, उपेंद्र सिंह, चंदन पटेल, प्रदीप मेहता, सुशांत कुशवाहा, पूरन दास, पूरण पटेल, जगदीश ऋषि, नवल ऋषि, मुखिया रतेश आनंद, संतोष ऋषि आदि मौजूद थे।

सहनगांव के बिस्मिल ने विज्ञान संकाय से महाविद्यालय में प्राप्त किया प्रथम स्थान

प्रात: किरण ब्यूरो

पूर्णिया । पूर्णिया विश्वविद्यालय द्वारा कुछ दिन पूर्व यूजी पार्ट-3 सत्र 2020-23 का रिजल्ट जारी किया गया और साथ ही महाविद्यालयों में टीआर भी भेजा गया। इस क्रम में अमौर प्रखण्ड के गांव सहनगांव के बिस्मिल का एम.एल आर्य महाविद्यालय कसबा में विज्ञान संकाय में महाविद्यालय में प्रथम स्थान रहा। बिस्मिल को आनर्स में कुल 596 अंक प्राप्त हुए तथा सभी विषयों को मिलाकर कुल 1500 में 1044 अंक प्राप्त हुए जो कि महाविद्यालय के विज्ञान और कामर्स संकाय में सर्वाधिक हैं। बिस्मिल ने अपने गांव और प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। बिस्मिल के पिता पेशे से शिक्षक है और माता आंगनबाड़ी सेविका हैं। बिस्मिल ने अपने शिक्षकों से मिलकर आशिर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह उनके सभी शिक्षकों और माता-पिता के कारण संभव हुआ। इसलिए इसका श्रेय माता-पिता और सभी गुरूजनों को जाता है। बिस्मिल ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत को दिया है। बिस्मिल को इस सफलता के बाद हर तरफ से उनके चाहने वालों से लगातार बधाईयां मिल रही है।

कजरेली गांव में दो समुदायों के बीच हुई झड़प, आधा दर्जन से अधिक लोग हुए घायल

प्रात: किरण ब्यूरो।

भागलपुर। कजरैली थाना परिक्षेत्र अंतर्गत कजरेली गांव में दो समुदायों के बीच आपसी नोक झोंक हो गई, वही हुई नोक झोक इस कदर बढ़ता चला गया कि दोनों मारपीट पर उतर आये, जिसमें दोनों समुदायों के दर्जनों लोग आपस में भीड़ गए। वही इस घटना में कुछ लोगों को हल्की फुल्की चोटें भी आई है, तो कई लोग गम्भीर रूप से घायल व लहूलुहान हो गए थे। वही पुलिस ने सभी घायल हुए लोगों को त्वरित इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में इलाज के लिए अस्पताल भर्ती कराया गया है। वही घटना की सूचना मिलते ही मौके पर एसएसबी की टीम, दंगा नियंत्रण सहित कई थानों की पुलिस बल, डीएसपी रक्षित, एसडीओ और पुलिस अधीक्षक सिटी मौके पर पहुंच कर दोनों समुदायों के बीच शांति बहाल करने की कवायद में जुट गई, वही पुलिस तिम ने काफी समय बाद हुई बातचीत के क्रम में मामले को आपसी शांत किया है। वही तत्काल पुलिस ने स्पेशल फोर्स व भारी संख्या में पुलिस बलों कीरी हुई है ,पूरा इलाका अभी भी पुलिस छावनी में तब्दील है, वर्तमान स्थिति शांतिपूर्ण व सामान्य है, वहीं शांति समिति की बैठक कर गांव में दोनों समुदाय के लोगों को समझने का भी काम किया गया है वही पुलिस फोर्स घटनास्थल पर अभी भी टिकी हुई है साथ पुलिस फोर्स गांव में फ्लैग मार्च कर रही है ताकि किसी तरह की बड़ी घटना को सामाजिक तत्व अंजाम न दें वही घटना को लेकर पुलिस ने सोशल मीडिया पर किसी तरह की टिप्पणी करने से मना करते हुए लोगों को हिदायत दी है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि अगर इस तरह की कोई बातें सामने आती है तो उसके ऊपर भी विधि संवत कार्रवाई की जाएगी।

31वां स्थान पर आए पूजा कुमारी को लोगों ने दिया शुभकामनाएं

संग्रामपुर(मुंगेर)। बीपीएससी की बिहार प्रशासनिक सेवा पास करना एक बहुत- बड़ा सपना होता है यह सपना कुछ ही अभ्यार्थियों का ही पूरा हो पता है ऐसे में परीक्षा पास करना एक बहुत बड़ी चुनौती मानी जाती है। बिहार प्रशासनिक सेवा की परीक्षा 31वां स्थान पर आए ,पूजा कुमारी मुंगेर जिले के संग्रामपुर के रहने वाले उनके पिता नवल किशोर जो कि पाल पैथोलॉजी चलाते हैं पूजा का कहना है की मै 12 तक की पढ़ाई संग्रामपुर से ही किया बीपीएससी कि पढ़ाई करने के लिए मै पटना चले गए , हमें पापा खर्च के लिए 2000 रुपए महीने को देते थे । पढ़ाई करने के लिए और मैं दिन रात एक कर कर प्रथम प्रयास से बीपीएससी में 31वां स्थान प्राप्त किया। मैं आगे यूपीएससी की भी परीक्षा की तैयारी करूंगी, आगे का लक्ष्य मेरी आईएएस बनने की है। कहते हैं डॉक्टर सरोज दीदी, पाल जी अपने बच्चों को काफी कष्ट करके पढ़ाई करवाए हैं उनकी बड़ी बेटी बैंक पीओ प्रिया कुमारी और सेकंड बेटी अभी बीपीएससी में 31वा स्थान पर रैंक लाई है इससे संग्रामपुर प्रखंड में सभी लोगों को खुशी का माहौल बना हुआ है।

सदर अस्पताल औरंगाबाद में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई लापरवाही की उच्चस्तरीय जांच हो : पूर्व राज्यपाल

प्रात: किरण ब्यूरो

औरंगाबाद। केरल के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार से रविवार को उनके आवास पर जाकर उनके आवास पर रफीगंज थाना के किशनपुर गांव निवासी मदन सिंह ने पूर्व राज्यपाल को अपने भाई बबन सिंह की पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर बदलाव का लेकर ज्ञापन सोपा है मदन सिंह ने पूर्व राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि आपके ध्यान में निम्नलिखित घटना लाना चाहता हूं कि मेरा भाई स्वर्गीय बबन सिंह उम्र- 40 वर्ष का पुरुष अपने बच्चे के साथ सेंट माइकल स्कूल परिसर में एक कमरे में रहता था। वह 12 जून 2023 को मृत पाया गया था कमरे के अंदर मुंह, नाक से खून और पूरे शरीर पर घाव थे। शव को पुलिस को सौंप दिया गया, जिसे शाम 7:30 बजे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद ले जाया गया। पोस्टमार्टम डॉ. आलोक रंजन की उपस्थिति में किया गया। चौकीदार हरेंद्र पासवान (5/2) को पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट सौंप दी गई, जिसमें मौत का कारण भूख से मौत और व्यक्ति को कमरे में दबाव में रखकर निर्जलीकरण के कारण लू लगना बताया गया है (रजिस्टर पृष्ठ संख्या 111942), जिसमें इसमें स्पष्ट रूप से कहा गया है कि व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती कमरे के अंदर रखा गया था। हालांकि, मुझे बाद में पता चला कि रिपोर्ट बदल दी गई है और इसमें यह उल्लेख किया गया है कि व्यक्ति की मृत्यु लू लगने से हुई है। सदर उपाधीक्षक से पूछने पर मुझे आश्चर्य हुआ। अस्पताल सुनील कुमार मुझे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। अस्पताल प्रशासन की यह लापरवाही कई सवाल खड़े करती है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट क्यों बदली गई जिसमें पहले स्पष्ट उल्लेख था कि व्यक्ति को उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरदस्ती कमरे में बंद करके रखने से उसकी मृत्यु हो गई। विसरा आरक्षित कर फोरेंसिक जांच के लिए क्यों नहीं भेजा गया। किसके प्रभाव में उपाधीक्षक ने टीजीई रिपोर्ट में हेरफेर किया और टीजीई आरोपी विजय कुमार सिंह (स्कूल निदेशक) को बचाने की कोशिश कर रहे हैं।सच्चाई तक पहुंचने के लिए लापरवाही की जांच करें और साथ ही जांच पूरी होने तक उपाधीक्षक सुनील कुमार को उनके पद से हटा दें क्योंकि वह सबूतों से छेड़छाड़ कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कागजात संदर्भ के लिए पत्र के साथ संलग्न किए गए हैं और कृपया पोस्टमॉर्टम रजिस्टर पृष्ठ संख्या देखें। 111942 जिसमें परिवर्तन किये गये।पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार ने डीएम को पत्र लिखा है कि पोस्टमार्टम से संबंधित मामला गंभीर है दो पोस्टमार्टम एक रजिस्टर पर लिखा जाना फिर उसको बदल देना गंभीर मामला है इस मामले में उच्च स्तरीय टीम गठित करके जांच होना चाहिए जो इस मामले में दोषी हैं उनके ऊपर और शक कार्रवाई की जाए नहीं तो इस मामले में कार्रवाई करना जरूरी है पीड़ित को न्याय मिले जो जांच सही हो पूर्व राजपाल ने कांग्रेस नेता मोहम्मद शाहनवाज रहमान उर्फ सल्लू खान को डीएम के नाम से पत्र जाकर उनको देखकर कार्रवाई करने की मांग को और साथ में परिजन पर ले जाकर कार्रवाई करने को कहा।

कुशवाहा समाज की बैठक में आपसी एकता पर दिया गया बल

प्रात: किरण संवाददाता

पूर्णिया । कोढा प्रखंड के शिशिया गांव में कुशवाहा की गरिमा बिहार प्रदेश के संयोजक मनोज कुमार सिंह के द्वारा एक मिटिंग आयोजित की गई थी जिसमें मुख्य वक्ता मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कुशवाहा समाज के लोगों की एकता को मजबूत बनाने के लिए इस प्रकार के और भी मीटिंग पूरे बिहार में चलाने की जरुरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में कुशवाहा समाज के लोगों को अपनी दलगत राजनीति को त्याग कर कुशवाहा समाज के लोगों के एकजुटता को मजबूत बनाने के लिए प्रयास करना चाहिए ताकि कुशवाहा समाज का विकास हो सके। मनोज सिंह ने कहा कि कुशवाहा समाज के अधिंकाश लोग कृषि सामग्री के उत्पादन से जुडे हुए हैं इस कारण कृषि उत्पादन पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा दिये की मांग की जानी चाहिए और कोढा विधानसभा कुशवाहा बाहुल्य क्षेत्र होने के बाद भी बरसों से रिजर्व है उसको सामान्य सीट किये जाने के लिए प्रशासन पर दबाव बनाने की आवश्यकता है इसलिए कुशवाहा समाज के लोगों की एकता को मजबूत बनाने की कोशिश की जानी चाहिए। साथ ही साथ आचार संहिता लागू होने के पहले पटना में एक कुशवाहा संसद आयोजित किया जाना चाहिए जिसमें सभी कुशवाहा समाज के नेताओं को बुलाया जाना चाहिए और उनसे सवाल पूछा जाना चाहिए कि आपने अबतक कुशवाहा समाज के लोगों के लिए क्या किया है जो आपके पक्ष में कुशवाहा समाज के लोग आपको मतदान कर सके। पुरूषोत्तम कुमार, संयोजक, कुशवाहा विकास मंच मुंगेर ने कहा कि आज कुशवाहा समाज के लोगों को एक सूत्र में जोड़ने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए ताकि हमारे समाज का विकास हो सके इसके लिए आप सभी को आगे आने की जरूरत है। मीनू सिंह ने कहा कि कुशवाहा समाज के लोगों के विकास के लिए महिलाओं को भी पुरूषों के कदम से कदम मिलाकर चलने की आवश्यकता है। इस मीटिंग की अध्यक्षता तारानंद सिंहा पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी ने किया है। इस मिटिंग में देवनारायण मेहता ने कहा कि आज कुशवाहा समाज के लोगों को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास करना चाहिए। इस मिटिंग में विनय कुमार सिंह, दिलीप कुमार मेहता, चन्द्रशेखर मेहता, विदयानंद सिंह, दिनेश कुमार सिंह, उमाकांत सिंह, अनमोल कुमार, नागेंद्र सिंह, निगम कुशवाहा, गोपाल कुशवाहा, श्रीराम शरण विद्यार्थी, पप्पू कुशवाहा, मिथिलेश कुमार ने भी भाग लिया है। साथ ही मिटिंग में कुंदन कुमार, मीन वर्मा, मनोज कुशवाहा, मुल्क राज आंनद ने भी भाग लिया।

आरएस कॉलेज में दो दिवसीय चेस टूर्नामेंट का प्रभारी प्राचार्य ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

तारापुर (मुंगेर)। रविवार को मुंगेर विश्वविद्यालय के अंतर्गत पड़ने वाले आरएस कॉलेज तारापुर के हाल में दो दिवसीय इंटर कॉलेज चेस टूनामेंट 2023 - 24 का शुभारंभ समारोह पूर्वक किया गया । गौरतलब है कि चेस टूनामेंट का उद्घाटन प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर उदय शंकर दास ने दीप प्रज्वलित कर किया । बता दें कि चेस टूनामेंट में आरएस कॉलेज तारापुर के छात्र- एवं छात्रा के अलावे कोशी कॉलेज खगड़िया डीजे कॉलेज मुंगेर के छात्र ने मुख्य रूप से भाग लिया । प्रथम दिन के चेस टूनामेंट में दूसरे नंबर पर रिया कुमारी 2 एवं तीसरे नंबर पर वर्षा कुमारी चल रही है । चेस टूनामेंट को लेकर महाविद्यालय प्रांगण में रविवार जैसे दिनों में भी छात्र-छात्राओं की भीड़ चेस टूनामेंट देखने को लेकर लगी रही । वहीं दूसरी तरफ आर एस कॉलेज तारापुर की छोटी-छोटी बच्चियों ने कबड्डी प्रतियोगिता में बेहतर करने को लेकर लंबे समय तक आपस में ही बेहतर प्रेक्टिस किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्रधान लिपिक अरुण कुमार सिंह की बेहतर भूमिका रही । इस मौके पर डॉ अश्वनी कुमार ओझा प्रोफेसर सविता कुमारी प्रोफेसर पूर्णिमा गुप्ता डॉक्टर जावेद खान डॉ आलोक सहित संतोष कुमार सिंह मुख्य रूप से अंतिम समय तक मौजूद रहे ।

रामगढ़ पुलिस ने भारी मात्रा में शराब की खेप को किया बरामद

प्रात: किरण ब्यूरो

कैमूर। जिले के रामगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रविवार की दोपहर रामगढ़ थाना क्षेत्र खोरहरा नहर पुल के समीप से ट्रैक्टर की ट्राली में ईट में छुप कर लाई जा रही शराब की भारी खेप को किया बरामद जबकि पुलिस को देख चालक ट्रैक्टर को छोड़कर फरार हो गया कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रैक्टर की ट्राली में में छुपाई गई1575 पीस (315 लीटर) 35 पेटी ब्लू लाइन देसी शराब को बरामद किया थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार के नेतृत्व में शराब तस्करों के विरुद्ध लगातार की जा रही है करवाई उनके मंसूबों पर फेरा पानी वही इसकी जानकारी देते हुए रामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिला था कि एक ट्रैक्टर में छुपा कर शराब लाया जा रहा है जहां कार्रवाई करते हुए पुलिस खोराहरा नहर पुल के समीप से ट्रैक्टर की ट्राली में ईट में छुपा कर लाई है जा रही शराब को बरामद कर लिया है साथ ही ट्रैक्टर को जप्त कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

प्रात: किरण ब्यूरो

भागलपुर। कला संस्कृति एवं युवा विभाग बिहार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना एवं जिला प्रशासन भागलपुर के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2023झ24 का विगत 28 से 30 अक्टूबर तक स्थानीय सैंडीस कंपाउंड मैदान प्रांगण के अलावा विभिन्न स्थलों पर एक साथ आयोजित की गई है। प्रतियोगिता में तृतीय वर्ग से लेकर अंडर 14, 17, 19 आयु के जिसमें कक्षा 6 से 12वी तक के सभी कोटी के विद्यालयों के नामांकित बालक-बालिका खिलाड़ी पदक की प्राप्ति के लिए अपने कला कौशल व शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। वही इस कार्यक्रम की शुरूआत डीआईजी विवेकानंद खेल पदाधिकारी के अलावा कई अन्य अधिकारियों ने सामूहिक रूप से गुब्बारे को आसमान में उड़ा कर विधिवत उद्घाटन किया। इस मौके पर जिला खेल पदाधिकारी जयनारायण कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन, फुटबॉल, क्रिकेट, योगा, शतरंज, वॉलीबॉल, रण फास्ट आदि खेल का आयोजन किया गया है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए सभी स्कूलों के प्रतिभागियों व खिलाड़ी को ड्रेस कोड सहित विद्यालय के बैनर दिया गया है।

वही इस कार्यक्रम के संबंधित जानकारी को लेकर खेल पदाधिकारी ने बताया की उद्घाटन सत्र में उपस्थित अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन, झंडोत्तोलन, मार्च पास्ट, सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ शपथ ग्रहण समारोह आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए थे। वही प्रतिभागी खिलाड़ियों के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाया गया है। इस दौरान जिला प्रशासन के ओर से सारी व्यवस्थाएं पूरी की गई हैं। मार्च पास्ट में खिलाड़ी तिरंगे झंडे के साथ सैंडीज कंपाउंड भागलपुर में शान बढ़ाते दिखे। वही जिला स्तर पर विजेता व उपविजेता प्रतिभागियों के लिए प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को मेडल एवम ट्रॉफी से खेल के अंतिम दिन नवाजा जाएगा। वही उद्घाटन सत्र के बाद एथलिक्ट्स एवम कराटे की सभी आयु वर्ग बालक बालिका की प्रतियोगिता कराई गई, साथ ही साथ कबड्डी बालिका वर्ग एवम खो खो बालक वर्ग की प्रतियोगिता तीनों आयु वर्ग में आयोजित की गई है, एवम क्रिकेट अंडर-19 बालक वर्ग का चयन ट्रायल आयोजित किये जा रहे है। इस दौरान विभिन्न विद्यालय के शिक्षाविदित शिक्षक व छात्राओं की मौजूदगी दर्ज रही थी।

संक्षिप्त खबरें

अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे डीलर

चरपोखरी ।भोजपुर जिले के चरपोखरी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रतिनिधि भवन में शनिवार को फेयर प्राईस डीलर एसोसिएशन की बैठक आयोजित की गई ,बैठक की अध्यक्षता अनिल कुमार सिंह ने किया ।जबकि संचालन संगठन के प्रखंड अध्यक्ष श्रीनिवास सिंह यादव ने किया ।आयोजित बैठक में संगठन के अहवान पर 30 अक्टूबर को पटना में आयोजित होने वाली महाधरना को सफल बनाने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया ।आंदोलन की रणनीति तय की गई ।डीलर द्वारा बताया गया कि सरकार 1 दिसंबर से 30 हजार मासिक मानदेय निर्धारित नहीं करती है, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। मांग पूरा नहीं होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल भी किए जाने की चेतावनी दी ।वहीं दूसरी तरफ स्थानीय समस्या को लेकर भी विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें गोदाम प्रबंधक द्वारा डीलरों को सड़ा हुआ। घटिया किस्म का चावल की आपूर्ति किए जाने पर प्रतिबंध लगाने के लिए शिकायत करने का निर्णय लिया गया। दुकानदारों द्वारा बताया गया कि मात्रा में कम एवं सड़ा हुआ चावल की आपूर्ति से दुकानदारों की बदनामी हो रही है। ऐसे में दुकान पर आने वाले उपभोक्ता दुकानदार से कई बार उलझ जाते हैं।

सात दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का आयोजन

आरा। कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प),वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार के हस्तशिल्प सेवा केंद्र पटना द्वारा सात दिवसीय प्रदर्शनी सह बिक्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैकार्यालय विकास आयुक्त(हस्तशिल्प) पटना के सहायक निदेशक मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि इस मेले में बिहार जात से विभिन्न जिलों से स्टॉल लगाया जा रहा है आकर्षक मोमबत्तियां, मिथिला पेंटिंग,ब्लॉक ३'४' प्रिंटिंग, एप्लीक,सुजनी, कार्पेट, ज्वेलरी, पेंटिंग एवं अन्य साजो सज्जा के समान उचित मुल्य पर उपलब्ध है यह कार्यक्रम दिनाँक 29.10.23 से 4.11.2023 तक नागरी स्र्पूँ९ल्ल परिसर में आयोजित किया जाएगो इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन आज किया जाएगो

चिराग पासवान का जन्मदिन 31 को मनाएगी लोजपा

आरा ।लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान का जन्मदिन 31अक्तूबर 2023 को पूरे भोजपुर में धूम धाम से मनाया जाएगा। श्री चिराग पासवान का जन्मदिन एवम 6नवंबर 2023 को जिला संकल्प यात्रा की तैयारी को लेकर गुरुदेव मार्केट बड़की संदिया में जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई,बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गाया कि सभी प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अपने अपने पंचायत अध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी का जन्मदिन धूम धाम से मांनाएंगे तथा इस ईश्वर रूपी जनता से अपील करेंगे कि चिराग पासवान जी को सिर्फ एक बार बिहार का मुख्यमंत्री बना दे फिर देखे,बिहार फर्स्ट ,बिहारी फर्स्ट होंगे,पूरे देश में बिहार हर क्षेत्र में अव्वल होगा। आगामी 6 नवंबर 2023 को आरा में संकल्प यात्रा होगा जिसमे प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी जी सहित सभी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे,बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर के सभी पार्टी पदाधिकारी इस संकल्प यात्रा में भाग लेंगे।

मशरक में बाइक सवार व्यवसायी से मारपीट कर एक लाख रूपए छीना

मशरक ।स्थानीय थाना क्षेत्र के पचखंडा गांव के पास मशरक-सहाजितपुर मार्ग पर रविवार को दोपहर आधा दर्जन युवक एक बाइक सवार व्यवसायी के साथ मारपीट कर एक लाख रुपए, सोने की चैन और अंगुठी छीन कर फरार हो गए। घटना के बाद घायल व्यवसायी को मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद छपरा रेफर कर दिया गया। घायल व्यवसायी मशरक थाना क्षेत्र के गंडामन धर्मासती गांव निवासी आनंद प्रसाद यादव का पुत्र मनोज कुमार है ।इस मामले मे घायल व्यक्ति द्वारा थाना मे आवेदन दिया गया है ।जिसमे पचखंडा गांव के अमीत राय,सुजीत राय,राहुल राय,प्रिंस उर्फ विट्टू और मनोज राय को नामजद किया गया है ।पुलिस मामले की जांच मे जुटी है ।घटना के संदर्भ मे घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वह व्यवसाय के लिए गिट्टी का पैसा ट्रांसफर करने के लिए घर से मशरक जा रहा था ।तभी पचखंडा चौमुहानी के पास बाइक को रोका गया ।और अचानक मारपीट करते हुए 1लाख रुपए गले से सोने की चैन और अंगुठी छीन लिया गया।

अनूज भरत से मिलकर गदगद हुए मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम

नगर रामलीला समिति के तत्वावधान में भरत मिलाप का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर रामलीला समिति की तत्वावधान में रामलीला एवं रावण पुतला दहण के पश्चात प्राचीन परंपरा भरत मिलाप झांकी शनिवार को रामलीला मैदान से निकाली गयीं। भरत मिलाप झांकी में विराजमान श्रीराम दरबार की आरती व स्वागत हेतु जगह-जगह महिलाएं, पुरूष व बच्चे उपस्थित थे। लोग पुष्प वर्षा कर रहे थें। मयार्दा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम, भाई लक्ष्मण का भरत एवं शत्रुघ्न के साथ मिलाप होतें ही राम भक्तों में खुशी की लहर दौड़ गयीं। लोग झुमने लगें और इसी के साथ भरत मिलाप झांकी में रथ पर सवार माता सीता, प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण,भरत, शत्रुघ्न व वीर हनुमान विराजमान थे। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर रामलीला समिति द्वारा रात्रि में रामलीला मैदान रमना से भव्य झांकी शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह, सचिव शंभूनाथ प्रसाद, उपाध्यक्ष दिलीप कुमार गुप्ता, शंभू प्रसाद केसरी, संयुक्त सचिव पंकज प्रभाकर संयुक्त, कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष विष्णु शंकर, संरक्षक डॉ. कुमार द्विजेंद्र, अभिभावक मंडल के मेजर राणा प्रताप सिंह अवधेश पांडेय, रामकुमार सिंह, डी. राजन (अधिवक्ता), ओपी कश्यप (भरत मिलाप प्रभारी), कृष्ण कुमार (पत्रकार), राकेश कुमार राजू, मुन्ना सिंह, मनोज कुमार सिंह (प्रचार प्रसार प्रभारी), मिथिलेश रंजन, राकेश कुमार धन्नु, राकेश कुमार सिंह, ऋषिकेश ओझा, धर्मेंद्र कुमार अमितेश कुमार, सनातनी सेना के सदस्य समेत अन्य गणमान्य लोग शामिल रहें। बता दें की शोभायात्रा शहर के जैन स्कूल, टाऊन थाना, चित्रटोली रोड़, धर्मन चौक, महादेवा, बड़ी मठिया, सदर अस्पताल रोड, शिवगंज चौक, जेल रोड़, गोपाली चौक, शीशमहल चौक, आरण्य देवी मोड़, चौक आर्य पथ होतें हुए रामगढ़िया पहूंचेगी। जहां भगवान की आरती और पूजन के साथ भरत मिलाप का कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं शहर के विभिन्न संस्थाओं के द्वारा भिन्न-भिन्न प्रकार का आकर्षक झांकी निकाली गई थीं, जो बहुत ही मनोहर था। झांकी को देखने शहर के अलावे ग्रामीणों क्षेत्रों के लोग भी उपस्थित थें।

चाक-चौबंद दिखा पुलिस-प्रशासन, गश्त लगाते रहें पुलिस अफसरः भारत मिलाप शोभा यात्रा के दौरान शहर में पुलिस प्रशासन चौकस दिखा जगह-जगह डंडा अधिकारी पुलिस पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। इस दौरान एएसपी सह सदर एसडीपीओ चन्द्र प्रकाश, नगर थाना इंचार्ज संजीव कुमार, नवादा थानाध्यक्ष शंभू कुमार भगत समेत अन्य पुलिस अफसर मुस्तैद रहें।

रामराज्य गद्दी के अवसर पर झांकियो को किया जाएगा पुरस्कृतः नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह एवं सचिव शंभुनाथ प्रसाद ने कहा कि भरत मिलाप में शामिल आकर्षक झांकी को निर्णायक मंडल द्वारा चयनित किया जाएगा। चयनित झांकी को अगामी 30 अक्टूबर को राम राज्यगद्दी के अवसर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावे सभी झांकी को भी सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

आंगनबाड़ी सेविका की बेटी ने बीपीएससी में पायी सफलता

प्रात : किरण संवाददाता

बिहिया (भोजपुर)। प्रखंड के मझौली निवासी व आंगनबाड़ी सेविका बिन्दु देवी के एकलौटी पुत्री ज्योति कुमारी ने बिहार संयुक्त परीक्षा में पहला प्रयास में सफलता पाई। इससे गांव से लेकर जिला का नाम रौशन किया है। बताया जा रहा है कि ज्योति कुमारी शुरू से ही अ मेधावी छात्रा है। वे छह से दस तक बिहिया नवोदय विद्यालय में पढ़ाई की। तथा बीड़ी कॉलेज बिहिया से आईएसी, महिला कॉलेज से बीएसी कर पटना में तैयारी करती थी। दो भाईयों में एकलौटी बहन है। एक भाई जगदीशपुर पंचायती राज में जेई जबकि दुसरा भाई बीपीएससी का तैयारी करता है। मां गांव पर ही आंगनबाड़ी सेविका है। जबकि पिता ह्रदयानंद राम गांव किसान का काम करते हैं। ज्योति कुमारी अपना सफलता का श्रेय दादा हरिनारायण राम, पिता और भाई को देती है।

दादा आरा समाहरणालय वरीय अधीक्षक से सेवानिवृत्त हुए हैं। ज्योति का परिवार मध्य वर्ग है। लेकिन पुत्री को पढ़ाकर सफलता का मंजिल पाना का चाहत था। जिससे गांव में खुशी की लहर है।

सलेमपुर मंडल के हर मतदान केंद्र पर प्रधानमंत्री का मन की बात लोगों ने सुना

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बड़हरा विधानसभा के विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी जी के नेतृत्व में सलेमपुर मंडल के हर मतदान केंद्र पर प्रधानमंत्री जी का मन की बात सुना गया बागी पकड़ पंचायत के हिम्मतपुर में यशस्वी प्रधानमंत्री जी का मन की बात सुन गया और बसंतपुर पंचायत के बसंतपुर गांव एवं गांव में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कर सुना गया और धमार पंचायत के धमार शक्ति केदो पर यशस्वी प्रधानमंत्री जी के मन की बात को सुना गया जिसमें बरहरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह सलेमपुर मंडल अध्यक्ष धनंजय तिवारी नर्वदेश्वर सिंह मारकंडेय सिंह छोटू चंद्रवंशी मंजिल सिंह अरविंद सिंह विकास तेली नसरुद्दीन रमाकांत चौधरी प्रमोद तिवारी वीरेंद्र राय सत्येंद्र सिंह तिलक राज चंद्रमा यादव मोतीलाल शाह हीरा शाह भारतीय जनता पार्टी के तमाम कर्ज करता और मंच मोर्चा के सभी लोग यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात को टीवी के माध्यम से सुना गया।

सभी मतदान केन्द्रों पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 106 वें मन की बात कार्यक्रम को सुना गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा ; भारतीय जनता पार्टी, आरा विधानसभा के द्वारा आज आरा विधानसभा के लगभग सभी मतदान केन्द्रों पर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 106 वें मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। आरा नगर के वार्ड नं 33, हनुमान टोला में बुथ नं 124 पर बुथ अध्यक्ष सुधीर केशरी के नेतृत्व में माननीय पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया, मुन्ना सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना महतो, दीपु गुप्ता, नीतिन कुमार, शम्भु जी समेत सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में सुना। इस अवसर पर श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के मन की बात काफी प्रेरणादायी, उत्साहवर्धक के साथ साथ ज्ञानवर्धक रहा विशेषकर आज हमारे देश के खिलाड़ी हर अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदकों की झड़ी लगा देश की मान को बढ़ा रहे हैं। इसमें हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के प्रोत्साहन और हर सम्भव मदद का महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रधानमंत्री जी ने वोकल फॉर लोकल का संदेश देकर देश में छुपी विभिन्न क्षेत्रों में विशेष कार्य कर रहे लोगों के प्रतिभा को देश के सामने लाने का कार्य भी कर रहे हैं इसके लिए यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को बहुत बहुत आभार एवं साधुवाद हैं। आरा विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों पर ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, पूर्व ग्रामीण अध्यक्ष अजय सिंह, सुशील कुमार मिश्र, हैप्पी तिवारी, सुगम सहाय, गौतम श्रीवास्तव, रितेश वर्मा, गुड्डू पासवान, प्रियांशु दीवान मंदीप तिवारी धीरज सोनी पोखराज पासवान अभय चौधरी अश्वनी कुशवाहा नीरज चौधरी धर्मेन्द्र सिंह रौबिन कुशवाहा, बलजीत सिंह, राधे गुप्ता, टुणडुल सिंह, सरोज प्रसाद आदि के द्वारा भी सुना गया।

बिहार के अधिकतम लोक सभा सीट पर चुनाव लड़ेगी जनतंत्र आवाज पार्टी: राष्ट्रीय अध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जनतंत्र आवाज पार्टी का कार्यकर्त्ता महा सम्मेलन जेल रोड रेखाशाह मंदिर मैदान मे सम्पन्न हुआ जिसमे पार्टी से जुड़े बिभिन्न जिलों के कार्यकर्त्ता ने भाग लिया।

महास्मेलन मे बहुत से अन्य पार्टी के कार्यकर्त्ता ने स्वेक्षा से पार्टी का सदस्यता ग्रहण किये।

साथ ही कइयो को जिला संयोजक का काम काज सोप दिया। पार्टी के सभी बड़े पदाधिकारी के सहमति से लोकसभा चुनाव 2024 बिहार के 40 सीट के अधिकतम सीट से चुनाव लड़ने का घोषणा किया। इस मोके पर कार्यकर्ताओ का स्वागत किया तथा कार्यकर्ताओ टें राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा का भव्य स्वागत किया। सम्मेलन को सम्बोधित करते हुये राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर शर्मा ने बताया

पार्टी का मुलसिद्धांत जनता के मुलसमस्या से निजात दिलाना तथा संवैधानिक अधिकार का रझा करना है। युवाओं को बेरोजगार तथा देश को भ्ष्टार्चार से बचाने का संघर्ष करेगी। इस अवसार पर पार्टी ने लिखित रूप से अपना सिद्धांत का प्रकाशन किया जो सभी बर्ग को पसंद आया। मंच संचालन पार्टी महा सचिव कुंदन शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष राम नारायण शर्मा ने किया। अन्य शामिल लोग मेअमर विश्वकर्मा ललन शर्मा, संतोष शर्मा शिवशंकर शर्मा करमु केशरी बीटेशर प्रसाद आर सी भूषण राजेंद्र गुप्ता देव कुमार शर्मा बिजय शर्मा बाजरागी शर्मा देवेंद्र शर्मा सुधीर शर्मा लाल बाबू गुप्ता।

शेरघाटी में श्री नारनौलिया अग्रवाल भवन का हुआ उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

शेरघाटी ।शहर के गोला बाजार स्थित श्री नरनौलिया अग्रवाल भवन का हुआ शुभारंभ कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने फीता काटते हुए कार्यक्रम का शुरूआत किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायिका श्रीमती मंजू अग्रवाल हजारीबाग के मशहूर चिकित्सक डॉक्टर सरजू प्रसाद अग्रवाल, दिलीप कुमार अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल सभापति महासचिव, डॉक्टर मुरलीधर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से पिता काटकर कार्यक्रम का शुरूआत किया। तदोपरांत अतिथियों के द्वारा महाराज अग्रसेन जी की प्रतिमा को पूजा अर्चना करते हुए उन्हें याद किया इसके बाद अतिथियों को सदस्यों ने भव्य स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया ।वहीं अपने अभिभाषण के दौरान आए हुए अतिथियों ने इस भवन के निर्माण कार्य होने से काफी खुशी जाहिर किया और समाज की एकता व अखंडता बनाए रखने को लेकर भगवान से प्रार्थना भी किया। अतिथियों ने कहा कि यह समाज के लिए बहुत बेहतर चीज है इससे किसी भी तरह के कोई कार्यक्रम या किसी भी प्रकार की शादी विवाह आदि होने पर इसकी जरूरत पड़ती है तो हमें अपने भवन ही होगा। ताकि समाज के लोगो मे एकजुटता बना रहे।

जबकि अतिथियों ने निर्माण कार्य में बेहतर सहायता प्रदान करने वाले 350 सदस्यों को अंग वस्त्र एवं अग्रसेन जी महाराज के प्रतिमा देखकर उन्हें सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान कार्यकारिणी कमेटी के सदस्य टन्ना अग्रवाल,अनिल अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, संजय तायल,सुनील अग्रवाल, रुपेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अमृत अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल के अलावे महिला संगठन के अध्यक्ष रेनू अग्रवाल, प्रतिमा अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल, सोनी अग्रवाल,उषा अग्रवाल समेत हजारों की संख्या में महिलाएं पुरुष बच्चे आदि भी इस कार्यक्रम में शामिल थे।

अमृत कलश यात्रा को आरा शहर मैं भरमन के बाद पटना रवाना किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः जय प्रकाश नारायण स्मारक रमना मैदान आरा से ,टाउन थाना, घंटा घर गोपाली चौंक, जेल रोड, दुर्गा मंदिर शिव गंज, सपना सिनेमा रोड होते हुए बाई पास रोड से अमृत कलश यात्रा को पटना रवाना हुए।जिसका नेतृत्व भाजपा युवा मोर्चा भोजपुर जिलाध्यक्ष विभू जैन के साथ मेरा माट्टी मेरा देश कार्यक्रम प्रभारी युवा मोर्चा जिला महामंत्री अंकित सिंह चन्द्रवंशी इस कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,आरा सासंद सह केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री, आर के सिंह बडहारा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह भाजपा प्रदेश कार्य समिती सदस्य मेरा माट्टी मेरा देश जिला संयोजक राम दिनेश यादव पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेम रंजन चतुवेर्दी तिरंगा झंडा दिखा के रवाना किये जिला मंत्री संतोष चन्द्रवंशी ,जिला महामंत्री पूनम कुशवाह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुर्यभान सिंह, की उक्त कार्यक्रम में समयानुसार आकर भोजपुर जिला के सातों विधान सभा में 32 मंडलों से अमृत कलश यात्रा ,मेरा मिट्टी- मेरा देश कार्यक्रम मे शामिल होकर रथ को आरा भोजपुर जिले से पटना के प्रदेश के हाथो में दिया जायेगा । मेरा मिट्टी- मेरा देश,भोजपुर, बिहार। जिसमे युवा मोर्चा भोजपुर 35 युवा के पदाधिकारी दिल्ली रवाना हुए। जिसमे जिलाध्यक्ष विभू जैन जिला महामंत्री अंकित सिंह चन्द्रवंशी जिला उपाध्यक्ष श्रवण राय, आदित्य सिंह आदि, मुकेश कुशवाह रवि केशरी जिला मंत्री राजीव कुमार कुमार प्रतीक जिला प्रवक्ता अंकित तिवारी अमलेश यादव, राजीव सिंह आई टी सेल संयोजक प्रतीक चन्द्रवंशी मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा ,प्रकाश कुमार, संजीत राय, रनविजय प्रताप, पिन्टु कुशवाह,एंव सम्मानित कार्यकर्ता दिल्ली गए। जिसकी जनकारी मिडीया प्रभारी आरिहंत विजय जैन ने दिए।

छठ पूजा घाटों पर पसरा है कचड़ो का अंबारः क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी ने अपने ब्यान मे संवाददाताओं को बतलाया कि आरा नगर के सभी छठ पूजा घाटों पर पसरा है कचड़ा.आम छठवर्त करने वाले है परिशान. मोती टोला बाइपास छठ पूजा घाट पहुंच कर भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व इंसाफ मंच के राज्य सचिव क्यामुद्दीन अंसारी व छठ पूजा आयोजकों की टीम पूजा घाटों का मुआयना करने लगी। भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी छठ पूजा घाटों पर पसरे कचड़ो के अंबार को देखकर आरा नगर निगम के मेयर-डिप्टी मेयर से लेकर विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह और आरा सांसद आर.के.सिंह पर विफर पड़े.क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि गरीबों की झोंपड़ी पर बुलडोजर चला कर तथा छठ पूजा घाटों को बरबाद कर आरा शहर को स्वर्ग सा सुन्दर बनाने का सपना दिखाने वाले भाजपाई मेयर ,विधायक व सांसद आज छठ घाटों पर पसरे कचड़ो पर खामोश है।

क्रांतिकारी मजदूर आंदोलन के महानायक कॉमरेड योगेश्वर गोप की पुण्यतिथि को प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आराः अमीरचंद कन्या मध्य विद्यालय, जेल रोड , आरा में बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) एवं राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा भोजपुर के संयुक्त तत्वावधान में मजदूर , शिक्षक-कर्मचारियों के जनक कॉ० योगेश्वर गोप की 16 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ (गोपगुट) के राज्याध्यक्ष , कॉ० रघुबर रजक ने किया। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता, जिलाध्यक्ष भोजपुर, कृष्ण सिंह 'विमल' और मंच संचालन, जिला सचिव भोजपुर, धर्म कुमार राम ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने बताया कि कॉमरेड योगेश्वर गोप कोई साधारण नेतृत्वकर्ता नहीं बल्कि शिक्षक-कर्मचारियों, मजदूरों, शोषितों के संघर्ष को ऊंचाइयों तक ले जाने में अपना सर्वस्व समर्पण करने का कार्य किया। उन्होंने ने कर्मचारियों के आंदोलन की लकीर को इतनी लंबाई देकर चले गए हैं जिस पर आज भी कर्मचारी आंदोलन आगे बढ़ता रहा है। कॉमरेड योगेश्वर गोप ने अपने आंदोलनों के दौरान सरकार से दो-दो हाथ करने को अडिग रहें लेकिन कभी भी अपनी शर्तो से पीछे नहीं हटे।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय महिला शिक्षक मोर्चा की जिला सचिव, अंजु कुमारी, संयुक्त सचिव, किरण भारती, जिला कोषाध्यक्ष (गोपगुट) मनोज कुमार किरण, संयुक्त सचिव, डॉ० मनोज कुमार गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार सिंह, केदारनाथ सिंह, देव कुमार सिंह, महासंघ, गोपगुट भोजपुर, के पूर्व संरक्षक, जानकी प्रसाद, जिला सचिव, उमेश कुमार सुमन, राज्य सचिव, महासंघ गोपगुट, लवकुश जी ने संबोधित करते हुए कॉ० योगेश्वर गोप के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

शब्दाक्षर पत्रिका के अक्टूबर-दिसंबर 2023 अंक का लोकार्पण काव्यानुष्ठान के साथ सम्पन्न

प्रात : किरण संवाददाता

गया। राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' की त्रैमासिक पत्रिका के अक्टूबर-दिसंबर 2023 अंक का लोकार्पण 'शब्दाक्षर' के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-पत्रिका के प्रधान संपादक रवि प्रताप सिंह, लोकार्पण विभूति तमिलनाडु प्रदेश अध्यक्ष केवल कोठारी, संपादक डॉ आदर्श प्रकाश, सह संपादक सत्येन्द्र सिंह 'सत्य', कार्यक्रम संचालिका ज्योति नारायण एवं भारत के अनेक राज्यों से जुड़े 'शब्दाक्षर' के अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ है। लोकार्पण समारोह का शुभारंभ डॉ सुमन सुरभि द्वारा सरस्वती वंदना एवं शिल्पी भटनागर द्वारा शब्दाक्षर गीत की सुमधुर प्रस्तुति से हुआ है। प्रधान संपादक रवि प्रताप सिंह ने पत्रिका के संपादन एवं प्रकाशन में संलग्न सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया। 'शब्दाक्षर' की राष्ट्रीय प्रवक्ता-सह-प्रसारण प्रभारी प्रो. डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने बताया कि 'शब्दाक्षर त्रैमासिकी' के अक्टूबर-दिसंबर 2023 अंक में शब्दाक्षर पदाधिकारियों एवं साहित्यकारों की विभिन्न विधाओं में लिखी गयी हिन्दी रचनाओं के साथ शब्दाक्षर द्वारा देश भर में आयोजित किये गये कार्यक्रमों की सुंदर झाँकी है। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण 'शब्दाक्षर केन्द्रीय पेज' से किया गया, जिससे अनेक साहित्य-प्रेमी श्रोता व दर्शकों ने जुड़ कर साहित्य का रसपान किया है ।लोकार्पण के उपरांत काव्यानुष्ठान सत्र में शायर रवि प्रताप सिंह की गजल "गणित लगा कर कभी न देखा, क्या खोया, क्या पाया है, जिसने भी मुस्कान बिखेरी, हँसकर गले लगाया है" पर खूब वाहवाहियाँ लगीं है। तमिलनाडु शब्दाक्षर प्रदेश अध्यक्ष केवल कोठारी की "तने, शाख पत्ते अहम पाले मन में, जड़ों से नजर तक चुराने लगे हैं...कुकुर केसरी को डराने लगे हैं" को भी श्रोताओं ने खूब सराहा। डॉ आदर्श प्रकाश की पंक्तियों को भी सबने पसंद किया है। काव्य-सत्र में लोकार्पण अतिथियों के अतिरिक्त कवि श्यामल मजूमदार, कृष्ण कुमार दूबे, विश्वजीत शर्मा सागर, लिंगम चिरंजीव राव, शिल्पी भटनागर, डॉ सुमन सुरभि, ईशा गुप्ता, गीता अग्रवाल, सागर शर्मा आजाद, बिट्टू जैन सना, डॉ स्मृति कुलश्रेष्ठ, अमन शुक्ला, संजय त्रिपाठी,सत्येन्द्र सिंह सत्य, शशिकांत मिश्र, डॉ कनक लता तिवारी व अन्य शब्दाक्षर पदाधिकारी रचनाकारों ने भी अपनी कविताओं का सुमधुर पाठ किया। लोकार्पण सत्र की अध्यक्षता प्रधान सम्पादक रवि प्रताप सिंह ने व संचालन तेलंगाना प्रदेश अध्यक्ष ज्योति नारायण ने किया तथा काव्य सत्र की अध्यक्षता डॉ. आदर्श प्रकाश ने व संचालन राष्ट्रीय साहित्य मंत्री अनामिका सिंह ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शब्दाक्षर महाराष्ट्र की साहित्य मंत्री अन्नपूर्णा गुप्ता ने किया।

18 दिसंबर को भिखारी ठाकुर की जयंती सह सम्मान समारोह को ले बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

आरा/भोजपुर। स्थानीय पटेल बस पड़ाव परिसर स्थित भिखारी ठाकुर सांस्कृतिक मंच पर आगामी 18 दिसंबर 2023 को भिखारी ठाकुर की जयंती सह सम्मान समारोह मनाने को लेकर आज संस्थान की प्रथम बैठक आयोजित की गई ।बैठक की अध्यक्षता समाज सेवी निर्मल कुमार गुप्ता तथा संचालन संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष पत्रकार नरेंद्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन गुड्डू ओझा के कविता पाठ से सम्पन्न हुआ। भिखारी ठाकुर सामाजिक शोध संस्थान की आज की बैठक में 18 दिसंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूप रेखा पर विचार विमर्श करते हुए कई प्रस्तावों को लाया गया। इस बीच आयोजन को लेकर कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में निर्मल कुमार गुप्ता का चयन किया गया जिस पर निर्मल कुमार गुप्ता ने अपनी सहमति प्रदान की ।बैठक में शामिल वरिष्ठ रंगकर्मी कृष्णेंदु और पूर्व निगम पार्षद डॉ जितेंद्र शुक्ला ने भोजपुरी को मान्यता को लेकर 5 फरवरी 2024 को दिल्ली के जंतर मंतर पर होने वाले धरना प्रदर्शन की विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा,पत्रकार नरेंद्र सिंह,गोपाल प्रसाद,सुरेश प्रसाद,गांधी जी,सेवा नृवित फौजी नागेंद्र ओझा,बिनोद सिंह,विजय बहादुर सिंह,अमरदीप कुमार जय, डॉ प्रेम शंकर पांडेय आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा की अगर भोजपुरी को मान्यता दिलाना है तो इसके लिए जन आंदोलन खड़ा करना होगा जिसका शंखनाद आज से ही इस मंच से शुरू कर दिया जाए। डॉ कुमार शीलभद्र वयोवृद्ध राज कुमार सिंह, राकेश कुमार ओझा ने कहा की ठाकुर जी की जयंती के बहाने भोजपुरिया समाज और संस्थाएं जो खंड खंड में विभक्त है को एक मंच पर लाने का प्रयास हो क्योंकि देश से लेकर विदेशों तक लगभग 15 करोड़ भोजपुरी भाषी और भाषायी क्षेत्र के लोग फैलें हुए यानी जनसंख्या भी बहुतायत है जिसमे करीब 5 करोड़ इस क्षेत्र के मतदाता है इन्हे केवल गोलबंद करना होगा जिसमे सिर्फ एक मुद्दा होगा की भोजपुरी को मान्यता कैसे दिलाई जाए ।भोजपुरी के नाम पर बाजार में अश्लीलता फैलाने वाले लोगो से बचाना भी होगा क्योंकि उनका नजरिया व्यवसायिक है उन्हे भोजपुरी के मान सम्मान से कोई लेना देना नहीं है,वैसे लोगो से ही भोजपुरी बदनाम हो गई है।

अंत में बैठक की अध्यक्षता कर रहे निर्मल कुमार गुप्ता ने कहा की हमलोगो का प्रयास रहेगा की लोक कलाकार भिखारी ठाकुर की जयंती पिछले वर्ष की तुलना में और बेहतर ढंग से मनाया जाए। बैठक के दौरान ई संजय शुक्ला , डॉ के डी सिंह,केशव ठाकुर ने अपना अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया।

हथियारबंद बदमाशों ने शिक्षक को मारी गोली

प्रात : किरण संवाददाता

आरा ।उदवंत नगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर गांव स्थित डाकघर के समीप रविवार की दोपहर हथियारबंद बदमाशों ने बाइक सवार एक प्राइवेट शिक्षक को गोली मार दी।

घायल उदवंतनगर थाना क्षेत्र के उदवंतनगर वार्ड नंबर 13 निवासी पिंटू सिंह का 23 वर्ष से पुत्र लवकुश कुमार सिंह है।

लवकुश कुमार सिंह ने बताया कि पांच दिन पूर्व गांव के ही एक युवक द्वारा उसे बाइक से धक्का मार दिया था। उसके बाद उक्त युवक उसके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगा। जिसके बाद उसने उक्त युवक को दो तमाचे मार दिया था। हालांकि उस दिन बाद खत्म हो गई थी। रविवार की दोपहर जब वह अपने भाई के साथ बधार से बाइक पर पीछे बैठकर वापस घर लौट रहा था। उसी दौरान उक्त युवक अपने दो साथियों के साथ वहां आया और पीछे से उसे गोली मार दी। इससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए डीएम कोठी रोड स्थित इमरजेंसी हॉस्पिटल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है।

झगड़े के बाद ही उसने स्थानीय थाना में सनहा भी दर्ज कराया था। लेकिन सनहा देने के बाद पुलिस अभी कार्रवाई करने के बारे में सोच ही रही थी। तभी उक्त युवक ने इस घटना को अंजाम दे दिया। इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डा.प्रशांत सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में लगी है ,जो आरपार हो गई है। गोली लगने के कारण उसका खून काफी बह गया था। उसके डैमेज पार्ट्स को रिपेयर कर दिया गया है और ब्लड को सिक्योर कर दिया गया है। हालांकि ,मरीज की स्थिति अभी बिल्कुल स्टेबल है। ऑब्जर्वेशन में रखा जाएगा।

10 हजार के निवेश पर 8.5 लाख का रिटर्न

नईदिल्ली। पिछले कुछ सालों के दौरान रिफेक्स इंडस्ट्रीज ने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। कंपनी के शेयरों की कीमतों में बीते 10 सालों में 8500 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। जिस किसी निवेशक ने 10 साल पहले 10 हजार रुपये का निवेश रिफेक्स इंडस्ट्रीज में किया होगा उनका पैसा अबतक बढ़कर 8.5 लाख रुपये हो गया होगा। बीते 5 साल में इस मल्टीबैगर स्टॉक की कीमतों में 1195 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

140 रुपये का डिविडेंड दे रही है कंपनी

नईदिल्ली। इस हफ्ते शेयर बाजार में जो कंपनियों एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी उसमें नेस्ले इंडिया भी एक है। कंपनी अपने योग्य निवेशकों को 1 शेयर पर 140 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट का ऐलान भी कर दिया गया है। बता दें, नेस्ले इंडिया ने तिमाही नतीजों के साथ डिविडेंड देने का ऐलान किया था।

एनटीपीसी का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़कर 4,726 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक एनटीपीसी का चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38 प्रतिशत बढ़कर 4,726.40 करोड़ रुपए हो गया। मुख्य रूप से राजस्व बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। एनटीपीसी ने शनिवार को शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि एक साल पहले समान अवधि में इसका शुद्ध लाभ 3,417.67 करोड़ रुपए था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 45,384.64 करोड़ रुपए हो गई जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 44,681.50 करोड़ रुपए थी। इस बीच एनटीपीसी के निदेशक मंडल ने 10 रुपए के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयर पर 2.25 रुपए प्रति शेयर की दर से अंतरिम लाभांश देने का फैसला किया है। चालू वित्त वर्ष के इस लाभांश का भुगतान/ प्रेषण 23 नवंबर को किया जाएगा। अप्रैल-सितंबर की अवधि में एनटीपीसी का औसत बिजली शुल्क 4.61 रुपए प्रति यूनिट था, जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 4.77 रुपए प्रति यूनिट था। दूसरी तिमाही में एनटीपीसी का सकल बिजली उत्पादन बढ़कर 90.30 अरब यूनिट हो गया जो एक साल पहले की समान अवधि में 85.48 अरब यूनिट था।

आईआईटी से ग्रेजुएट, 28 लाख का पैकेज छोड़ पाली देसी मुर्गियां, आज 1 करोड़ रुपये महीने का रेवेन्यू

नई दिल्ली, एजेंसी। आपने आईआईटी से इंजीनियरिंग की हो और 28 लाख का पैकेज मिल जाए, तो आप क्या करेंगे। शायद कई लोग काफी खुश होंगे और मजे से नौकरी करेंगे। लेकिन आजकल के युवाओं की सोच हटकर है। वे एंटरप्रेन्योरशिप में यकीन रखते हैं। जैसे ही अपना कुछ करने का मौका मिलता है, निकल जाते हैं। तेलंगाना के आईआईटी ग्रेजुएट सैकेश गौड़ की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उन्हें 28 लाख का सालाना पैकेज मिला था। लेकिन अब वे एक करोड़ रुपये महीना कमा रहे हैं। आज उनके पास एक फेमस ब्रांड है और वे एक सफल उद्यमी की जिंदगी जीते हैं। आइए गौड़ की इस सक्सेस स्टोरी के बारे में जानते हैं।

सैकेश गौड़ ने आईआईटी वाराणसी से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में ग्रेजुएशन किया है। इसके बाद वे 28 लाख रुपये के पैकेज में सॉफ्टवेयर प्रोफेशनल के तौर पर जॉब करने लगे। लेकिन सैकेश का मन बिजनस करने का था। वे इसके लिए मौके तलाशने लगे। तो हुआ कुछ यूं कि हेमाम्बर रेड्डी नाम से एक व्यक्ति मुर्गी पालन का बिजनस करना चाहता था। इस बारे में वह जानकारी जुटा रहा था।

उसने समझा कि मीट इंडस्ट्री कैसे काम करती है। इसी बीच रेड्डी की मुलाकात सैकेश गौड़ और मो. सामी उद्दीन से हुई। जब गौड़ ने रेड्डी की बात सुनी तो उन्होंने सोचा कि क्यों नहीं मीट मार्केट में बड़ा बिजनस किया जाए। और इस तरह उन्होंने रिटेल मीट सेक्टर में उतरने का मन बना लिया। इसके लिए उन्होंने अपनी जॉब भी छोड़ दी।

सुपरमार्केट जैसी मीट की दुकान

गौड़ के बिनजस में एक इन्क्यूबेशन प्रोग्राम ने बड़ी मदद की। यह प्रोग्राम आईसीएआर-नेशनल मीट रिसर्च इंस्टीट्यूट, हैदराबाद का था। इससे गौड़ को हाइजनिक प्रोसेसिंग और रिटेलिंग यूनिट और गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिसेस की स्थापना के लिए तकनीकी मार्गदर्शन मिला। इसके बाद गौड़, रेड्डी और सामी ने मिलकर कंट्री चिकन फार्मिंग और रिटेलिंग को सस्टेनेबल तरीके से बदलने के लिए साल 2020 में कंट्री चिकन कंपनी की शुरुआत की। वे मीट की एक ऐसी दुकान लाना चाहते थे, जो सुपरमार्केट की तरह दिखे। जहां हाइजीन का पालन हो और साफ-सुथरे माहौल में क्वालिटी वाला देसी चिकन मीट मिले।

लोगों ने उड़ाया मजाक

आईआईटी की पढ़ाई की और अच्छी-खासी नौकरी छोड़ मुर्गियां पाल रहा है... लोगों ने ऐसा कहकर गौड़ का खूब मजाक बनाया। लेकिन गौड़ रुके नहीं। उनकी देसी मुर्गियों के बढ़िया स्वाद, एथिकल प्रोडक्शन और न्यूट्रिशन वैल्यू ने खूब पॉपुलैरिटी हासिल की। वे प्रोडक्ट को किसी गिफ्ट आइटम की तरह पैक करके बेचते थे। इससे ग्राहक को एक अलग ही फील आता था। उन्होंने ग्राहकों का मीट खरीदने का नजरिया ही बदल दिया।

15,000 पोल्ट्री किसानों का नेटवर्क

एक साल में गौड़ अपने बिजनस को खूब आगे ले गए। उन्होंने अपने दोस्तों के साथ हैदराबाद में प्रगति नगर और कुकटपल्ली इलाकों में भारत का पहला ऑथेन्टिक देशी चिकन स्टोर खोला था। अपने आउटलेट्स में उन्होंने 70 से ज्यादा लोगों को नौकरी दी। कंपनी ने साउथ के राज्यों में 15 हजार पोल्ट्री किसानों का एक नेटवर्क बनाया। कंपनी इन किसानों को बढ़िया कीमत देकर चिकन खरीदने लगी।

तीन तरह के चिकन पर फोकस

कंपनी तीन तरह के तेलंगाना कंट्री चिकन बर्ड पर फोकस कर रही है। वारियर, कड़कनाथ और असिल। कंट्री चिकन में 5 तरह की डिश तैयार की जाती है। टेंडर तेलंगाना, क्लासिक आंध्र, मैसूर क्रीन, कड़कनाथ, और वारियर-पांडेम कोडी। कंट्री चिकन को बेस्ड इमर्जिंग मीट ब्रांड का खिताब भी मिला है। वित्त वर्ष 2022-23 में कंपनी ने 5 करोड़ का रेवेन्यू प्राप्त किया था। कंपनी ने जनवरी 2022 में 3 लाख प्रति माह से अप्रैल 2023 में 1.2 करोड़ प्रति माह तक रेवेन्यू प्राप्त किया। कंट्री चिकन का वित्त वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ रेवेन्यू हासिल करने का लक्ष्य है।

पीएम विश्वकर्मा योजना में 25 अक्टूबर तक सरकार के पास आए 9.09 लाख आवेदन

17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में कौशल विकास यानी स्किल डिवेलपमेंट के बढ़ते दायरे के बीच नई-नई योजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। विश्वकर्माओं और उनके परंपरागत कौशल को आधुनिक औजारों और तकनीक के साथ जोड़ने के मकसद से बीती 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम विश्वकर्मा योजना शुरू की और 25 अक्टूबर तक सरकार के पास 9.09 लाख आवेदन भी आ गए। इस योजना से जुड़े कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के मुताबिक, 30 लाख परंपरागत शिल्पकारों को फायदा पहुंचाने वाली इस योजना के लिए मिले आवेदनों में 81 प्रतिशत पांच पारंपरिक शिल्प कलाओं में ट्रेनिंग चाहते हैं। इनमें दर्जी, मेसन (राजमिस्त्री), बढ़ई (सुथार), बाल काटने वाले (नाई) और टोकरी/चटाई/झाड़ू निर्माता/जूट बुनकर शामिल हैं। मंत्रालय इस साल के बचे हुए कुछ महीनों में ही छह लाख लोगों को चुनकर इस योजना का लाभ उन्हें देना चाहता है।

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी कहते हैं कि पीएम की सोच से कौशल विकास और उद्यमशीलता को नया मुकाम

हासिल हुआ है। साल 2014 में यह नया मंत्रालय बना और उसके बाद से युवाओं के कौशल में पहले की तुलना में कहीं ज्यादा निवेश हुआ है। स्किलिंग, अपस्किलिंग और री-स्किलिंग- तीनों पर फोकस किया जा रहा है। शिक्षा को स्किल के साथ जोड़ा जा रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की सिफारिशों के अनुरूप छठी कक्षा से ही स्किल ट्रेनिंग शुरू करने की तैयारी है। इस दिशा में स्किल इंडिया डिजिटल मिशन प्लैटफॉर्म को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने हाल में लॉन्च किया है। इस प्लैटफॉर्म पर कौशल विकास, शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के सभी अवसर मौजूद हैं।

6 लाख लोगों को इसी साल फायदा

मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी कहते हैं कि विश्वकर्मा योजना के साथ तीन मंत्रालय जुड़े हैं। ऑनलाइन पोर्टल के जरिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। ग्राम पंचायत, जिला स्तर पर वेरिफिकेशन के बाद योजना के लाभार्थियों का फाइनल सिलेक्शन होगा। इस साल बचे समय में छह लाख लोगों के चयन की पूरी संभावना है। उसके बाद बचे टारगेट को पूरा किया जाएगा।

पीएम विश्वकर्मा योजना में सबसे ज्यादा 3.18 लाख आवेदन पश्चिम बंगाल से आए हैं। कर्नाटक से 1.56 लाख आवेदन, असम से 82484, यूपी से 68786, ओडिशा से 59372, महाराष्ट्र से 39393, पंजाब से 38211 आवेदन आ चुके हैं। बिहार, राजस्थान, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, छत्तीसगढ़, हिमाचल, मिजोरम, सिक्किम, अरुणाचल समेत 29 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से ये आवेदन मिले हैं। प्राथमिकता वाले 254 जिलों पर खास फोकस है, जहां पारंपरिक कारीगरों के लिए सेंटर बनाकर उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस योजना में 18 पारंपरिक शिल्प-कलाओं को शामिल किया गया है। इनमें बढ़ई, नाव निर्माता, अस्त्रकार, लोहार, टोकरी/चटाई/झाड़ू बनाने वाले, बुनकर, गुड़िया और खिलौना निर्माता (पारंपरिक), सुनार, कुम्हार, जूते बनाने वाले, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, ताला बनाने वाले, मूर्तिकार, पत्थर तराशने वाले, पत्थर तोड़ने वाले, राजमिस्त्री, बाल काटने वाले, मालाकार, कपड़े धोने वाले, दर्जी, मछली पकड़ने का जाल बनाने वाले कारीगर शामिल हैं। दर्जी के लिए 3 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं। राजमिस्त्री के लिए 2.43 लाख, बढ़ई के लिए 1.05 लाख आवेदन आए हैं।

भारत करता है 72 देशों में दूरसंचार उपकरणों का निर्यात: अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कहा कि देश में 5जी की शुरुआत के दौरान इस्तेमाल होने वाले 80 प्रतिशत दूरसंचार उपकरणों का निर्माण स्थानीय स्तर पर किया गया और देश फिलहाल ऐसे उत्पादों का निर्यात 72 देशों को करता है। उन्होंने कहा, 'हम दुनिया के बेहतरीन विनिर्माताओं के साथ समान शर्तों (गुणवत्ता में) पर प्रतिस्पर्द्धा कर रहे हैं। कंपनियां भारत में स्थानीय बौद्धिक संपदा तैयार कर रही हैं। हालांकि कई उपभोक्ता वस्तुओं में लागत एक कारक है लेकिन यह एक ऐसा विशिष्ट क्षेत्र है जिसमें अगर गुणवत्ता ठीक नहीं हुई तब इससे ग्राहकों को खराब अनुभव होगा।'

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने हाल ही में देश में नेटवर्किंग और दूरसंचार उपकरण निर्माण को बढ़ावा देने की सिफारिशें की थीं जिसके बाद मंत्री का यह बयान आया है। नियामक ने यह पाया कि सरकार, भारत में उत्पादन को लेकर प्रोत्साहन योजना पर जोर दे रही है लेकिन इसके बावजूद चीन जैसे देशों में दूरसंचार हार्डवेयर का निर्माण करने से लागत में 12-13 प्रतिशत की कमी आती है। वित्त वर्ष 2022-23 में भारत ने केवल 173 करोड़ रुपए के नेटवर्क उपकरणों का निर्यात किया। वैष्णव ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस से इतर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'जिन कंपनियों ने भारत में डिजाइन तैयार करना और निर्माण करना शुरू कर दिया, आज वे उपकरणों की निर्यातक कंपनी बन गई हैं। भारत में डिजाइन किए गए और बनाए गए दूरसंचार उपकरण दुनिया के 72 देशों में निर्यात किए जाते हैं।' सेमीकंडक्टर के निर्माण के मुद्दे पर मंत्री ने कहा कि देश में चिप संयंत्र का निर्माण करने के लिए कम से कम तीन खिलाड़ी सरकार से बात कर रहे हैं।

बीपीसीएल ने सितंबर तिमाही में 8,243 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी बीपीसीएल ने विपणन पर मार्जिन बढ़ने से चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में घाटे से उबरकर 8,243.55 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने एक बयान में कहा कि जुलाई-सितंबर, 2023 की अवधि में वह फिर से लाभ की स्थिति में आ गई है जबकि एक साल पहले इसी अवधि में उसे 338.49 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था।

कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बावजूद पेट्रोल एवं डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव न होने से बीपीसीएल को अपना विपणन मार्जिन सुधारने में मदद मिली। इससे कंपनी फिर से लाभ की स्थिति में पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में रिफाइनिंग और विपणन कारोबार से कंपनी की कर-पूर्व आय 11,283.29 करोड़ रुपए हो गई जबकि पिछले साल की समान तिमाही में उसे 123.17 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। आलोच्य अवधि में तेल की कीमतें नरम होने से जुलाई-सितंबर में बीपीसीएल का राजस्व पिछले साल के 1.28 लाख करोड़ रुपए से गिरकर 1.16 लाख करोड़ रुपए रह गया।

बीपीसीएल के मुताबिक, अप्रैल-सितंबर की अवधि में उसने रिकॉर्ड 18,887.85 करोड़ रुपए की कमाई की है। इस दौरान कच्चे तेल को ईंधन में बदलने पर उसने 15.42 डॉलर प्रति बैरल कमाए, जबकि पिछले साल की समान अवधि में उसका सकल रिफाइनिंग मार्जिन 22.30 डॉलर प्रति बैरल था। वित्त वर्ष 23-24 की दूसरी तिमाही में कंपनी की एकल आधार पर एबिटा आय 13,679.21 करोड़ रुपए रही जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान तिमाही में यह 1,991.41 करोड़ रुपए थी। बीपीसीएल ने कहा, हमने वित्त वर्ष 23-24 की पहली छमाही के दौरान औसत इथेनॉल मिश्रण का अपना अब तक का उच्चतम स्तर 11.98 प्रतिशत भी हासिल किया है। पहली छमाही में कंपनी के 300 नए पेट्रोल पंप खुले हैं जिसके साथ इनकी कुल संख्या 21,331 हो गई है। इस दौरान 44 सीएनजी स्टेशन भी खुलने से इनकी कुल संख्या 1,640 हो गई।

एक्सिस बैंक ने मुनीश शारदा को कार्यकारी निदेशक बनाया, आरबीआई के निर्देश के बाद लिया गया निर्णय

नई दिल्ली, एजेंसी। एक्सिस बैंक ने मुनीश शारदा को पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक के पद पर पदोन्नत करने की घोषणा की है। यह नियुक्ति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से निजी बैंकों को एक निर्देश जारी करने के एक दिन बाद हुई है, जिसमें यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि उनके बोर्ड में कम से कम दो कार्यकारी निदेशक हों। बैंक के बोर्ड ने 26 अक्टूबर, 2023 को हुई एक बैठक में शारदा को पूर्णकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त करने और उन्हें कार्यकारी निदेशक के रूप में नामित करने के निर्णय को मंजूरी दी। यह नियुक्ति 1 नवंबर, 2023 से या आरबीआई की मंजूरी पर, जो भी बाद में हो, प्रभावी होगी। कार्यकाल प्रभावी तारीख से तीन साल के लिए होगा, जो बैंक के शेयरधारकों और आरबीआई के अनुमोदन के अधीन होगा। शारदा सुब्रत मोहंती के बाद बैंक के बोर्ड में दूसरे कार्यकारी निदेशक होंगे। शारदा (52) सितंबर 2021 से एक्सिस बैंक में ग्रुप एग्जीक्यूटिव और भारत बैंकिंग की प्रमुख के रूप में कार्यरत हैं।

भारत श्रीलंका के सशस्त्र बलों को प्रशिक्षण के लिए 23 करोड़ रुपये देगा, पड़ोसी ने जताया आभार

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण के लिए 28.23 करोड़ श्रीलंकाई रुपये (करीब 58,75,900 रुपये) का अतिरिक्त वित्तपोषण मुहैया कराएगा। कार्यवाहक भारतीय उच्चायुक्त सत्यांजल पांडे ने शुक्रवार को यहां एक वरिष्ठ स्थानीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान श्रीलंका को यह जानकारी दी। भारतीय मिशन ने पोस्ट किया, मेजर जनरल चंदना विक्रमसिंघे के नेतृत्व में सेना के प्रतिनिधिमंडल ने आगामी मित्र शक्ति अभ्यास के आयोजन पर चर्चा करने के लिए डॉ सत्यांजल से मुलाकात की। भारतीय मिशन ने विस्तृत जानकारी दिए बिना कहा, भारत ने श्रीलंकाई सशस्त्र बलों के प्रशिक्षण के लिए 23. करोड़ श्रीलंकाई रुपये के अतिरिक्त वित्तपोषण की घोषणा की है।

ओबेरॉय रियल्टी का शुद्ध लाभ दूसरी तिमाही में 43 प्रतिशत बढ़कर 457 करोड़ रुपए पर

नई दिल्ली, एजेंसी। रियल एस्टेट कंपनी ओबेरॉय रियल्टी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 43 प्रतिशत बढ़कर 456.76 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा है कि एक साल पहले की समान तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 318.62 करोड़ रुपए रहा था। जुलाई-सितंबर तिमाही में ओबेरॉय रियल्टी की कुल आय बढ़कर 1,243.80 करोड़ रुपए हो गई जबकि साल भर पहले समान समय में यह 711.79 करोड़ रुपए थी। लग्जरी आवासीय क्षेत्र में सक्रिय कंपनी का चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में शुद्ध लाभ बढ़कर 778.42 करोड़ रुपए हो गया। पिछले साल की समान तिमाही में यह 721.70 करोड़ रुपए था। अप्रैल-सितंबर, 2023 के दौरान कंपनी का कुल राजस्व बढ़कर 2,177.36 करोड़ रुपए हो गया जो पिछले साल की समान अवधि में 1,646.60 करोड़ रुपए था। ओबेरॉय रियल्टी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक विकास ओबेरॉय ने उम्मीद जताई कि रियल एस्टेट बाजार तेजी के सिलसिले को आगे भी जारी रखेगा क्योंकि घर खरीदने की चाहत और स्थापित ब्रांड की मांग लगातार बढ़ रही है।

दाम बढ़ाकर छूट देने के ई-कॉमर्स कंपनियों के तरीके पर रोक लगाए सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार और नियामकीय एजेंसियों को ई-कॉमर्स क्षेत्र में व्याप्त अनुचित कारोबारी तौर-तरीकों पर लगाम लगाने के लिए तत्काल कदम उठाने की जरूरत है। शनिवार को एक रिपोर्ट में यह सुझाव दिया गया। थिंक टैंक कट्स इंटरनेशनल ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि ई-कॉमर्स मंचों पर उत्पादों के दाम बढ़ाकर छूट की पेशकश करने का अनुचित तरीका अपनाया जा रहा है। इससे ग्राहकों के मन में उत्पाद की खरीद पर बचत होने का भ्रम पैदा होता है जबकि असल में उन उत्पादों की वास्तविक कीमत कम ही होती है।

औंधे मुंह गिरा कंपनियों का मार्केट कैप, टीसीएस और एचडीएफसी बैंक को हुआ सबसे ज्यादा नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,93,181.15 करोड़ रुपए की गिरावट आई। शेयर बाजारों में कमजोर रुख के बीच सबसे अधिक नुकसान टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और एचडीएफसी बैंक को हुआ। कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,614.82 अंक या 2.46 प्रतिशत नीचे आया।

समीक्षाधीन सप्ताह में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 52,580.57 करोड़ रुपए घटकर 12,25,983.46 करोड़ रुपए पर आ गया। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 40,562.71 करोड़ रुपए घटकर 11,14,185.78 करोड़ रुपए रह गई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के बाजार

मूल्यांकन में 22,935.65 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 15,32,595.88 करोड़ रुपए रह गया। इन्फोसिस का मूल्यांकन 19,320.04 करोड़ रुपए घटकर 5,73,022.78 करोड़ रुपए रह गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 17,161.01 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 5,13,735.07 करोड़ रुपए रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 15,759.95 करोड़ रुपए घटकर 4,54,814.95 करोड़ रुपए रह गया।

आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 13,827.73 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 6,39,292.94 करोड़ रुपए पर आ गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 5,900.49 करोड़ रुपए के नुकसान के साथ 5,40,637.34 करोड़ रुपए रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार पूंजीकरण में 3,124.96 करोड़ रुपए की गिरावट आई और यह 5,83,098.06 करोड़ रुपए पर आ गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की बाजार हैसियत 2,008.04 करोड़ रुपए घटकर 5,00,670.73 करोड़ रुपए रह गई।

शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, आईटीसी, भारती एयरटेल, एसबीआई और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा।

बीएसएनएल की 4जी सेवा दिसंबर में शुरू, जून तक देश भर में पेशकश: चेयरमैन

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी बीएसएनएल की इस साल दिसंबर में 4जी सेवा की शुरुआत की योजना है। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी के पुरवार ने शनिवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि छोटे स्तर पर शुरुआत करने के बाद कंपनी इसे अखिल भारतीय स्तर पर अगले साल जून तक लागू कर देगी। पुरवार ने यहां इंडिया मोबाइल कांग्रेस में कहा कि बीएसएनएल की योजना जून के बाद 4जी सेवा को 5जी सेवा में बदलने की है। उन्होंने कहा, बीएसएनएल 4जी सेवा दिसंबर में पंजाब में शुरू होने के लिए तैयार है। हमने 200 जगहों पर इस नेटवर्क के लिए जरूरी कदम पहले ही उठा लिए हैं। हम पंजाब में इस तरह की 3,000 जगहें स्थापित करने की प्रक्रिया में हैं। पुरवार ने कहा कि बीएसएनएल अपना नेटवर्क प्रति महीने की दर से बढ़ाकर धीरे-धीरे इसे 15,000 जगह तक ले जाएगी। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य 4जी सेवा को अगले साल जून तक पूरी तरह लागू करने का है। इसके बाद हम 5जी सेवाओं की पेशकश का रुख करेंगे। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी टीसीएस और सार्वजनिक क्षेत्र की आईटीआई को बीएसएनएल से 19,000 करोड़ रुपए के ऑर्डर मिले हैं जिसके तहत 5जी सेवाओं में बदली जा सकने लायक 4जी नेटवर्क स्थापित करने हैं।

वर्ल्ड कप:2023 में लगातार चौथी हार झेलने के बाद आईसीसी ने भी पाकिस्तानी टीम पर लगाया जुर्माना

नईदिल्ली, एजेंसी। वर्ल्ड कप 2023 में लगातार चार हार झेलने के बाद बड़ी बदनामी झेल रही पाकिस्तानी टीम पर आईसीसी ने भी एक बम फोड़ दिया है। दरअसल, आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट नियम का उल्लंघन करने का दोषी पाया है और इसीलिए काउंसिल ने पूरी टीम पर मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया है। मैच के ऑन फील्ड अंपायर एलेक्स वार्फ और पॉल रीफेल, थर्ड अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और चौथे अंपायर रिचर्ड केटलबोरो ने पाकिस्तान पर यह आरोप लगाए हैं।

बाबर की टीम ने तय समय में 4 ओवर कम डाले – आईसीसी की आचार संहिता ने कहा है कि बाबर आजम की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तय समय के अंदर 4 ओवर कम फेंके थे, जिस कारण उनपर यह जुर्माना लगाया गया है। आईसीसी की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, टीम पर 20 प्रतिशत और खिलाड़ियों पर 5 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना लगा है। बाबर आजम ने आईसीसी की इस सजा को स्वीकार किया है और किसी तरह की औपचारिक सुनवाई को खारिज कर दिया है।

दक्षिण अफ्रीका को मिली थी रोमांचक जीत

बता दें कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में पाकिस्तान की टीम एक क्लोज मैच में जाकर हार गई थी। अफ्रीकी टीम के स्पिनर केशव महाराज ने चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई थी। बात करें मैच की तो पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 271 रन का लक्ष्य दिया था। इस लक्ष्य का पीछा कर रही अफ्रीकी टीम ने 48वें ओवर में जीत दर्ज की थी। पाकिस्तान को 48वें ओवर में जीत के लिए 1 विकेट चाहिए था और दक्षिण अफ्रीका को 5 रन की जरूरत थी। आखिरी ओवर मोहम्मद नवाज ने डाला था। ओवर की पहली गेंद पर शम्सी ने सिंगल लिया और केशव महाराज स्ट्राइक पर आ गए। इसके बाद केशव महाराज ने ओवर की दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिला दी।

वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार बिना विकेट के रहे मिचेल स्टार्क, टूट गया 23 मैचों से चला आ रहा यह कारवां



धर्मशाला, एजेंसी। वर्ल्ड कप के एक रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 5 रन से हरा दिया। धर्मशाला स्टेडियम में खेले गए इस मैच में दर्शकों को भरपूर मजा आया। आखिरी ओवर तक गए मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने जीत के लिए जी जान लगा दिया, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने लास्ट ओवर में कमाल की फील्डिंग के जरिए मैच को अपनी मुट्ठी में कर लिया। इस मैच में आखिरी ओवर डालने वाले मिचेल स्टार्क के लिए यह मुकाबला कभी ना याद रखने वाला रहा, क्योंकि मिचेल स्टार्क इस मैच में काफी महंगे साबित हुए।

सबसे महंगे गेंदबाज रहे मिचेल स्टार्क – इसके अलावा मिचेल स्टार्क के नाम इस मैच में एक शर्मनाक रिकॉर्ड भी जुड़ गया। दरअसल, स्टार्क ने 9 ओवर की गेंदबाजी में 9.88 की इकोनॉमी से सर्वाधिक 89 रन लुटाए और उन्हें एक भी विकेट नहीं मिला। यह उनके वर्ल्ड कप करियर में पहला मौका था, जब वह किसी मैच में बिना विकेट लिए रह गए। मिचेल स्टार्क ऑस्ट्रेलिया के लिए वर्ल्ड कप में दूसरे सबसे महंगे गेंदबाज बन गए। इसके अलावा स्टार्क ने अपने स्पैल में 17 वाइड भी डाली।

मिचेल स्टार्क का वर्ल्ड कप करियर – 2015 और 2019 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले मिचेल स्टार्क पहली बार विश्व कप के मैच में बिना विकेट के रहे हैं। अभी तक खेले 23 वनडे विश्व कप मैचों में मिचेल स्टार्क ने कम से कम 1 विकेट तो हर बार लिया है। स्टार्क के वर्ल्ड कप करियर पर नजर डालें तो अभी तक खेले 23 मैचों में उन्होंने 18.37 की औसत और 5.04 की इकोनॉमी से 56 विकेट लिए हैं। इसमें 3 बार उन्होंने 5 विकेट हॉल और 3 बार ही 4 विकेट हॉल हासिल किया है।

आखिरी ओवर में भी स्टार्क ने दे दिए थे 13 रन – पूरे मैच में महंगे साबित रहे मिचेल स्टार्क आखिरी ओवर में भी 13 रन लुटा गए। न्यूजीलैंड को आखिरी ओवर में जीत के लिए 19 रन की जरूरत थी। स्टार्क ने इस ओवर में एक वाइड के साथ चौका देकर ऑस्ट्रेलिया की मुश्किलें बढ़ा दी थीं, लेकिन लाबुशेन, मैक्सवेल और जोश इंगलिस की लास्ट ओवर में बेहतरीन फील्डिंग ने ऑस्ट्रेलिया को वो मैच जिता दिया। जिमी नीशम का आखिरी ओवर में रन आउट होना सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट रहा।

पाकिस्तान विश्व कप में अगले मैच न जीते- अनुभवी विकेटकीपर ने दिया अजब तर्क

नईदिल्ली, एजेंसी। आईसीसी विश्व कप 2023 में अफगानिस्तान से पाकिस्तान की हार के बाद अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज कामरान अकमल ने हाल ही में टीम के प्रदर्शन पर तीखी टिप्पणी की है। एक लाइव डिबेट में अकमल ने कहा कि पाकिस्तान में क्रिकेट के उत्थान के लिए मौजूदा कप्तान बाबर आजम और उनकी टीम को विश्व कप में अपने बचे हुए मैच जीतने से बचना चाहिए। अकमल बोले- अगर पाकिस्तान क्रिकेट में सुधार करना चाहता है, तो उसे अपने अगले मैच नहीं जीतने चाहिए। तभी पाकिस्तान में क्रिकेट बेहतर हो सकता है। अगर वह फॉर्म में वापस आ गए तो वे भी उसी रास्ते पर चलेंगे।

पाकिस्तान क्रिकेट विश्व कप में अपने 6 में से 4 मुकाबले गंवाकर इस समय खराब स्थिति से गुजर रहा है। पाकिस्तानी आवाम नाराज तो है ही साथ ही दुनिया भर में बैठे पाकिस्तान क्रिकेट टीम के प्रशंसक भी सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा निकाल रहे हैं। भारत के बाद विशेष तौर पर अफगानिस्तान से मिली हार के बाद पाकिस्तानी क्रिकेटरों की फिटनेस और खेल के तरीकों पर सवाल उठने लगे हैं। बहरहाल, अकमल ने अपने बयान को स्पष्ट करते हुए कहा कि यह केवल मैच हारने के बारे में नहीं है, बल्कि टीम के भीतर घटते अहंकार के बारे में है। उन्होंने कहा कि हारना यहां मुद्दा नहीं है। उनके अहं को आराम देना होगा।

भारत के खिलाफ हारने के बाद से ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की कप्तान बाबर आजम के लिए प्रतिक्रिया असंतोष से भरी थी। क्रिकेट समुदाय में बाबर आजम को कप्तान पद से हटाने के सुझाव और खिलाड़ियों के फिटनेस स्तर को लेकर चिंताएं भी सामने आई। वसीम अकरम पहले ही बोल चुके हैं कि पाकिस्तानी क्रिकेटरों के फिटनेस टेस्ट बहुत पहले ही बंद कर दिए गए। इसे दोबारा शुरू करा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक यह टेस्ट चले तब तक पाकिस्तानी टीम अच्छा प्रदर्शन करती रही है।

भारत ने इंग्लैंड को 230 रन का लक्ष्य दिया, रोहित शतक से चूके, सूर्या ने 49 रन की पारी खेली

रोहित इस वर्ल्ड कप के टॉप स्कोरर

लखनऊ (एजेंसी)। वर्ल्ड कप 2023 का 29वां मुकाबला भारत और डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड के बीच लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया।

भारत ने इंग्लैंड को 230 रन का लक्ष्य दिया है। टीम इंडिया ने 50 ओवर में नौ विकेट गंवाकर 229 रन बनाए। भारतीय टीम एकमात्र ऐसी टीम है जो इस विश्व कप में अब तक ऑलआउट नहीं हुई है।भारत के लिए रोहित शर्मा ने कप्तानी पारी खेलते हुए 87 रन बनाए।

वहीं, सूर्यकुमार यादव ने 49 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की ओर से डेविड विली ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 18 हजार रन भी पूरी कर लिए। रोहित शर्मा इस वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा छक्के जमाने वाले बैटर बन गए हैं। वे 20 छक्के जमा चुके हैं। रोहित ने

डेविड वॉर्नर को पीछे छोड़ा। रोहित इस पारी में अब तक 3 छक्के जमा चुके हैं। केएल राहुल 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें डेविड विली ने जॉनी बेयरस्टो के हाथों कैच कराया। यह विली का दूसरा विकेट है। उन्होंने कोहली को जीरो पर पवेलियन लौटाया। श्रेयस अय्यर 4 रन बनाकर आउट हुए।

उन्हें क्रिस वोक्स ने मार्क वुड के हाथों कैच कराया। यह वोक्स का दूसरा विकेट है। उन्होंने शुभमन गिल (9 रन) को भी आउट किया। गिल इस वर्ल्ड कप की 4 पारियों में पहली बार डबल डिजिट तक नहीं पहुंच सके।

रोहित शर्मा के 18 हजार रन पूरे

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के इंटरनेशनल क्रिकेट में 18 हजार रन पूरे हो गए हैं। रोहित ने 457वीं पारी में यह अचीवमेंट हासिल की है। वे भारत की ओर से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-5 क्लब में शामिल हो गए हैं। इस क्लब में सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, राहुल द्राविड़ और सौरव गांगुली के नाम हैं।

बल्लेबाजों का होश उड़ाने आ गया स्टंप तोड़ गेंदबाज, विश्व कप के बीच मारी धमाकेदार एंट्री!

नई दिल्ली, एजेंसी। श्रीलंका को अफगानिस्तान के खिलाफ मैच जीतने से पहले एक बड़ा झटका लगा जब तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा बाई जांघ की मांसपेशी में चोट रविवार को विश्व कप के बचे मैचों से बाहर हो गए। कुमारा को प्रशिक्षण सत्र के दौरान चोट लग गई और आईसीसी तकनीकी समिति ने उनके प्रतिस्थापन के रूप में तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा को मंजूरी दे दी है। कुमारा ने 26 अक्टूबर को बेंगलुरु में इंग्लैंड पर श्रीलंका की 8 विकेट की जीत के दौरान शानदार फॉर्म दिखाया था। बता दें कि चमीरा दाएं हाथ के गेंदबाजों को काफी परेशान करते हैं। इस तरह के बल्लेबाजों में खासकर रोहित और विराट भी शामिल हैं। उनके तीन विकेट (3/35) ने आइलैंडर्स को गत चैंपियन को 156 रन पर आउट करने में मदद की। लंका प्रीमियर लीग के दौरान चोट लगने के बाद शुरुआती 15 सदस्यीय विश्व कप टीम चमीरा को श्रीलंका की टीम में शामिल नहीं किया गया था। लेकिन बाद में,

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज को अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज के साथ रिजर्व के रूप में बुलाया गया। चमीरा ने आखिरी वनडे अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। इस मैच में उन्होंने 4 विकेट झटके थे। अब जब उनकी वापसी हुई है तो उम्मीद की जा रही है कि वह भी मैथ्यूज की तरह गेम चेंजर साबित हों। चमीरा ने 44 एकदिवसीय मैच खेले हैं। उनके पास श्रीलंका के लिए 100 से अधिक मैचों का व्यापक अनुभव है। बता दें कि मैथ्यूज को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले घायल तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना के स्थान पर श्रीलंका टीम में भी शामिल किया गया था। श्रीलंका (एनआरआर -0.205) के पांच मैचों में चार अंक हैं और अब वह तालिका में पांचवें स्थान पर है, जबकि अफगानिस्तान (एनआरआर -0.969) समान संख्या के साथ नेट रन रेट के आधार पर सातवें स्थान पर है। उल्लेखनीय है कि किसी खिलाड़ी के रिप्लेसमेंट के लिए खिलाड़ी को ऑफिशली टीम में शामिल करने से पहले इवेंट तकनीकी समिति की मंजूरी की आवश्यकता होती है। आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 की इवेंट तकनीकी समिति में वसीम खान (आईसीसी महाप्रबंधक - क्रिकेट और ईटीसी अध्यक्ष), क्रिस टेटली (आईसीसी इवेंट प्रमुख), हेमांग अमीन (कार्यवाहक सीईओ - बीसीसीआई), गौरव सक्सेना (महाप्रबंधक) शामिल हैं। - संचालन, बीसीसीआई), रसेल अर्नोल्ड और साइमन डोल (स्वतंत्र प्रतिनिधि) शामिल हैं।

विराट कोहली ने सचिन के शर्मनाक रिकॉर्ड की बराबरी की

लखनऊ, एजेंसी। वनडे वर्ल्ड कप 2023 में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ अपना खाता तक नहीं खोल पाए और डक पर आउट हो कर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम ने अपना पहला विकेट शुभमन गिल के रूप में तब गंवा दिया जब टीम के स्कोर 26 रन था। इसके बाद तीसरे नंबर पर विराट कोहली आए और रोहित शर्मा ने उनसे बातचीत करते हुए पिच के बारे में पूरी जानकारी दी, लेकिन एक विकेट गिरने के बाद कोहली और रोहित दोनों ही दवाब में नजर आए और इसका पूरा फायदा इंग्लिश गेंदबाज डेविड विले ने उठाया।

वनडे वर्ल्ड कप में पहली बार डक पर आउट हुए कोहली – विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ 9 गेंदों का सामना किया और अपना खाता तक नहीं खोल पाए। रन बनाने से पहले कोहली चाहते थे कि वह क्रीज पर कुछ समय बिताएं और फिर चार्ज करें, लेकिन इंग्लिश गेंदबाज पहले पॉवरप्ले में पिच की नमी का पूरा फायदा उठाते हुए नजर आए और कोहली डेविड विले की गेंद पर अपना कैच मिड ऑफ पर खड़े बेन स्टोक्स को थमा दिया। वनडे वर्ल्ड कप में यह पहला मौका था जब विराट कोहली डक पर आउट हुए तो वहीं इस वर्ल्ड कप में भी वह पहली बार डक पर पांच पारियों के बाद आउट हुए। वनडे वर्ल्ड कप में विराट कोहली ने 100, 8, 34, 12, 1, 59, 24, 9, 35, 107, 46, 33, 33, 44, 38, 3, 1, 18, 82, 77, 67, 72, 66, 26, 34, 1, 85, 55, 16, 103, 95, ? रन बनाए हैं। -

कोहली ने तेंदुलकर की कर ली बराबरी – इंटरनेशनल क्रिकेट में यह 34वां मौका था जब विराट कोहली डक पर आउट हुए और उन्होंने सचिन की बराबरी कर ली। सचिन भी 34 बार डक पर आउट हुए थे। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले खिलाड़ी जहीर खान थे जो 43 बार इंटरनेशनल क्रिकेट में इस तरह से आउट हुए थे। वैसे इंग्लैंड के खिलाफ विराट कोहली 11वीं बार डक पर इंटरनेशनल क्रिकेट में आउट हुए।

इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा बार डक पर आउट होने वाले खिलाड़ी

43 — जहीर खान (227 पारी)
40 — इशांत शर्मा (173)
37 — हरभजन सिंह (284)
35 — अनिल कुंबले (307)
34 — विराट कोहली (569)
34 — सचिन तेंदुलकर (782)

पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी को किया याद

इंग्लैंड के खिलाफ काली पट्टी बांधकर खेली भारतीय टीम

लखनऊ (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप मुकाबले में पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी की याद में बांह पर काली पट्टी बांधकर खेली। बेदी का 23 अक्टूबर को निधन हो गया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने यहां विश्व कप मुकाबले की शुरुआत के तुरंत बाद बयान में कहा, 'दिग्गज बिशन सिंह बेदी की याद में टीम इंडिया आज बांह पर काली पट्टी बांधकर खेलेगी जिनका 23 अक्टूबर 2023 को निधन हो गया था। बेदी के परिवार में उनकी पत्नी अंजू के अलावा बेटी नेहा और बेटे अंगद तथा गवास इंदर सिंह हैं। उनकी पहली पत्नी ग्लेनिथ माइल्स से उन्हें एक बेटी गिलिंदर भी है। यह पूर्व क्रिकेटर पिछले दो साल से कुछ अधिक समय से बीमार था और इस दौरान उनकी कई सर्जरी हुई जिसमें घुटने की सर्जरी भी शामिल है। बेदी 77 बरस के थे। उन्होंने 1976-78 तक 22 टेस्ट में भारतीय टीम की अगुआई की। उन्होंने 1967 से 1979 के बीच कुल 67 टेस्ट और 10 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में देश का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने इस दौरान चार एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय में भी भारत की कप्तानी की। संन्यास लेने के समय बेदी 28.71 के औसत से 266 विकेट चटकाकर भारत के सबसे सफल गेंदबाज थे। बेदी भारत की दिग्गज स्पिन चौकड़ी का भी हिस्सा थे जिसमें उनके अलावा भागवत चंद्रशेखर, इरापल्ली प्रसन्ना और श्रीनिवास वेंकटराघवन शामिल थे।

बाबर आजम ने चुने अपने पसंदीदा बल्लेबाज, लिस्ट में 2 स्टार भारतीय क्रिकेटरों का नाम शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने अपने पसंदीदा बल्लाबजों का खुलासा किया है। इसमें दो भारतीय क्रिकेटर शामिल हैं। बाबर आजम के पसंदीदा बल्लाबजों की लिस्ट में विराट कोहली, केन विलियमसन और रोहित शर्मा शामिल हैं।

भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट की दुनिया में यकीनन सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है, लेकिन बाबर ने भारत के दो शीर्ष गुणवत्ता वाले बल्लेबाजों के प्रति अपनी प्रशंसा नहीं छिपाई। दोनों बल्लेबाज मौजूदा विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने की सूची में हैं जिसमें विराट ने 5 पारियों में 354 रन बनाए हैं और रोहित ने भी इतनी ही पारियों में 311 रन बनाए हैं।

इन दोनों बल्लेबाजों को छोड़कर न्यूजीलैंड के केन विलियमसन भी बाबर की सूची में शामिल हैं। विलियमसन अपने शांत स्वभाव के कारण प्रशंसकों के पसंदीदा रहे हैं। उनका अभियान चोट से प्रभावित रहा है लेकिन कीवीज अभियान के अंतिम मुकाबलों में उनकी वापसी की उम्मीद है।

बाबर ने कहा, विराट कोहली, रोहित शर्मा और केन विलियमसन दुनिया में मेरे पसंदीदा बल्लेबाज हैं। वे दुनिया के शीर्ष खिलाड़ी हैं। वे परिस्थितियों को अच्छी तरह से समझते हैं, इसलिए वे सर्वश्रेष्ठ हैं। मैं उनकी प्रशंसा करता हूं। उन्होंने आगे कहा, विराट, रोहित और केन के बारे में मुझे सबसे अच्छी बात यह पसंद है कि वे कैसे टीम को मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकालते हैं और कठिन गेंदबाजी के खिलाफ रन बनाते हैं। मैं उनसे यही सीखने की कोशिश करता हूं।

बाबर मौजूदा पीढ़ी के सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक रहे हैं, लेकिन मौजूदा विश्व कप में बल्ले से उनके प्रयास नाकाफी साबित हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पाकिस्तान की एक विकेट की हार में उन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 50 रन बनाकर टीम के स्कोर को प्रतिस्पर्धी स्कोर तक पहुंचाया। पाकिस्तान टीम जीत की तलाश में मंगलवार को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में बांग्लादेश से भिड़ेंगे।

टीमें

पाकिस्तान: बाबर आजम (कप्तान), शादाब खान, फखर जमान, इमाम-उल-हक, अब्दुल्ला शफीक, मोहम्मद रिजवान, सऊद शकील, इफ्तिखार अहमद, सलमान अली आगा, मोहम्मद नवाज, उसामा मीर, हारिस रऊफ, हसन अली, शाहीन अफरीदी, मोहम्मद वसीम

बांग्लादेश: शाकिब अल हसन (कप्तान), लिट्टन कुमेर दास, तनजीद हसन तमीम, नजमुल हुसैन शान्तो (उपकप्तान), तौहीद हृदोय, मुश्फिकुर रहीम, महमुदुल्लाह रियाद, मेहदी हसन मिराज, नसुम अहमद, शाक महेदी हसन, तस्कीन अहमद, मुस्तफिजुर रहमान , हसन महमूद, शोरफुल इस्लाम, तंजीम हसन साकिब।

आनंद महिंद्रा ने खाई कभी भी शिकायत न करने की कसम

बिना हाथों वाली गोल्ड मेडलिस्ट तीरंदाज शीतल का वीडियो देख हुए भावुक

हांगझू, एजेंसी। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा आमतौर पर उन व्यक्तियों के समर्थन के लिए जाने जाते हैं जो जीवन में असाधारण प्रतिभा और दृढ़ता का प्रदर्शन करते हैं। हालिया उदाहरण में बिजनेस टाइकून आनंद महिंद्रा ने असाधारण शीतल देवी के प्रति हार्दिक संवेदना जाहिर की। तीरंदाज शीतल देवी ने हाल ही में खत्म हुए चौथे एशियाई पैरा खेलों में भारत के लिए गोल्ड और सिल्वर मेडल जीते। खास यह है कि उनके दोनों हाथ नहीं हैं। उन्होंने मुंह और पैरों की मदद से अपने लक्ष्य पर निशाना साधा। आनंद महिंद्रा ने चीन के हांगझू में हुए एशियन पैरा गेम्स में भारतीय तीरंदाज 16 साल की शीतल देवी को स्वर्ण पदक जीतने वाला वीडियो देखा। वह शीतल के अदम्य साहस से बहुत प्रभावित हुए। उन्होंने एक्स (जिसे पहले ट्विटर के नाम से जाना जाता था) पर भविष्य में कभी भी छोटी-मोटी चुनौतियों को लेकर शिकायत नहीं करने की कसम खाई। उन्होंने शीतल को सभी के लिए मार्गदर्शक बताया।



छोटी-मोटी समस्या होने पर कभी शिकायत नहीं करेंगे आनंद महिंद्रा – आनंद महिंद्रा ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मैं अपने जीवन में कभी भी छोटी-मोटी समस्याओं के बारे में शिकायत नहीं करूंगा। शीतल देवी आप हम सभी के लिए एक शिक्षक हैं। कृपया हमारी श्रेणी (महिंद्रा रुप) में से कोई भी कार चुनें। हम इसे आपके इस्तेमाल करने लायक तैयार करेंगे और आपको उपहार में देंगे।'

शीतल ने मिक्स्ड तीरंदाजी में जीता गोल्ड मेडल – शीतल देवी ने शुक्रवार 27 अक्टूबर को हांगझू एशियन पैरा गेम्स में राकेश कुमार के साथ मिलकर मिक्स्ड टीम कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इससे एक दिन पहले शीतल ने सरिता के साथ मिलकर महिला युगल तीरंदाजी का रजत पदक अपने नाम किया था। शीतल की सफलता के शिखर तक की यात्रा दुर्गम बाधाओं से भरी है। शीतल का साहस और दृढ़ता आत्मा की शक्ति का प्रमाण है। अपनी शारीरिक कमियों पर काबू पाते हुए शीतल ने खेलों में इतिहास रच दिया। शीतल देवी का जन्म फोकोमेलिया के साथ हुआ था। यह एक दुर्लभ जन्मजात विकार है जिसके कारण अंग अविकसित होते हैं। वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और पदक जीतने वाली बिना हाथों वाली पहली महिला तीरंदाज हैं।

सड़क से गायब हो जाएंगी मुंबई की शान काली पीली टैक्सी, खत्म हो गया 60 साल का सफर

मुंबई, एजेंसी।
प्रीमियर पद्मिनी के नाम से जानी जाने वाली मुंबई की सड़कों की शान काली पीली टैक्सी के लिए यह रविवार आखिरी दिन रहा। 60 साल तक सेवा देने के बाद इस तरह की सारी टैक्सी अब सड़कों से गायब हो जाएंगी। फिल्मों में अकसर हम इन टैक्सियों को देखा करते थे। इसके अलावा ये काली पीली टैक्सी मुंबई की पहचान बन चुकी थीं। हालांकि आधुनिक समय में ऐप बेस टैक्सी के बढ़ते क्रेज की वजह से इनकी मांग कम होती गई।

परिवहन विभाग के अधिकारी के मुताबिक इन टैक्सियों का रजिस्ट्रेशन ताड़देव आरटीओ में होता है। आखिरी प्रीमियर पद्मिनी कार कारजिस्ट्रेशन 29 अक्टूबर 2003 को हुआ था। अब मुंबई में टैक्सियों के लिए आयुसीमा 20 साल निर्धारित कर दी गई है। इसलिए सोमवार से मुंबई की सड़कों पर ये काली पीली टैक्सी नहीं दिखेंगी। वहीं आखिरी प्रीमयर पद्मिनी टैक्सी के मालिक अब्दुल करीब कारसेकर ने कहा, ये टैक्सियां मुंबई की शान हैं।

प्रीमियर पद्मनी से पहले मुंबई की जानी मानी डबल डेकर बसें भी बंद हो गई थीं। मुंबईकरों ने बड़े भारी मन से इसे भी स्वीकार किया था। अब प्रीमियर पद्मिनी के बंद होने पर भी बहुत सारे लोगों ने दुख जताया है। बता दें कि डबल डेकर बसों के 15 साल पूरे होने पर उन्हें सड़कों से हटा दिया गया था। बता दें कि मुंबई में टैक्सी ड्राइवरों का यूनियन काफी मजबूत है। टैक्सी यूनियन ने काली पीली टैक्सी को बचाने के लिए सरकार से कई बार गुहार लगाई।

प्रीमियर पद्मिनी के अलावा भी मुंबई में कई अन्य कंपनियों की काली पीली टैक्सियां चलती हैं। प्रीमियर पद्मिनी का सफर 1964 में शुरू हुआ था।तब पद्मिनी कार का मॉडल फिएट-1100 डिलाइट हुआ करता था और यह कार 1200 सीसी की थी। इसमें स्टीयरिंग के साथ ही गेयर लगा होता था। इसे दुक्कर फिएट के नाम से भी जाना जाता था। 70 के दश में इसे प्रीमियर प्रेडिडेंट के नाम से भी जाना जाता था। महारानी पद्मिनी के नाम पर इसका नाम रखा गया था। यह कार प्रीमियर ऑटोमोबाइल लिमिटेड नाम की कंपनी बनाती थी। हालांकि 2001 से ही इसकी मैन्युफैक्चरिंग बंद हो गई। सरकार ने 2008 में टैक्सियों की लाइफ 25 साल निर्धारित की जिसे 2013 में घटाकर 20 साल कर दिया गया। बता दें कि प्रीमियर पद्मिनी का इंजन छोटा हुआ करता था. इस कार का मेंटिनेंस बहुत ही आसान था। इसीलिए टैक्सी के रूप में इसकी लोकप्रियता काफी ज्यादा थी।

झारखंड में मॉनसून ने की बेवफाई, फूलों की खेती से होगी भरपाई

रांची, एजेंसी।
झारखंड के 24 में से 18 जिलों के लाखों किसान इस साल फिर मॉनसून की बेवफाई से मायूस हुए हैं, लेकिन इन्हीं जिलों में कम से कम चार हजार किसान ऐसे हैं जिनके खेतों में उम्मीदों के फूल लहलहा रहे हैं। ये वो किसान हैं, जिन्होंने खरीफ की परंपरागत फसल का भरोसा टूटने के पहले फूलों की खेती की तैयारी कर ली थी।दशहरे के बाद दीपावली, भाईदूज, गोवर्धन पूजा, छठ, क्रिसमस और न्यू ईयर तक त्योहारों-उत्सवों की पूरी श्रृंखला है और इस दौरान फूलों की बंपर डिमांड रहेगी। इसे देखते हुए पलामू, गढ़वा, लातेहार, चतरा, खूंटी, हजारीबाग, बोकारो, पूर्वी और पश्चिम सिंहभूम के दर्जनों गांवों में बड़ी संख्या में किसानों ने फूलों की खेती की है।

हजारीबाग जिले के सदर प्रखंड के खंभाटांड़ की महिला किसान अंजनी तिर्की ने हर साल परती रह जाने वाली जमीन पर गेंदा फूल की खेती शुरू की है। उन्होंने झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के महिला समूह से 10 हजार रुपए का

कर्ज लेकर अफ्रीकन वैरायटी के गेंदे के फूल लगाए हैं। उनके खेतों में लगभग 8,000 पौधे लगे हैं। अभी तक तीन बार फूलों की तुड़ाई हुई है और उनकी खेती की लागत वसूल हो चुकी है। पूरे सीजन में कम से कम दस बार फूलों की तुड़ाई होगी। अनुमान है कि तीस से चालीस हजार रुपए की कमाई होगी।हजारीबाग जिले के दारू प्रखंड स्थित पेटो निवासी अजय कुमार कोरोना काल में बेरोजगार हो गए थे। वह एक निजी स्कूल में संगीत के शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने लीज पर जमीन लेकर फूलों की खेती शुरू की। उन्होंने इसके लिए नई तकनीक का सहारा लिया और रात में एलईडी बल्ब लगाकर फूलों के पौधों के रोशनी दी। इस तकनीक से पौधे जल्द तैयार हो गए और पूरा खेत फूलों से खिल उठा। अजय चाहते हैं कि भविष्य में बड़े पैमाने पर फूलों की खेती करें। इसके लिए उन्होंने सरकार को पॉली हाउस के लिए आवेदन भी दिया है। अजय ने केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री कुंभ योजना का लाभ लिया है। इससे खेत में महज पांच हजार रुपए में सोलर पैनल लग गया और अब वह लगातार खेती कर सकते हैं।बोकारो के कसमार प्रखंड के चौरा गांव की लीलू देवी उन महिला किसानों में से एक है, जिसने महज कुछ माह में गेंदा फूल की खेती कर अपने परिवार की जिंदगी बदल दी है। उन्होंने महज कुछ हजार रुपये से गेंदा के फूल की खेती शुरू की थी।

चार माह बाद ही उन्होंने एक लाख रुपये से अधिक का मुनाफा अर्जित किया। उन्होंने राज्य सरकार की मदद से उसने गेंदा फूल की खेती का प्रशिक्षण प्राप्त किया। बंगाल से लाकर हाईब्रिड नस्ल के पांच हजार गेंदा के फूल लगाए। झारखंड की राजधानी से 35-40 किलोमीटर दूर खूंटी जिले की पहचान हाल तक नक्सल प्रभावित इलाके के रूप में थी। यहां जंगलों से सटे दर्जनों गांवों में बंदूकें रह-रहकर गरज उठती थीं और पूरी फिजा में फैली बारूदी गंध लोगों को दहशत में डाल देती थी। पर ये गुजरे दौर की बात है।पिछले आठ-दस वर्षों से ये इलाके फूलों की खुशबू से महक रहे हैं। इस साल पूरे जिले में तीन सौ एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में गेंदा फूल की खेती हुई है। खूंटी, मुरहू और अड़की प्रखंड के करीब आठ सौ किसानों के बीच इस साल विभिन्न संस्थाओं और कॉरपोरेट कंपनियों की ओर से गेंदा पूल के 15 लाख पौधों का वितरण किया गया है।स्थानीय पत्रकार अजय शर्मा बताते हैं कि खूंटी में फूलों की खेती सबसे पहले हितूटोला की दो महिलाओं ने 2004 में शुरू की थी।

सदमे में बच्चे, पत्नी बीमार; कतर में मौत की सजा से पूर्व नेवी अफसर के परिवार का बुरा हाल

नईदिल्ली, एजेंसी।
दो दिन पहले भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने कहा था कि वह इस फैसले से बेहद हैरान है और इस मामले में सभी कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ये सभी आठ भारतीय नागरिक अल दाहरा कंपनी के कर्मचारी हैं जिन्हें पिछले साल जासूसी के कथित मामले में हिरासत में ले लिया गया था। अब भारत में इन कर्मियों के परिवार बेहद चिंतित और परेशान हैं। विशाखापत्तनम के पूर्व नौसेना अधिकारी पी सुगुनाकर के परिवार के सदस्यों ने कहा कि कतर की एक अदालत द्वारा उन्हें और सात अन्य पूर्व भारतीय नौसेना कर्मियों को मौत की सजा सुनाए जाने के बाद वे हैरान और परेशान थे। हम सभी संकट में हैं, और इस खबर से टूट गए हैं। उनकी पत्नी वैजयंती और उनके बेटे और बेटी सदमे में हैं और बीमार हैं। वे डर में जी रहे हैं। उन्हें नहीं पता कि क्या करना है। सबसे बुरी बात यह है कि वे नहीं जानते कि उन्होंने खता क्या की है। आठ पूर्व नौसेना अधिकारियों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया गया है। चक्रवर्ती ने कहा, परिवार केंद्र (सरकार) से कतर के साथ इस मुद्दे को उठाने और उसकी और अन्य लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह कर रहा है। यह उनकी पत्नी और दो बच्चों के लिए नरक जैसा है, जिन्हें उनके बारे में कुछ भी नहीं पता है। उन्होंने कहा, क्या चल रहा है, इसकी जानकारी लेने के लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने की कोशिश कर रहे हैं। एक अन्य पूर्व नौसेना अधिकारी और सुगुनाकर के मित्र ने कहा कि वह विशाखापत्तनम में रक्षा कर्मियों के बीच अच्छी तरह से जाने जाते हैं और अत्यधिक सम्मानित हैं। मित्र ने कहा कि सुगुनाकर ने आईएनएस तरंगिनी सेल जहाज पर सवार होकर भूमध्य रेखा को दो बार पार किया। उनके परिवार ने कहा कि सुगुनाकर के माता-पिता, दोनों शिक्षकों थे। सुगुनाकर 18 साल की उम्र के तुरंत बाद नौसेना में शामिल हो गए और नौसेना इंजीनियरिंग कोर में काम किया। उन्होंने नेवल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक (मैकेनिकल) की उपाधि प्राप्त की, और डिफेंस सर्विसेज कॉलेज, वेलिंगटन से रक्षा और रणनीतिक अध्ययन में एमएससी भी की। उनके परिवार के अनुसार, वह नवंबर 2013 में रिटायर हुए और दोहा स्थित अल दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज में शामिल होने से पहले कुछ महीनों तक हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड के लिए काम किया।

पोर्टलधारी गठबंधन सरकार किसानों के लिए बनती जा रही है परेशानी का सबब: सैलजा

चंडीगढ़, एजेंसी।
पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने कहाकि पोर्टलधारी भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार प्रदेश के हर वर्ग के हर व्यक्ति कर्मचारी के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है, किसान तो इस सरकार की नीतियों के चलते सिर पकडकर बैठा हुआ है जो इस समय मानसिक और आर्थिक तौर से टूट चुका है। डबवाली क्षेत्र के किसानों ने मेरा फसल मेरा ब्यौरा के तहत फसलों का पंजीकरण करवाया था वह पंजीकरण कैथल, पलवल और अन्य जिलों में दिखा रहा है जिसके चलते न तो किसान अपनी फसल बेच पा रहा है और न ही गुलाबी सुंडी से बर्बाद हुई कपास की फसल का उसे मुआवजा मिल पाएगा। सरकार के जनविरोधी रवैये के चलते जनता में सरकार के प्रति आक्रोश है और जनता आगामी चुनाव में इस सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार हो चुकी है। मीडिया को जारी एक बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की भाजपा-जजपा गठबंधन की पोर्टलधारी सरकार की पोल दिन प्रति दिन परत दर परत खुलती जा रही है। एक के बाद एक फर्जीवाड़ा और

घोटाला सामने आ रहा है। सरकार के शोषित और पीड़ित व्यक्ति अपनी शिकायत को लेकर अधिकारियों और कर्मचारियों पास जाता हैं पर उसकी कोई सुनवाई नहीं होती और उच्चाधिकारी या सरकार के विधायक, मंत्री और मुख्यमंत्री केवल आश्वासन देकर उसे टरका देते हैं। उन्होंने कहा कि इस सरकार ने किसानों को परेशान करने के लिए उसके साथ पोर्टल-पोर्टल खेलना शुरू हुआ। पहले तो किसानों को मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल के पंजीकरण के लिए भटकना पड़ता है और जब पंजीकरण पूरा हुआ तो पता चला कि पंजीकरण किसी दूसरे जिले में दिखाया जा रहा है। डबवाली क्षेत्र की फसल का ब्यौरा कैथल, पलवल और गुरुग्राम में पाया जा रहा है। किसान इसकी लगातार शिकायत कर रहे हैं लेकिन सरकार इस समस्या का कोई समाधान निकालने में असमर्थ रही। किसान वर्ग इस दफ्तर से उस दफ्तर चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन, सरकार से उन्हें निराशा के आलावा कुछ नहीं मिला। सरकार के इसी रवैये की वजह से हरियाणा की जनता में आक्रोश फैला हुआ है एवं जनता आगामी चुनाव में भाजपा सरकार को सबक सिखाने के लिए तैयार हो चुकी है। उन्होंने कहा है कि सिरसा जिला के डबवाली उपमंडल के गांव शेरगढ़ निवासी जसबीर सिंह भाटी जो राष्ट्रीय किसान संगठन के प्रदेशाध्यक्ष है ने अपनी 4 एकड़ भूमि में कपास की फसल बीजी थी। उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर फसल का पंजीकरण करवाया था, वे फसल बेचने मंडी में गए तो पता चला कि उनकी फसल का पंजीकरण जिला पलवल में दिखाया जा रहा है यानि वे सिरसा में फसल नहीं बेच सकते थे। इस खामी के चलते उन्हें गुलाबी सुंडी से बर्बाद हुई कपास की फसल का मुआवजा भी नहीं मिल सकेगा।

भीलवाड़ा में नहीं थम रहा विरोध: भाजपा कार्यकर्ताओं की बगावत

भीलवाड़ा, एजेंसी। जिले की कई विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के कार्यकर्ता सड़कों पर पार्टी प्रत्याशियों के खिलाफ बगावत पर उतर आए हैं। भीलवाड़ा शहर, आसीन्द, माण्डलगढ एव सहाड़ा विधानसभा के अधिकृत प्रत्याशियों के खिलाफ पिछले कई दिनो से पार्टी के कार्यकर्ता सार्वजनिक तौर पर बैठकें आयोजित कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। साथ ही प्रदेश नेतृत्व को चेतावनी दे रहे है कि अगर पार्टी प्रत्याक्षी परिवर्तित नहीं किए गए तो निर्दलीय उम्मीदवार खड़े किए जाएंगे।

शनिवार को आसीन्द विधानसभा क्षेत्र के कालियास गांव में गुलाबपुरा नगर पालिका के पूर्व चेयरमैन धनराज गुर्जर, शक्ति सिंह कालियास, तेजवीर सिंह, मनफुल चौधरी, हरजीराम सिंह सहित कई भाजपा नेताओं ने सैंकड़ों की कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कहा कि उन्हें पार्टी प्रत्याशी जब्बर सिंह मंजूर नही हैं। टिकट नहीं बदला तो सभी मिलकर एक निर्दलीय प्रत्याक्षी मैदान में उतारेंगे।

ऐसी ही स्थिति मांडलगढ

बिहार में गठबंधन सहयोगी होने के बावजूद कांग्रेस को नीतीश से ज्यादा भरोसा लालू पर

पटना, एजेंसी।
बिहार में भले ही राष्ट्रीय जनता दल (राजद), जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और कांग्रेस सहित कई दल मिलकर सरकार चला रहे हों, लेकिन कांग्रेस अभी भी लालू प्रसाद को ही भरोसेमंद मानती है। हाल के दिनों में प्रदेश की सियासत में कई तस्वीर ऐसी सामने आई हैं, जिससे इस बात को बल मिलता है कि राजद और कांग्रेस नीतीश कुमार पर आंख बन्द कर विश्वास करने की स्थिति में नहीं है।इधर, जदयू ने भी मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशियों को उतार कर यह साफ कर दिया है कि उनकी रणनीति बदलती रहती है। ऐसे में कांग्रेस को जदयू पर संशय बरकरार है। वैसे, कहा यह भी जा रहा है कि नीतीश कुमार ने जिस तरह मोतिहारी के महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह में भाजपा की तारीफ करते हुए बयान दिया था, उसके बाद कांग्रेस और राजद सतर्क हो गई है।इसके बाद जब जदयू ने मध्य प्रदेश चुनाव में 10 प्रत्याशियों को उतारकर अपनी रणनीति के संकेत दिए तो राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय में आयोजित पहले मुख्यमंत्री श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में शामिल होकर नीतीश कुमार की पार्टी को समझाने में देरी नहीं की।इसमें कोई शक नहीं कि दशकों से अधिक समय तक राजद और कांग्रेस

बिहार ही नहीं केंद्र की राजनीति में भी एक साथ कदमताल करती रही है। कांग्रेस और राजद की नजदीकी का अंदाजा इससे भी लगाया जा सकता है कि विपक्षी दलों को एकजुट करने में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई, लेकिन लालू प्रसाद ने कांग्रेस के राहुल गांधी को दुल्हा और सभी को बराती बनने की बातकर विपक्षी दलों के गठबंधन के नेता बनाए जाने के संकेत दे दिए।जदयू के नेता भी मानते हैं कि राजद और कांग्रेस के बीच अच्छी समझ को नकारा नहीं जा सकता। बिहार के मंत्री और जदयू के नेता अशोक चौधरी से जब आठ साल बाद लालू प्रसाद के कांग्रेस प्रदेश कार्यालय जाने और श्री कृष्ण सिंह की जयंती समारोह में भाग लेने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बेबाक अंदाज में कहा कि राजद और कांग्रेस में अच्छी अंडरस्टैंडिंग है। दोनों दल मिलकर लंबे समय से काम कर रहे हैं।इधर, कहा जाता है कि जदयू की मध्य प्रदेश में भले पकड़ नहीं हो, लेकिन जदयू ने जिन 10 क्षेत्रों में अपने प्रत्याशी उतारने की घोषणा की है उसमे वे कांग्रेस का खेल बिगाड़ सकते हैं।राजद के एक नेता ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर कहा कि 2015 में जिस तरह नीतीश कुमार ने राजद से मिलकर सरकार बनाई और फिर अलग हो गए, उसे राजद नहीं भूल सकी है। उन्होंने यह भी कहा कि नीतीश कुमार कब क्या निर्णय लें यह वो भी नहीं जानते।

अमेरिकी राष्ट्रपति के घर के ऊपर दिखा संदिग्ध विमान, फाइटर जेट ने भरी उड़ान तो टला बड़ा हादसा

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के डेलावेयर स्थित आवास के ऊपर शनिवार को एक संदिग्ध विमान देखा गया। जैसे ही राष्ट्रपति के आवास के आसपास संदिग्ध विमान दिखा तो किसी भी खतरे से निपटने के लिए अमेरिका के फाइटर जेट्स ने तुरंत उड़ान भरी लेकिन पता चला कि संदिग्ध विमान एक नागरिक विमान है और गलती से प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में दाखिल हो गया था। बाद में नागरिक विमान सुरक्षित पास के हवाई अड्डे पर उतर गया। यदि थोड़ी और देर हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। अमेरिका के फॉक्स न्यूज ने यूनाइटेड स्टेट्स सीक्रेट सर्विस के चीफ ऑफ कम्युनिकेशन एंथनी गुगलेमी के हवाले से यह जानकारी दी। गुगलेमी ने बताया कि जैसे ही राष्ट्रपति आवास के पास प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में विमान दाखिल हुआ तो एहतियात के तौर पर तुरंत फाइटर जेट्स ने उड़ान भरी लेकिन जल्द ही नागरिक विमान प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर निकल गया और सुरक्षित हवाई अड्डे पर उतर गया। घटना के वक्त जो बाइडन घर पर ही मौजूद थे। हालांकि इस घटना से अमेरिकी राष्ट्रपति की मूवमेंट प्रभावित नहीं हुई। फिलहाल अमेरिका की सीक्रेट सर्विस और फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

अमेरिकी अदालत ने कैलिफोर्निया हमले के हथियारों पर लागू रखा प्रतिबंध

लॉस एंजेल्स , एजेंसी। एक अमेरिकी अपील अदालत ने शनिवार को फैसला सुनाया कि कैलिफ़ोर्निया का हमला हथियारों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। जबकि राज्य के अटॉर्नी जनरल ने 30 साल पुराने उपाय को असंवैधानिक घोषित करने वाले निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की है। 9वें यूएस सर्किट कोर्ट ऑफ अपील्स के एक विभाजित तीन-न्यायाधीश पैनल ने पिछले सप्ताह अमेरिकी जिला न्यायाधीश रोजर बेनिटेज़ द्वारा जारी निषेधाज्ञा को प्रभावी होने से रोक दिया, जबकि मामले की अभी भी समीक्षा की जा रही है। पैनल ने सर्वसम्मति से इस बात पर भी सहमति व्यक्त की कि बंदूक कानून के समर्थन में राज्य अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा की अपील पर उसके गुण-दोष के आधार पर त्वरित आधार पर सुनवाई की जाएगी। बेनिटेज ने बंदूक अधिकारों की वकालत करने वालों से सहमति व्यक्त की कि हमले के हथियारों पर प्रतिबंध ने कानून का पालन करने वाले नागरिकों को एआर -15 जैसे अर्ध-स्वचालित आग्नेयास्त्रोंसे वंचित कर दिया, जो दूसरे संशोधन द्वारा गारंटीकृत हथियार रखने और धारण करने का संवैधानिक अधिकार है। इसी तरह के एक मामले में, पूर्ण अपील अदालत ने पाया कि अटॉर्नी जनरल के योग्यता के आधार पर सफल होने की संभावना थी और अगर स्टे नहीं दिया गया तो कैलिफोर्निया को अपूरणीय क्षति हुई है। हालांकि, 9वें सर्किट पैनल ने 2-1 के बहुमत से न्यायाधीश के आदेश पर रोक लगा दी।

'फ्रेंड्स फेम अभिनेता मैथ्यू पेरी का निधन, बाथटब में डूबने से हुई मौत

वाशिंगटन, एजेंसी।
मशहूर टेलीविजन धारावाहिक ''फ्रेंड्स में चैंडलर बिंग की भूमिका निभाकर अंतरराष्ट्रीय ख्याति हासिल करने वाले अभिनेता मैथ्यू पेरी का निधन हो गया है। वह 54 वर्ष के थे। 'लॉस एंजिलिस टाइम्स और सिलेब्रिटी वेबसाइट 'टीएमजेड के अनुसार, एमी पुरस्कार के लिए नामांकित अभिनेता लॉस एंजिलिस में अपने घर में शनिवार को बाथटब में डूबने से मृत पाए गए।

दोनों समाचार संगठनों ने अज्ञात सूत्रों के हवाले से पेरी के निधन की जानकारी दी। पेरी के प्रचारक और अन्य प्रतिनिधियों ने अभी अभिनेता के निधन की खबर पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ''फ्रेंड्स के 10 सीजन में पेरी के अभिनय ने उन्हें हॉलीवुड के सबसे मशहूर अभिनेताओं में से एक बना दिया था। चैंडलर की भूमिका में उन्होंने जॉय और रॉस के एक व्यंग्यात्मक लेकिन असुरक्षित और मानसिक रूप से परेशान 'रूममेट

की भूमिका निभायी थी। यह सीरीज टेलीविजन के सबसे हिट धारावाहिकों में से एक थी और युवाओं ने इसे काफी पसंद किया था। यह सीरीज 1994 से 2004 तक प्रसारित की गयी थी। पेरी को ''फ्रेंड्स में उनकी भूमिका के लिए एमी पुरस्कार के लिए नामांकित भी किया गया था। मैथ्यू पेरी का जन्म 19 अगस्त 1969 को अमेरिका केविलियम्सटाउन में हुआ था. छोटी उमर में बड़े सपने देखने वाले मैथ्यू पेरी ने अपने करियर की शुरुआत कम उमर में ही कर दी थी। उन्होंने टीवी में छोटे रोल कर अपने अभिनय के करियर कि शुरुआत की थी। 1987-1988 में ब्वॉइज विल बी ब्वॉइज नामक शो में उनके चैज रसेल के किरदार को लोगों ने खुब प्यार दिया था। जिसकी वजह से वे हॉलीवुड में काफी पॉपुलर हो गए। इसके बाद ग्रोइंग पेन्स और सिडनी जैसे शो में शो ने उनके करियर को एक नयी पहेचान दी। लेकिन 1994 में आये शो फ्रेंड्स ने उनके करियर को एक अलग दिशा दी।

डोनाल्ड ट्रंप का फिर से राष्ट्रपति बनना अमेरिका के लिए खतरा, निक्की हेली बोलीं- यूएस को सही कप्तान की जरूरत

वॉशिंगटन , एजेंसी।
रिपब्लिकन पार्टी की राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर निशाना साधा। निक्की हेली ने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप साल 2024 में होने वाले चुनाव में जीतते हैं तो चार साल के लिए देश में अराजकता फैल सकती है। जो अमेरिका के लिए खतरनाक साबित होगा।

निक्की हेली ने कहा कि अमेरिका को एक ऐसे कप्तान की जरूरत है, जो स्थिर रखेगा न कि इसे डूबोने की कोशिश करेगा। लास वेगास में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की आलोचना करते हुए उन्होंने यह बात कही। हालांकि, इस दौरान उन्होंने इजरायल समर्थक नीतियों के लिए ट्रंप को श्रेय भी दिया। एक सवाल के जवाब में हेली ने कहा कि हम जीवन के सबसे खतरनाक दौर से गुजर रहे हैं। उन्होंने इजरायल-हमास और यूक्रेन युद्ध का जिक्र करते हुए कहा कि दुनिया जल रही है। मेरे लिए युद्ध रोकने, शांति बनाए रखने और अमेरिकी लोगों की रक्षा करने से ज्यादा कुछ भी मायने नहीं रखता है।

हेली ने रिपब्लिकन यहूदी गठबंधन को संबोधित करते हुए कहा कि इतिहास में यह बात दर्ज होगी कि डोनाल्ड ट्रंप इजरायल समर्थक राष्ट्रपति थे और ईरान समझौते से बाहर होना जरूरी था। उन्होंने कहा कि

यरुशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता देना उनकी एक बड़ी गलती थी। मुझे राष्ट्रपति ट्रंप को उस बात का श्रेय देने में खुशी है, जिसके वो हकदार हैं। उन्होंने ट्रंप का जिक्र करते हुए कहा कि हमें अपनी स्वतंत्रता की रक्षा करनी चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए। हम चार साल तक अराजकता, प्रतिशोध और ड्रामा नहीं देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी उस राह पर चलने का जोखिम नहीं उठा सकते हैं। हमें एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो यह भी जानता हो कि चीजों को सही कैसे किया जाए।

कुर्रम में जारी हिंसा में तीन अन्य लोगों की मौत, पांच घायल; अब तक कुल 18 लोगों ने गंवाई जान

इस्लामाबाद, एजेंसी। कुर्रम आदिवासी जिले में विभिन्न स्थानों पर शनिवार को पांचवें दिन भी गोलीबारी की घटनाएं जारी रहीं। इस घटना में तीन और लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए। पाकिस्तान स्थित डॉन की रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी गई है।

चल रही झड़पें बश्खेल, बोश्राह, पेवरहा, त्रि मेंगल, कंज अलीजई और अन्य क्षेत्रों सहित विभिन्न स्थानों पर सामने आई। टकराव में शामिल समूहों के बीच भारी हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया था।

डॉन के मुताबिक, सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद वीडियो वायरल होने के बाद मंगलवार से हिंसक झड़पें शुरू हुईं, जिसमें

18 लोगों की जान चली गई और 35 अन्य घायल हो गए हैं। वीडियो की दोनों समूहों द्वारा कड़ी निंदा की गई और जिले में दो समूहों के बीच झड़पें शुरू हो गईं। स्थानीय अधिकारियों ने जिले में सड़क बंद होने, परिवहन बंद होने और सेलुलर नेटवर्क सेवाओं के रुकने की सूचना दी। शैक्षणिक संस्थानों को भी अपने दरवाजे बंद करने के लिए मजबूर होना पड़ा। कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर सैयद सैफुल इस्लाम ने समाचार एजेंसी डॉन को बताया, युद्ध विराम के लिए प्रयास जारी है, हंगू और ओरकजई जिलों के जिरगा सदस्य मुद्दे को सुलझाने के लिए बातचीत में लगे हुए हैं। इस बीच, जिरगा सदस्यों ने इस बात पर जोर दिया कि उनकी प्राथमिकता युद्ध विराम सुनिश्चित करना और क्षेत्र से बंकरों को साफ करना है। बाजार बंद होने के कारण स्थानीय निवासियों को रोजमर्रा की वस्तुओं की कमी का सामना करना पड़ा है। स्थानीय लोग सरकार से सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह कर रहे हैं। गुरुवार को, स्थानीय बुजुर्ग और अधिकारी युद्धरत गुटों के बीच युद्ध विराम पर बातचीत करने के प्रयास में इकट्ठा हुए। हालांकि, यह प्रक्रिया तब बाधित हो गई जब लोअर कुर्रम के चारखेल इलाके में पुलिस की सुरक्षा में चल रहे दो वाहनों के एक काफिले पर हमला हो गया, जिसके परिणामस्वरूप चार लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129